# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी


एनसीपी नेता और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का चार्टर्ड विमान क्रैश, हादसे में पवार, उनके सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रू मेंबर समेत 5 लोगों की जान गई



अजित पवार
जन्म 22 जुलाई 1959 मृत्यु 28 जनवरी 2026



विमान क्रैश होते ही आग का गोला बना



पीएम नरेंद्र मोदी ने दुख जताया-गरीबों-वंचितों को सशक्त बनाने का उनका जुनून उल्लेखनीय था

# मौत का वो एक मिनट... पहले रनवे नहीं दिखा, विमान ऊंचाई पर चला गया.. बाद में रनवे दिखा लेकिन 5 जिंदगियां ओझल हो गईं

एजेंसी ▶▶ बारामती/नई दिल्ली

बुधवार सुबह ही महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का निधन हो गया है। बुधवार सुबह 8.44 बजे बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान उनका चार्टर्ड प्लेन क्रैश हो गया। वे 66 साल के थे। हादसे में पवार के सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रू मेंबर समेत 5 लोगों की जान गई। पवार महाराष्ट्र पंचायत चुनाव के लिए जनसभा को संबोधित करने बारामती जा रहे थे। वे मुंबई से सुबह 8.10 बजे रवाना हुए थे। महाराष्ट्र एविएशन डिपार्टमेंट के मुताबिक पायलट ने सुबह 8.43 बजे बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग की कोशिश की थी, लेकिन रनवे साफ दिखाई नहीं दिया तो वह विमान को दोबारा ऊंचाई पर ले गया। अधिकारियों के अनुसार यह एक क्रैश लैंडिंग थी, जिसमें विमान को गंभीर क्षति पहुंची। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन, पुलिस और ▶▶ शेष पेज 14 पर

*सुबह 8 बजकर 43 मिनट पर विमान को रनवे 11 पर उतरने की मंजूरी दे दी गई। पायलट ने लैंडिंग की मंजूरी मिलने की कोई सूचना वापस नहीं दी। ठीक एक मिनट बाद 8 बजकर 44 मिनट पर हवाई अड्डे के कर्मचारियों ने रनवे 11 के पास आग की लपटें देखीं। विमान का मलबा रनवे के बाईं ओर पाया गया। विमान पूरी तरह फिट था और उसमें कोई तकनीकी खराबी नहीं थी*



डिप्टी सीएम की आखिरी फोटो



सीएम फडणवीस एवं एकनाथ शिंदे ने परिवार को सांत्वना दी

- *पवार महाराष्ट्र पंचायत चुनाव के लिए जनसभा को संबोधित करने बारामती जा रहे थे*
- *शुरुआती जांच में हादसे की वजह खराब मौसम और कम विजिबिलिटी को बताया जा रहा*
- *आज सुबह 11 बजे पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया जाएगा*
- *महाराष्ट्र में तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा*

## बारामती विमान हादसे में इन लोगों ने गंवाई जान?

### अजित पवार (उप मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र)

वह पहली बार 1991 में बारामती संसदीय क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए और बाद में उन्होंने अपने चाचा शरद पवार के लिए यह सीट खाली कर दी। वे बारामती विधानसभा क्षेत्र से सात बार महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुने गए। उन्होंने ▶▶ शेष पेज 14 पर



### कैप्टन शांभवी पाठक (सह-पायलट)



शांभवी पाठक ने ग्वालियर के एयरफोर्स स्कूल से पढ़ाई की और वहीं से उड़ान भरने का सपना देखा। इसके बाद उन्होंने मुंबई यूनिवर्सिटी से एयरोनॉटिक्स और ▶▶ शेष पेज 14 पर

### पिंकी माली (फ्लाइट अटेंडेंट)

फ्लाइट अटेंडेंट पिंकी माली मूल रूप से जौनपुर जिले के केराकत तहसील की रहने वाली थीं। पिंकी पिछले पांच-छह वर्षों से फ्लाइट अटेंडेंट के तौर पर काम कर रही थीं। ▶▶ पढ़ें पेज 03 व 07 भी


MSN माता श्री नेत्रालय
1984 से निरंतर सेवा...
मल्टीस्पेशलिटी नेत्र संस्थान
माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत...
नेत्र सेवा में विश्वास
डॉ. पी.एस. बिन्द्रा
M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.
डॉ. प्रीति बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FCRS लेजर विशेषज्ञ
डॉ. वाहवीर बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FRVS रेटिना विशेषज्ञ
जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल
समय : सुबह 10.30-3 बजे तक शाम 4.30-6.30 बजे (रविवार अवकाश)
फोन : 0755-2562222, 2562233
मो.: 9826084896



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## चांदी ने तोड़ा रिकॉर्ड, 4 लाख रुपए पहुंचा भाव



नई दिल्ली। चांदी के दाम ने नया रिकॉर्ड बना लिया है। बुधवार को चांदी का भाव 4 लाख रुपए प्रति किलो के स्तर तक पहुंच गया है। बीते कुछ दिनों से चांदी की कीमतों में लगातार उछाल देखा जा रहा है। शादी-विवाह के सीजन के शुरू होने से पहले फिर चांदी की कीमत में तेजी है। चांदी के भाव में अलग-अलग शहरों में अंतर है।

### उधर, जयपुर एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला

## रनवे छूते ही वापस उड़ा एयर इंडिया का विमान... कांग्रेस प्रदेश प्रभारी थे सवार

*विमान में सवार यात्रियों ने राहत की सांस ली*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली से जयपुर आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-1719 की लैंडिंग अस्थिर अप्रोच के कारण फेल हो गई। पायलट ने गो-अराउंड किया। करीब 10 मिनट बाद सुरक्षित लैंडिंग हुई। विमान में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा सवार थे। दिल्ली से जयपुर पहुंची एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-1719 की लैंडिंग फेल होने से बुधवार दोपहर यात्रियों में



फाइल फोटो

दहशत फैल गई। दोपहर करीब 1:05 बजे विमान ने जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंडिंग का प्रयास किया, लेकिन रनवे को टच करते ही पायलट ने आखिरी क्षणों में फैसला बदलते हुए विमान को दोबारा हवा में उठा लिया। लैंडिंग के दौरान अस्थिर अप्रोच की स्थिति बन गई थी। यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता ▶▶ शेष पेज 14 पर

### पहले भी फेल हो चुकी है लैंडिंग

इस फ्लाइट में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी सवार थे। घटना के दौरान कुछ देर के लिए यात्रियों में चिंता का माहौल रहा, हालांकि किसी तरह की अनहोनी नहीं हुई। यदि पायलट को किसी भी ▶▶ शेष पेज 14 पर

### सीजेआई बोले- हमें पता है क्या हो रहा?

## यूजीसी के नए रेगुलेशन के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

*याचिका में कहा गया कि इस रेगुलेशन में जाति आधारित भेदभाव की परिभाषा गैर-समावेशी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) के एक रेगुलेशन का विवाद सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। अब सुप्रीम कोर्ट में इसकी सुनवाई





होगी। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति दे दी, जिसमें यूजीसी के रेगुलेशन को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि इस रेगुलेशन में जाति-आधारित भेदभाव की परिभाषा गैर-समावेशी है और यह कुछ खास कैटेगरी को संस्थागत सुरक्षा से बाहर रखता है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने एक वकील की दलीलें ▶▶ शेष पेज 14 पर

### नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का विवादित बयान

### कहा- रामायण में उल्लेख: शबरी भील समाज से थीं

## हनुमान, बाली व सुग्रीव गोंड-कोल-कोरकू आदिवासी, गोंड धर्म ग्रंथ का भी किया जिक्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि भगवान श्रीराम के वनवास काल में साथ देने वाली वानर सेना आदिवासी परंपरा से जुड़ी थी और यह बात केवल मान्यता नहीं बल्कि आदिवासी समाज के धार्मिक ग्रंथों में दर्ज ऐतिहासिक तथ्य है। सिंघार ने कहा कि वे हमेशा प्रमाण, इतिहास और तथ्यों के आधार पर अपनी बात रखते हैं, न कि अंधविश्वास या राजनीतिक सुविधा के अनुसार। उन्होंने गोंड धर्म के ग्रंथ सद्विचार के पृष्ठ संख्या 10 का हवाला देते हुए बताया कि उसमें स्पष्ट उल्लेख है कि बाली, सुग्रीव, अंगद और महावीर हनुमान जैसे वानर वीर ▶▶ शेष पेज 14 पर



### भाजपा को दी चुनौती

नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा नेताओं को चुनौती देते हुए कहा कि यदि वे ईमानदारी से इतिहास और धर्मग्रंथों के पन्ने पलटें, तो इन तथ्यों को झूठ कहने का साहस नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा यह मानने को तैयार नहीं है कि हनुमान जी सहित वानर सेना आदिवासी परंपरा से जुड़ी थी, तो उन्हें गोंड समाज से उनके धर्मग्रंथों के बारे में पूछना चाहिए। किसी भी ▶▶ शेष पेज 14 पर

**मानव की उत्पति वानर वंश से हुई**

*सिंघार ने विज्ञान का हवाला देते हुए कहा कि मानव विकास की प्रक्रिया भी इस सांस्कृतिक सत्य की पुष्टि करती है। होमोसेपियंस शब्द यह संकेत देता है कि मानव की उत्पति वानर वंश से जुड़ी विकासात्मक प्रक्रिया से संबंधित है, जो कोई राजनीतिक बयान नहीं बल्कि वैज्ञानिक निष्कर्ष है।*






नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री






डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री

# किसान कल्याण स्वाभिमान पर्व क्विज

## मध्यप्रदेश के किसानों के लिए देश में पहले पहल

## पुरस्कार ही पुरस्कार



प्रथम पुरस्कार
55 ट्रेक्टर

द्वितीय पुरस्कार
55 बुलेट



तृतीय पुरस्कार
55 ई-स्कूटी



एवं अन्य पुरस्कार

**किसान कल्याण स्वाभिमान वर्ष में प्रदेश के विविध अंचलों - बुंदेलखंड, बघेलखंड, निमाड़, मालवा व महाकौशल में आयोजित होने वाले लोकरंग आयोजनों के अवसर पर संबंधित जिलों के किसानों को लॉटरी प्रकिया के माध्यम से पुरस्कार वितरित किये जायेंगे**

1. मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का मुख्य उद्देश्य क्या है?
A. मुफ्त बीज देना B. किसानों को नकद सहायता देना
C. ट्रैक्टर देना D. फसल बीमा करना

2. मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत किसानों को साल में कितनी राशि मिलती है?
A. ₹2000 B. ₹4000
C. ₹6000 D. ₹8000

3. मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की राशि कितनी किस्तों में दी जाती है?
A. 1 B. 2
C. 3 D. 4

4. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में सालाना कितनी राशि मिलती है?
A. ₹4000 B. ₹5000
C. ₹6000 D. ₹8000

5. पीएम किसान योजना की राशि कितनी किस्तों में मिलती है?
A. 1 B. 2
C. 3 D. 4

6. भावांतर भुगतान योजना किस लिए शुरु की गई थी?
A. बीज वितरण B. फसल बीमा
C. फसल का उचित दाम दिलाने के लिए D. सिंचाई के लिए

7. भावांतर योजना में किसका भुगतान किया जाता है?
A. बीज का पैसा B. खाद का पैसा
C. बाजार और समर्थन मूल्य का अंतर D. बीमा राशि

8. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का उद्देश्य क्या है?
A. मुफ्त खाद देना B. फसल नुकसान की भरपाई
C. सिंचाई सुविधा D. ट्रैक्टर देना

9. फसल बीमा योजना में नुकसान होने पर क्या मिलता है?
A. बीज B. खाद
C. मुआवजा राशि D. लोन

10. मध्य प्रदेश में गेहूं की खरीदी कहां की जाती है?
A. बैंक में B. मंडी में
C. सहकारी समिति में D. अस्पताल में

11. न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) किसके लिए होता है?
A. व्यापारियों के लिए B. सरकार के लिए
C. किसानों के लिए D. मजदूरों के लिए

12. किसान क्रेडिट कार्ड का उपयोग किस लिए होता है?
A. यात्रा के लिए B. खेती के खर्च के लिए लोन
C. मोबाइल रिचार्ज D. बीमा के लिए

13. किसान क्रेडिट कार्ड से ऋण पर किस दर से ब्याज लगता है?
A. बहुत ज्यादा - 10% B. सामान्य - 8.5%
C. कम -7% D. नहीं लगती -0%

14. मुख्यमंत्री सोलर पंप योजना किस लिए है?
A. बिजली बिल बढ़ाने के लिए B. सौर ऊर्जा से सिंचाई के लिए
C. ट्रैक्टर चलाने के लिए D. पानी पीने के लिए

15. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना का उद्देश्य क्या है?
A. खेती को बढ़ावा देना B. किसानों को ऋण उपलब्ध कराना
C. स्कूल बनाना D. अस्पताल बनाना

16. मृदा स्वास्थ्य कार्ड किस बारे में जानकारी देता है?
A. पानी की B. फसल की
C. मिट्टी की गुणवत्ता D. मौसम की

17. मृदा स्वास्थ्य कार्ड से क्या लाभ होता है?
A. सही खाद की जानकारी B. बीज मुफ्त मिलता है
C. ट्रैक्टर मिलता है D. बीमा मिलता है

18. किसान पंजीयन क्यों जरूरी है?
A. नौकरी के लिए B. योजना का लाभ लेने के लिए
C. मोबाइल लेने के लिए D. बीमा बंद करने के लिए

19. फसल खरीदी के लिए पंजीयन कहां होता है?
A. थाना B. पंचायत
C. सहकारी समिति D. अस्पताल

20. जैविक खेती को बढ़ावा देने की योजना किस लिए है?
A. रसायन बढ़ाने के लिए B. प्राकृतिक खेती के लिए
C. मशीन खरीदने के लिए D. सड़क बनाने के लिए

21. ड्रिप सिंचाई योजना किस लिए है?
A. बारिश बढ़ाने के लिए B. पानी बचाने के लिए
C. बीज बोने के लिए D. फसल काटने के लिए

22. स्प्रिंकलर योजना का लाभ क्या है?
A. ज्यादा पानी खर्च B. कम पानी में सिंचाई
C. बीज मुफ्त D. खाद मुफ्त

23. किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग किससे जुड़ा है?
A. शिक्षा B. स्वास्थ्य
C. खेती D. पुलिस

24. मंडी में फसल बेचने से क्या फायदा होता है?
A. कम दाम B. सही तौल और दाम
C. नुकसान D. देर से भुगतान

25. ई-नाम योजना का उद्देश्य क्या है?
A. ऑनलाइन खरीद-बिक्री B. बीज वितरण
C. लोन माफी D. बीमा बंद करना

26. प्राकृतिक आपदा में किसान को क्या मिलता है?
A. सजा B. टैक्स
C. मुआवजा D. जुर्माना

27. लोन माफी योजना किसके लिए होती है?
A. व्यापारी B. मजदूर
C. किसान D. डॉक्टर

28. कृषि यंत्र अनुदान योजना किस लिए है?
A. घर बनाने के लिए B. मशीन खरीदने के लिए सहायता
C. मोबाइल खरीदने के लिए D. दवा खरीदने के लिए

29. बीज वितरण योजना का लाभ क्या है?
A. महंगे बीज B. सस्ते और अच्छे बीज
C. बीज नहीं मिलता D. नुकसान

30. किसान मोबाइल ऐप किस लिए है?
A. गेम खेलने के लिए B. खेती की जानकारी के लिए
C. फिल्म देखने के लिए D. चैट के लिए

31. मौसम आधारित सलाह किसके लिए होती है?
A. डॉक्टर B. छात्र
C. किसान D. व्यापारी

32. कृषि विस्तार अधिकारी का काम क्या है?
A. पुलिस काम B. खेती की सलाह देना
C. टैक्स लेना D. टिकट काटना

33. किसान प्रशिक्षण केंद्र का उद्देश्य क्या है?
A. खेल सिखाना B. खेती की नई तकनीक सिखाना
C. गाड़ी चलाना D. सिलाई

34. सहकारी समिति का मुख्य काम क्या है?
A. पढ़ाई B. खेती सहायता
C. इलाज D. यात्रा

35. बीज ग्राम योजना किस लिए है?
A. घर बनाने के लिए B. गांव में बीज उत्पादन के लिए
C. सड़क बनाने के लिए D. स्कूल खोलने के लिए

36. प्रधानमंत्री सिंचाई योजना का उद्देश्य क्या है?
A. हर खेत को पानी B. हर घर को बिजली
C. हर गांव को सड़क D. हर शहर को गैस

37. फसल प्रदर्शन योजना किस लिए है?
A. खेल B. नई किस्म दिखाने के लिए
C. नाच D. गाना

38. कृषि मेले का उद्देश्य क्या है?
A. मनोरंजन B. खेती की जानकारी देना
C. खरीदारी D. पढ़ाई

39. गोपालन योजना किससे जुड़ी है?
A. मुर्गी B. मछली
C. गाय-भैंस D. बकरी

40. पशुपालन विभाग किसके लिए है?
A. फसल B. जानवर
C. सड़क D. पानी

**क्विज में भाग लेने की अंतिम तिथि : 15 मार्च 2026**

**क्विज** की विस्तृत जानकारी के लिए **मध्यप्रदेश** के सभी जिला पंचायत, सभी मंडी कार्यालय तथा सभी किसान विकास केंद्रों में संपर्क करें।

क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए QR कोड स्कैन करें

वीर भारत न्यास

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति संचालनालय, जनसम्पर्क विभाग द्वारा आयोजित

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग. संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी, मध्यप्रदेश शासन

सहभागिता एवं क्रियान्वयन
कृषि उद्योग विकास परिषद्
AGRI INDUSTRIES VIKAS CHAMBER

D-11197/25

भोपाल
गुरुवार, 29 जनवरी 2026
माघ मास शुक्ल पक्ष-11
वर्ष : 12, अंक : 299
पृष्ठ : 18 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 24
न्यून. 12

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

वर्ष 2023- 24 में चयनित हुए थे

## 36 डिप्टी कलेक्टरों को पहली 'पोस्टिंग'

*भोपाल। राज्य सरकार ने वर्ष 2023 तथा 2024 में चयनित राज्य प्रशासनिक सेवा (एसएएस) के 36 अधिकारियों को नई पोस्टिंग का आदेश जारी कर दिया। इन सभी का चयन लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित राज्य सेवा परीक्षा 2023 और 2024 में आयोजित संयुक्त प्रतिस्पर्धा परीक्षा परिणाम के आधार पर किया गया है। इसमें वर्ष 2023 में 24 तथा 2024 में 12 अभ्यर्थियों का चयन डिप्टी कलेक्टर के पद पर किया गया है। यह सभी अधिकारी मप्र के विभिन्न जिलों से हैं।*

*सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक) की ओर से जारी आदेश के अनुसार राज्य प्रशासनिक सेवा में नियुक्ति के लिए मुख्य सूची के गुणानुक्रम में अनुशंसित सभी अधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 2 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर राज्य प्रशासनिक सेवा के कनिष्ठ श्रेणी वेतनमान में डिप्टी कलेक्टर के पद पर अस्थाई रूप से किया गया है। इन सभी अधिकारियों को जीएडी पूल में पदस्थ किया गया है। सभी अधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व एक अनुबंध शासन के पक्ष में निष्पादित करना होगा। इसमें परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण न करने की दशा में उनकी परिवीक्षा अवधि में खर्च वेतन, भत्ते, यात्रा भत्ते एवं अन्य अग्रिम तथा प्रशिक्षण में शामिल सभी खर्चों के वापसी के लिए वे उत्तरदायी रहेंगे। जीएडी कार्मिक ने अपने आदेश में यह भी कहा कि ऐसे डिप्टी कलेक्टर जो पूर्व से किसी सेवा में नियोजित है, उन्हें कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र अथवा विधिवत त्यागपत्र की स्वीकृति अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगी। अन्यथा उन्हें कार्यभार ग्रहण नहीं कराया जाएगा।*

**अहम फैसला:** रिकॉर्डिंग का इस्तेमाल संविधान के आर्टिकल 21 में दिए गए निजता के अधिकार का उल्लंघन नहीं करता

# पति और पत्नी के बीच चुपके से कॉल रिकॉर्डिंग 'तलाक' मामले में होगी मान्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पति-पत्नी के बीच तलाक को लेकर एक अहम टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने साफ किया है कि दंपती के बीच फोन कॉल की चुपके से की गई रिकॉर्डिंग तलाक के मामले में मान्य होगी। शीर्ष अदालत ने इस संबंध में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले को पलट दिया।

कोर्ट ने तय किया कि ऐसी रिकॉर्डिंग डिवोर्स कोर्ट में पेश की जा सकती हैं। साथ ही, उनका इस्तेमाल संविधान के आर्टिकल 21 में दिए गए निजता के अधिकार का उल्लंघन नहीं करता है।



पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले को पलट दिया

### ये था मामला?

अपील करने वाले पति और प्रतिवादी पत्नी की शादी फरवरी 2009 में हुई थी। इनकी बेटी का जन्म मई 2011 में हुआ था। शादीशुदा लाइफ में बढ़ती अनबन के कारण, पति ने 2017 में, हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13 के तहत तलाक लेने के लिए बठिंडा की फैमिली कोर्ट में अर्जी दी। ट्रायल के दौरान, पति ने अपने और अपनी पत्नी के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग को रिकॉर्ड पर लाने की कोशिश की, और ये ▶▶ शेष पेज 14 पर

सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?

### एक टूटे हुए रिश्ते की निशानी

दोनों पक्षों को सुनने के बाद, सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा दिए गए तर्क को खारिज कर दिया। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा वाली बेंच का मानना था कि वैवाहिक बातचीत पर कानूनी ढांचे को नजरअंदाज किया गया, क्योंकि हाई कोर्ट ने निजता के अधिकार पर अधिक ध्यान दिया। अगर शादी ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है जहां पति-पत्नी एक-दूसरे की जासूसी कर ▶▶ शेष पेज 14 पर

यह फैसला विभोर गर्ग बनाम नेहा मामले में जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने दिया था। कोर्ट के सामने दो ऐसी वैल्यूज के बीच टकराव था, जो एक-दूसरे से मुकाबला कर रही थीं। इनमें शादी में प्राइवेसी का अधिकार, और निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार शामिल था। खासकर ऐसे मामलों में जहां क्रूरता के आरोप तब सामने आते हैं जब दरवाजे बंद होते हैं।

आखिरकार 14 जुलाई 2025 को दिए गए फैसले में शीर्ष अदालत ने कहा कि जहां पति-पत्नी एक-दूसरे पर केस कर रहे हैं, वहां शादी के विशेषाधिकार के दावे के बजाए सच्चाई और निष्पक्षता नियम होना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### इंदौर में दूषित पानी से 30वीं मौत, 3 मरीज आईसीयू में

**इंदौर।** इंदौर में दूषित पानी से बुधवार को 30वीं मौत हो गई। भागीरथपुरा में रहने वाले 62



वर्षीय लक्ष्मी रजक को दो दिन पहले उल्टी-दस्त की शिकायत हुई थी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भर्ती के दौरान उनकी किडनी भी खराब होने की जानकारी मिली। इससे पहले खूबचंद की दूषित पानी से मंगलवार को मौत हो गई थी। बुधवार को परिजनों ने सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन किया।

### बंदूक दुकान में ब्लास्ट एक की मौत, 3 गंभीर

**रतलाम।** चांदनीचौक में बंदूक दुकान में हुए धमाके में घायल दुकानदार यूसुफ अली (58) की



मौत हो गई। प्राथमिक इलाज के बाद यूसुफ अली को इंदौर रेफर किया गया था। मंगलवार देर रात उन्होंने दम तोड़ दिया। तीन लोग अभी भी गंभीर बताए जा रहे हैं। इलाज के दौरान इन्हें हार्ट अटैक आया। बता दें, 26 जनवरी बंदूक की दुकान में धमाका हुआ था। धमाके की आवाज सुन दुकान में मौजूद लोग अपनी जान बचाकर भागे।

### मुंह में भरा पेट्रोल...चेहरे पर छिड़क कर आग लगा दी

**कटनी।** कटनी में एक युवक ने 50 साल की महिला के चेहरे पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी।



उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना मंगलवार रात करीब 1 बजे की है। बड़वारा थाना पुलिस के मुताबिक, घटना मझगवां छघरा गांव की है। यहां 50 वर्षीय संतरा बाई अपने घर पर थी, तभी मोहल्ले का भोला कोल वहां पहुंचा। जमीन विवाद को लेकर विवाद शुरू कर दिया।

राजस्व मंत्री बोले-जितनी फसल का नुकसान होगा, उसी हिसाब से मिलेगा मुआवजा

# तेज बारिश-ओलावृष्टि से फसलें क्षतिग्रस्त, नुकसान का होगा सर्वे

शत प्रतिशत नुकसान पर 16 हजार रुपए फसल क्षतिपूर्ति देने का दिया आश्वासन

*कहीं गेहूं और चना खेतों में आड़ी गिर गई, तो कहीं सरसों की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। मुरैना, अशोकनगर में चने के आकार के ओले गिरे। शिवपुरी जिले में तेज बारिश और ओलावृष्टि से चना, गेहूं, सरसों, टमाटर और प्याज की फसल को भारी नुकसान हुआ*



करण सिंह वर्मा, राजस्व मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के करीब 30 जिलों में बारिश से मौसम ने करवट ले ली। कुछ जिलों में तेज बारिश व ओलावृष्टि से हजारों एकड़ फसलें क्षतिग्रस्त हो गई। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने प्रदेश भर के कलेक्टर और तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि वे तत्काल क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे शुरू करें, ताकि किसानों को फसल क्षतिपूर्ति दी जा सके।

फसलों की क्षतिपूर्ति आरबीसी-6 के तहत घोषित दर पर की जाएगी। हालांकि, मंत्री वर्मा ने कहा कि शत प्रतिशत फसल क्षति होने पर 16 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने फसलों के नुकसान के हिसाब से क्षतिपूर्ति देने का भरोसा किसानों को ▶▶ शेष पेज 14 पर

जिन किसानों की 25 प्रतिशत फसल बर्बाद हुई है, उन्हें साढ़े नौ हजार रुपए का मुआवजा मिल सकेगा



विदिशा में फसल का दृश्य

मुख्यमंत्री ने दिए सभी जिला प्रशासन को निर्देश

### असमय वर्षा से फसलों को हुई क्षति का किया जाए आंकलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने असमय वर्षा के कारण फसलों को हुई क्षति का आंकलन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के साथ खड़ी है। प्रदेश के हर जिले में प्रशासन असमय वर्षा, मावठे के प्रति सतर्क रहे। जिला प्रशासन किसानों को असमय वर्षा से होने वाली क्षति से बचाने का प्रयास करे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि प्रदेश में मौसम की विपरीत परिस्थितियों और असमय वर्षा की स्थिति में राज्य किसान भाइयों के साथ खड़ी है। प्रदेश में मावठा से फसलों को हुए नुकसान के सर्वे के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं। किसानों की समस्याओं का हल करने प्रशासन को अलर्ट किया गया है।

### *ओलावृष्टि से फसल बर्बाद, उज्जैन में किसान ने दी जान*

*उज्जैन जिले के तराना में मंगलवार को हुई ओलावृष्टि व वर्षा से फसल बर्बाद होने से परेशान एक किसान ने आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह उसका शव खेत में फंदे पर लटका मिला। अप्रैल में मृतक की बहन की शादी थी। मरने से पहले उसने फोन पर समधी से कहा कि बयाना दे चुका हूं, अब कैसे शादी होगी। आत्मघाती कदम उठाने से पहले उसने अपने वॉट्सएप पर स्टेटस में 'तड़प-तड़प के इस* ▶▶ शेष पेज 14 पर

### मुख्यमंत्री 1.17 लाख किसानों के खातों में अंतरित करेंगे 200 करोड़ रुपए की भावांतर राशि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ में आयोजित सोयाबीन भावांतर राशि भुगतान के कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री कार्यक्रम में चौथी किस्त के रूप में प्रदेश के एक लाख 17 हजार किसानों को लगभग 200 करोड़ की भावांतर राशि का भुगतान करेंगे। यह राशि उन किसानों को भुगतान की जाएगी ▶▶ शेष पेज 14 पर

माघ मेला छोड़ते हुए भावुक हुए शंकराचार्य

## कहा-बिना संगम स्नान लौटना सबसे 'बड़ा' दुख

*यह फैसला 11 दिन के बाद लिया गया*



एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने बिना संगम स्नान ही माघ मेला छोड़ दिया है। बुधवार सुबह माघ मेला से निकलने से पहले वह भावुक भी नजर आए। कहा कि अभी तक जितने भी दुख मिले, उन सभी दुखों से बिना स्नान माघ मेला छोड़ने का दुख सबसे बड़ा हो गया है। इस दुख की भरपाई पता नहीं कब होगी। शंकराचार्य ने यह भी कहा कि माघ मेला छोड़ने का फैसला अचानक नहीं लिया है। यह फैसला 11 दिन के बाद लिया गया है। इतना लंबा समय तो श्रीराम ने ▶▶ शेष पेज 14 पर

साल 2020 में सोशल मीडिया से हुई थी पहचान

## युवक कांग्रेस नेता ने युवती को गोवा ले जाकर बनाए शारीरिक संबंध, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

जबलपुर में युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव पर रेप का आरोप लगा है। शहर के आधारताल की रहने वाली



■ आरोपी ने शादीशुदा होने की बात छिपाई

युवती ने पुलिस में युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव ऋषभ मिश्रा के खिलाफ शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाने के आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने शादीशुदा होने की बात छिपाई और शादी का वादा कर उसके साथ कई बार संबंध बनाए।

जब उसने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने खुद के शादीशुदा होने की बात कहते हुए शादी करने से इंकार कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने बताया है कि युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव ऋषभ मिश्रा से उसकी पहचान साल 2020 में सोशल मीडिया पर हुई थी। सोशल मीडिया पर फ्रेंड ▶▶ शेष पेज 14 पर

नेता की दबंगई, भाजपा ने मांगा जवाब

## युवती को बीच सड़क पर बेरहमी से पीटा, मां को भी नहीं बख्शा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना

जिले के नागौद थाना क्षेत्र में भाजपा



■ मारपीट का वीडियो वायरल केस दर्ज

के नागौद मंडल अध्यक्ष द्वारा एक युवती व उसकी मां के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। भाजपा नेता पुलकित टंडन का युवती को दौड़ाकर थप्पड़ मारने का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो गया। पीड़ित महिला चंद्रलेखा अवधिया, जो भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी हैं, अपनी बेटी आस्था के साथ थाने पहुंचीं और न्याय की गुहार लगाई। पीड़िताओं ने पुलिस पर शिकायत दर्ज न करने और आरोपी मंडल अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई न करने का दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए हैं। हालांकि बढ़ते दबाव और वायरल फुटेज के बाद नागौद थाना पुलिस ▶▶ शेष पेज 14 पर

राजधानी में प्रदेश स्तरीय शैक्षिक गुणवत्ता शिक्षक सम्मेलन

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'अपनी शिक्षिका' का सम्मान कर पैर छुए, लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र की शिक्षा व्यवस्था को ओर अधिक मजबूत करने तथा शिक्षकों के योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से बुधवार को सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में प्रदेश स्तरीय शैक्षिक गुणवत्ता शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी शिक्षिका कोकिला सिंह पाल का सम्मान कर गुरु-शिष्य परंपरा की मिसाल पेश की। जैसे ही शिक्षिका कोकिला सिंह मंच पर पहुंचीं, मुख्यमंत्री मोहन यादव ▶▶ शेष पेज 14 पर ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी



अपनी शिक्षिका को सम्मान देते हुए

पुलिस की स्पेशल टीम ने 48 घंटे में पकड़ा

## चाचा ने किया था 7 साल की बच्ची से रेप चिल्लाई तो नहर में फेंककर हत्या कर दी

*पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बच्ची के शरीर पर रेप और गंभीर चोटों के निशान*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वानी

बड़वानी में 7 साल की बच्ची का रेप और हत्या करने के मामले में पुलिस ने उसके सौतेले चाचा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर तकनीकी और वैज्ञानिक सबूतों के आधार पर आरोपी को हिरासत में लिया गया था। पूछताछ में वह टूट गया और अपराध कबूल कर लिया। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। दरअसल, सोमवार को राजपुर थाना इलाके के मुंडला गांव की इंदिरा सागर नहर से बच्ची का शव मिला था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बच्ची के शरीर पर रेप और ▶▶ शेष पेज 14 पर

पीड़ित परिवार डकैती बताता रहा, पुलिस ने मानी चोरी

## ग्वालियर की गोकुलधाम सोसाइटी में कांग्रेस नेता पाराशर के घर लूट

*20 तोला सोना राइफल ले गए बदमाश*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

यहां कांग्रेस नेता रामकुमार पाराशर के घर आधी रात को बदमाशों ने उत्पात मचाया है। बदमाशों ने कांग्रेस नेता और उसकी पत्नी को बंधक बनाकर अलमारी से 20 तोला सोना, 315 बोर की लाइसेंसी राइफल व अन्य सामान लूट ले गए। घटना सोमवार-मंगलवार रात 2:45 से 3:20 बजे के बीच गोकुलधाम सोसाइटी सिरोल की है। बदमाशों ने रामकुमार के बेटा-बहू को दूसरी मंजिल पर उनके कमरों में ही बाहर से कुंडी लगाकर बंद कर दिया था। पीड़ित कांग्रेस नेता के अनुसार ▶▶ शेष पेज 14 पर

राष्ट्रपति मुर्मू ने दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को किया संबोधित...वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी

लोकसभा स्पीकर ने सदन में दी अजित पवार के निधन की सूचना कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

# बजट सत्र की शुरुआत... अपने अभिभाषण में राष्ट्रपति मुर्मू बोलीं- भारत पर दुनिया को भरोसा

*विपक्ष ने मनरेगा, लद्दाख और जम्मू-कश्मीर जैसे ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति बनाई*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र की शुरुआत हो गई है। संसद सत्र की शुरुआत के मौके पर बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। मुर्मू ने संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए सरकार की उपलब्धियां बताईं और कहा कि पिछला साल भारत की तेज प्रगति और विरासत के उत्सव के रूप में यादगार रहा। मुर्मू ने विरासत से लेकर विकास का संदेश दिया। मुर्मू ने कहा कि भारत विश्व के समृद्धतम देशों में से एक है। मेरी सरकार उस विरासत को सहेजने-संवारने के लिए हर मोर्चे पर काम कर



राष्ट्रपति मुर्मू

रही है। मैकाले ने हीन भावना भरने का काम किया था, मेरी सरकार ने उसे पहली छोड़ने का काम किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सुधार हुआ है। दुनिया में भारत के विकास की गूंज है। सरकार ने भारत खेलो नीति बनाई। खेल संस्थानों को पारदर्शी बनाया गया। देश स्टार्टअप हब बना। सोमनाथ मंदिर पर हुए आक्रमण के बाद हजार वर्षों की यात्रा भारत की सामाजिक निष्ठा का ▶▶ शेष पेज 14 पर

### बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक आज

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। संसद की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक गुरुवार यानी 29 जनवरी को होगी। जानकारी के मुताबिक बीएसी की बैठक दोपहर 12.30 से होगी। इस बैठक में संसद का एजेंडा तय किया जाना है। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद संसद की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित हो गई है। लोकसभा ▶▶ शेष पेज 14 पर

### तेज हो जाता है विकसित भारत की ओर हमारा सफर

*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि देश ने गुरु तेग बहादुर का 350वां शहीदी दिवस, बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई। देश ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और आदिवासी समुदाय के प्रति उनके योगदान को याद किया। सरदार पटेल की 150वीं जयंती से संबंधित कार्यक्रमों ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को और मजबूत किया। पूरे देश ने देखा कि भारत रत्न भूपेन हजारिका की जयंती समारोह ने देश को संगीत और एकता की भावना से भर दिया। जब देश अपने पूर्वजों के योगदान को याद* ▶▶ शेष पेज 14 पर

## खबर संक्षेप

### डेढ़ हजार लोकेशन पर हुई हायर रेट में रजिस्ट्री पड़ताल में जुटे अफसर

**भोपाल।** एक अप्रैल से लागू होने वाली प्रॉपर्टी की नई गाइडलाइन को लेकर पंजीयन विभाग ने पड़ताल शुरु कर दी है। शुरुआत में अफसरों ने रजिस्ट्री के रिकार्ड निकाले हैं। जिसके तहत डेढ़ हजार से अधिक लोकेशन पर प्रॉपर्टी के वर्तमान रेट से अधिक दामों पर रजिस्ट्री की गईं हैं। इन रजिस्ट्री के रिकार्ड का मिलान भी किया जा रहा है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि यहां होने वाली रजिस्ट्री लोन की वजह से अधिक दामों पर हुईं हैं या यहां प्रॉपर्टी के दामों में बढ़ोतरी हुई है। प्रॉपर्टी के रेट तय करने के लिए उपजिला मूल्यांकन समिति की बैठक की जाना है। जिसके आधार पर हायर रेट में होने वाली रजिस्ट्री का डेटा रखा जाएगा। उपजिला मूल्यांकन समिति प्रस्ताव तैयार कर इसे जिला मूल्यांकन समिति को भेजेगी, फिर लोगों से दावे-आपत्तियां मांगी जाएंगी।

### रामेश्वर बोले, उर्दू स्वीकार्य तो गीता पर क्यों ऐतराज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मदरसों में गीता पढ़ाने के सुझाव को लेकर सियासी बहस तेज हो गई है। विधायक रामेश्वर शर्मा ने पहल का समर्थन करते हुए कहा कि जब उर्दू पढ़ाई जा सकती है तो गीता पर आपत्ति क्यों। उन्होंने गीता को धर्म नहीं, बल्कि जीवन दर्शन बताते हुए इसे सभी के लिए जरूरी नैतिक शिक्षा बताया। रामेश्वर का कहना है कि गीता को केवल धार्मिक ग्रंथ के रूप में देखना गलत है। यह ऐसा दर्शन है, जो आत्मबल बढ़ाता है, सामाजिक समरसता सिखाता है और अन्याय व अपराध के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देता है। उर्दू पढ़ाई जा सकती है, तो गीता क्यों नहीं?। रामेश्वर ने सवाल उठाया कि जब मदरसों में हिंदू बच्चों को उर्दू सिखाई जा सकती है, तो गीता पढ़ाने पर आपत्ति क्यों जताई जा रही है। उनके मुताबिक, गीता किसी एक समुदाय की नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ है।



### इतिहास का सम्मान जरूरी है, खिलवाड़ नहीं करें: भूरिया

**भोपाल।** जनजातीय नायकों की स्मृति में तीन नए विश्वविद्यालयों क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन, क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना एवं रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर की स्थापना की गई है। आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और झाबुआ से कांग्रेस विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया ने सीएम डॉ. मोहन यादव के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि इतिहास का सम्मान जरूरी है, खिलवाड़ नहीं। तात्या टोपे मराठा थे, आदिवासी नहीं। रानी अवंतीबाई लोधी, लोधी (ओबीसी) समाज से थीं, आदिवासी नहीं। अगर सरकार सच में आदिवासियों को सम्मान देना चाहती है, तो बिरसा मुंडा, भीमा नायक, राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती जैसे असली जनजातीय नायकों को सामने लाए।



## आबकारी में 17 फीसदी व पंजीयन में करीब 12 फीसदी की बढ़ोतरी संभावित

# केंद्र सरकार की जीएसटी की दरों में कमी का दंश, मप्र को महज जीएसटी में ही 3 हजार करोड़ रुपए की क्षति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र सरकार के खजाने में इस वर्ष करीब तीन हजार करोड़ रुपए कम आएंगे। वाणिज्यिक कर विभाग की लाख कोशिश के बाद भी यह क्षति कम नहीं हो पा रही है। पहली बार ऐसा हुआ है कि जीएसटी के रेवन्यू में दिसंबर तक में ढाई से तीन फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई है। मार्च तक में भी यह क्षतिपूर्ति की संभावना फिलहाल नहीं है। जबकि आबकारी में करीब 17 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पंजीयन में भी 11.5 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

मप्र में इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सरकार के गुड्स एंड सर्विस टैक्स (एसजीएसटी) में दिसंबर तक में करीब ढाई हजार करोड़ रुपए की क्षति संभावित है। यह क्षति हालांकि केंद्र सरकार के जीएसटी की दरों में कमी की वजह से हो रहा है। किंतु मप्र सरकार के खजाने में जीएसटी के साथ ही वैल्यू एडेड टैक्स (वैट), पंजीयन में भी काफी कम इजाफा हुआ है।



### वित्तीय वर्ष 2025-26 में 25,250 करोड़ आए

एसजीएसटी में पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 26 हजार करोड़ रुपए आए थे। किंतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर तक में महज 25,250 करोड़ रुपए ही आए हैं। जबकि इस समयावधि तक में करीब 20 फीसदी तक की बढ़ोतरी का लक्ष्य रखा गया था। पिछले एक दशक में पहली बार ऐसा हो रहा है कि लक्ष्य तो दूर उससे पिछले वित्तीय वर्ष के बराबर भी रेवन्यू नहीं मिल पा रहा है।

### वैट में करीब साढ़े तीन फीसदी का इजाफा

राज्य सरकार पेट्रोल, डीजल, रसोईगैस आदि पर वैट वसूलती है। इससे सरकार को प्रति वर्ष अनुमानित 14 हजार करोड़ रुपए मिलते हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में करीब 13950 करोड़ रुपए मिले थे। जीएसटी की दरों में कमी का असर यहां भी देखने को मिल रहा है। वित्तीय वर्ष के चौथे तिमाही में यानी अभी तक में करीब 14 हजार करोड़ रुपए आ चुके हैं। जबकि अनुमानित 15 से 20 फीसदी तक की बढ़ोतरी का लक्ष्य रखा गया था।

### आबकारी में जरूर 17 फीसदी की बढ़ोतरी

आबकारी यानी शराब पर टैक्स से सरकार को पिछले वित्तीय वर्ष में करीब 15,260 करोड़ रुपए मिले थे। इस वर्ष इसमें करीब 16,500 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि मिलने की संभावना थी, किंतु अभी तक में महज 12,350 करोड़ रुपए ही मिले हैं। दिसंबर 2025 तक में यह राशि महज 10,550 करोड़ रुपए ही था। इसी तरह पंजीयन विभाग में भले ही 11.5 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, किंतु लक्ष्य के मुताबिक इसमें राशि नहीं मिल पा रही है। पिछले वित्तीय वर्ष में दिसंबर तक में 7,750 करोड़ रुपए मिले थे। जबकि इस वर्ष दिसंबर तक में 8,660 करोड़ रुपए मिल चुके हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में करीब 11,350 करोड़ रुपए मिले थे। इस वर्ष दो महीने में यह राशि मिल पाएगी या नहीं, इसमें संदेह है।

## वैकल्पिक भंडारण से बढ़ेगी गोदाम संचालकों की आय: मंत्री राजपूत

# मप्र में 4 हजार से अधिक गोदाम तीन चौथाई खाली, वैकल्पिक उपयोग हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- वेयर हाउस की आय वृद्धि के अन्य व्यावसायिक उपयोग पर कार्यशाला आयोजित
- 400 गोदाम संचालक को वैकल्पिक आय अर्जित करने के लिए जागरूक किया

मप्र में मौजूदा समय में करीब 4 हजार से अधिक वेयरहाउस बने हुए हैं। खाद्य विभाग के पास इन सभी का रजिस्ट्रेशन है, किंतु इनमें से एक चौथाई वेयरहाउस की उपयोग में आ रहे हैं। क्षमता से अधिक वेयरहाउस बने होने की वजह से सरकार पर भी दबाव बढ़ गया है। खाद्य विभाग अब ऐसे वेयरहाउस संचालकों को जागरूक करना शुरू किया है, ताकि वे उन वेयरहाउस में अन्य गतिविधियां भी संचालित कर सके। इससे उनकी आमदनी बढ़ेगी, उनकी बैंकों के ओवरड्यू से लेकर डिफाल्टर होने आदि की समस्या भी दूर हो सकेगी। इसे लेकर प्रदेश के करीब 400 वेयरहाउस संचालकों एक कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें उन्हें अन्य कार्यो के जरिए वेयरहाउस से आय प्राप्त करने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही उनकी समस्याएं भी सुनी गई।

खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रदेश में वेयरहाउस की उपलब्ध क्षमता का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने एवं गोदाम संचालकों को आय के वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वेयर हाउस की आय वृद्धि के अन्य व्यावसायिक उपयोग विषय पर आयोजित कार्यशाला में कई सुझाव दिए।



कार्यशाला में वेयर हाउस संचालकों को संबोधित करते मंत्री गोविंद सिंह राजपूत।

### मप्र एक ऐसा राज्य है, जहां पर खुले में अनाज नहीं रखा जाता

अपर मुख्य सचिव खाद्य शरश्मि अरूण शमी ने कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश में मप्र एक ऐसा राज्य है, जहां पर खुले में अनाज नहीं रखा जाता। प्रदेश में भण्डारण की क्षमता अधिक होने से वेयर हाउस संचालकों को कई बार आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कार्यशाला में विशेषज्ञ इसी विषय पर जरूरी मार्गदर्शन देंगे। एमडी मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन अनुराग वर्मा ने कहा कि कार्यशाला में आए महत्वपूर्ण सुझावों पर विचार कर इन्हें अमल में लाया जाएगा। इस दौरान आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं वेयरहाउस संचालक उपस्थित थे।

### आत्मविश्वास के साथ निवेश एवं व्यावसायिक निर्णय लें

विशेषज्ञों ने कहा कि शासन की नीतियों, नियमों एवं उपलब्ध योजनाओं की स्पष्ट जानकारी देकर गोदाम संचालकों को नीतिगत समर्थन प्रदान किया जा रहा है, ताकि आत्मविश्वास के साथ निवेश एवं व्यावसायिक निर्णय ले सकें। प्रदेश की भंडारण एवं लॉजिस्टिक्स व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में निजी गोदाम संचालकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस कार्यशाला से प्राप्त सुझाव और नवाचार प्रदेश के वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को नई दिशा देंगे।

### प्रायवेट कामर्शियल वेयरहाउसेस इन द कंट्री पर चर्चा

कार्यशाला में आईआईएम मुम्बई के प्रो. वीपन कुमार और सुश्री सुमिता नारायण ने ट्रांसफार्मिंग पब्लिक गोडाउन्स टू प्रायवेट वेयर हाउसेस - केस ऑफ अदर स्टेटस पर विचार व्यक्त किए। स्केलर स्पेस ऑफ मुसद्दीलाल ग्रुप के डायरेक्टर डॉ. गोपाल मोर ने ओवरव्यू ऑफ प्रायवेट वेयरहाउसिंग मार्केट एण्ड अप्रोच टू सेटिंग अप प्रायवेट कामर्शियल वेयरहाउसेस इन द कंट्री पर चर्चा की। सीबीआरसी दिल्ली के सीनियर डायरेक्टर नितिन चंद्रा ने प्रायवेट वेयरहाउसिंग मार्केट - प्रिवेलिंग कॉमर्शियल स्ट्रक्चर्स एण्ड अल्टरनेटिव एवेन्यूज फॉर वेयरहाउस ओनर्स एण्ड बेनेफिटस पर जानकारी दी।

## आदमपुर में चारकोल प्लांट का ट्रायल रन जल्द

- 400 टन सूखे कचरे से बनेगा टोरीफाईड चारकोल

**भोपाल।** शहर से सटे आदमपुर छावनी में बनकर तैयार हुए टोरीफाईड चारकोल प्लांट का ट्रायल रन जल्द शुरू होगा। इसके संचालन को लेकर गत दिवस एनजीटी ने 13 फरवरी को नगर निगम से रिपोर्ट तलब की है। निगम आयुक्त ने एनटीपीसी के अधिकारियों को दिसंबर-25 में हुई बैठक में जनवरी-26 में उक्त प्लांट का ट्रायल रन शुरू करने को कहा था, लेकिन तकनीकी कामों में देरी के कारण यह अब तक शुरू नहीं हुआ। एनजीटी की फटकार के बाद निगम प्रशासन ने ट्रायल रन को लेकर प्लांट की स्थिति की जानकारी ली है। एनटीपीसी द्वारा बनाए गए उक्त प्लांट में रोजाना 400 टन सूखे कचरे से टोरीफाईड चारकोल का निर्माण होगा। इसका उपयोग ईंधन के रूप में किया जाएगा। भोपाल देश में बनारस के बाद दूसरा शहर होगा जहां सूखे कचरे से टोरीफाईड चारकोल बनाने का प्लांट शुरू किया जा रहा है। निगम आयुक्त ने एनटीपीसी के अधिकारियों को निर्देश दिया था कि प्लांट से संबंधित जो भी कार्य और तैयारियां बाकी हैं उन्हें जल्द पूरा करें और ट्रायल रन के बाद प्लांट का संचालन पूरी तरह से शुरू कर दिया जाए। इस दौरान आयुक्त को प्लांट के संचालन की जानकारी दी गई, लेकिन तकनीकी काम समय पर नहीं होने से ट्रायल रन शुरू नहीं हो सका। निगम अधिकारियों के अनुसार जल्द ही ट्रायल रन शुरू हो जाएगा।

## 22 जनवरी के बाद से लगातार बढ़ रहा आंकड़ा

# मैपिंग वाले वोटर्स के नाम काटने आखिरी दिन आई 3500 आपत्तियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में मतदाताओं की मैपिंग के बाद ड्राफ्ट रोल जारी कर दिया गया है। जिसके बाद एक महीने चले दावे-आपत्तियों के समय में मैपिंग वाले मतदाताओं का नाम काटने के लिए अब तक 9 हजार 37 आपत्तियां दर्ज की गई हैं। जिसमें इन मतदाताओं को एबसेंट बताकर नाम जुड़ा होने पर आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं।

आखिरी दो दिनों में थोक में दर्ज की गई आपत्तियों में एक व्यक्ति ने एक दर्जन से अधिक मतदाताओं के नाम पर आपत्ति दर्ज कराई है। निर्वाचन से जुड़े अफसरों का कहना है कि आपत्ति वाले मतदाताओं को दोबारा से वेरिफिकेशन कराया जाएगा। जिले के एक लाख 16 हजार 925 मतदाताओं की सुनवाई पहले से जारी है। जिसकी सुनवाई 14 फरवरी तक की जाएगी। आपत्तियों का निराकरण भी इसके साथ ही किया जाएगा। राजधानी की बैरसिया, उत्तर, नरेला, दक्षिण पश्चिम, मध्य, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा में 4 लाख 38 हजार 317 नाम काटने के बाद आपत्ति वाले मतदाताओं के नाम कटने का खतरा बढ़ गया है।

### दक्षिण-पश्चिम में ऐसी आपत्तियां

*यहां पर लीलाधर के नाम से एक दर्जन मतदाताओं को एबसेंट बताकर फार्म-7 भरकर आपत्ति, कमला नगर के शानू खान, शबाना बानो, नाजिम कुरैशी, जावेद खान, हुमा खान, सजरा, बुशरा को अनुपस्थित बताया गया है। विनय यादव की आपत्ति मोहम्मद इमरान, सलीम कुरैशी के एबसेंट की है। माधव प्रसाद की आपत्ति फीरोज खान और विवेक सिंह ने धम्मान बी के स्थानांतरित होने की आपत्ति दर्ज कराई है।*

### 77 हजार नए नाम जुड़ेंगे

*सात विस में 77 हजार 507 मतदाताओं ने वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए फार्म-6 भरा है। चार दिन पहले आंकड़ा 60 हजार था। बीएलओ के पास आवेदन अधिक होने से नाम जोड़ने के आवेदन अपलोड करना जारी है।*

**विधानसभावार आंकड़ा**

| विस | आपत्तियां (फार्म-7) | नो मैपिंग |
|---|---|---|
| उत्तर | 325 | 10080 |
| नरेला | 4882 | 23790 |
| दक्षिण-पश्चिम | 546 | 16596 |
| मध्य | 1430 | 10088 |
| गोविंदपुरा | 619 | 30188 |
| हुजूर | 797 | 24049 |
| कुल | 9037 | 116925 |

## जनसंपर्क आयुक्त दीपक सक्सेना को कायस्थम का किया स्मृति चिन्ह भेंट



जनसंपर्क आयुक्त सक्सेना का सम्मान करते अध्यक्ष श्रीवास्तव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जनसंपर्क आयुक्त एवं कायस्थम के सलाहकार दीपक सक्सेना को बुधवार को कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव और उपाध्यक्ष आरपी श्रीवास्तव ने पिछले दिनों हुए कायस्थम-26 के आयोजन का स्मृति चिन्ह, कायस्थ दर्पण पत्रिका का विशेषांक, भगवान श्री चित्रगुप्त पर आधारित कैलेंडर, श्री चित्रगुप्त चालीसा की प्रति भेंट की। कायस्थम के पदाधिकारियों ने उन्हें अंगवस्त्र पहनाकर श्रीफल भी भेंट किया। दीपक सक्सेना को कायस्थम के आयोजन की जानकारी दी गई।

## हमारी अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देगी ट्रेड डील

# भारत और यूरोपियन यूनियन ट्रेड डील से राज्यों को भी मिलेगा लाभ

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते (न्यू ट्रेड डील) पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भारत में आयात कम करने और निर्यात बढ़ाने के लिए यूरोपियन यूनियन के साथ यह ट्रेड डील अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। इस डील से देशभर में वस्तुएं सस्ती होंगी और राज्यों को भी इसका भरपूर लाभ मिलेगा।



### अर्थव्यवस्था मजबूत

*डॉ. यादव ने कहा कि यह ट्रेड डील हमारी अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक रूप से समृद्ध और सशक्त हो रहा है। दुनिया के कई देशों में आर्थिक और कूटनीतिक स्तर पर उथल-पुथल का वातावरण बना हुआ है। ऐसे समय में भी प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से डेढ़ अरब की आबादी के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है। यह ट्रेड डील इसी दिशा में एक बेहद कारगर कदम है।*

## केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना के फेज-2 अंतर्गत किया जा रहा निर्माण

# जल संसाधन मंत्री सिलावट ने कोठा बैराज परियोजना के कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने बुधवार को विदिशा जिले की कुरवाई तहसील में निर्माणाधीन कोठा बैराज परियोजना के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि संपूर्ण कार्य तय अवधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाए। राज्य सरकार वर्तमान में 54 लाख हैक्टेयर सिंचाई से वर्ष 2028-29 तक 100 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में प्रदेश के अन्नदाताओं को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए दृढ़ संकलपित है।

मंत्री सिलावट ने कहा कि विदिशा जिले की कोठा बैराज परियोजना लागत 860 करोड़ है, से विदिशा जिले के कुरवाई तहसील के 77 ग्रामों की 20 हजार 622 हैक्टेयर एवं गंजबासौदा तहसील के 6 ग्रामों की 1650 हैक्टेयर कुल 22 हजार 272 हैक्टेयर क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली द्वारा सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। परियोजना से कुल 83 ग्रामों के 25 हजार 500 कृषक लाभान्वित होंगे। इसके साथ ही लगभग 325 ग्रामों के लगभग 2.5 लाख आबादी को शुद्ध पेयजल की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। परियोजना अंतर्गत बांध का 92 प्रतिशत कार्य एवं पाइप लाइन का 75 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। मंत्री सिलावट ने परियोजना को जून 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने परियोजना की प्रगति की समीक्षा प्रत्येक 15 दिवस में मुख्य अभियंता स्तर पर एवं प्रत्येक माह में एक बार राज्य स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी करने के निर्देश दिए हैं।



अधिकारियों को निर्देश देते मंत्री तुलसी सिलावट।

## पीएम गति शक्ति से समन्वय कर जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अधिक से अधिक उपयोग करें

## डेटा सेंटर की गतिविधियों पर सीएस ने व्यक्त किया संतोष

# मुख्य सचिव अनुराग जैन ने किया स्टेट डेटा सेंटर का निरीक्षण, विस्तार के लिए प्रस्ताव भेजने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने स्टेट डाटा सेंटर की कार्य प्रणाली का अवलोकन किया। उन्होंने अपेक्षा की है कि पीएम गति शक्ति से समन्वय कर डेटा का आदान-प्रदान करें तथा राज्य शासन के सभी विभाग इस एप का राज्य की जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अधिक से अधिक उपयोग करें।

मुख्य सचिव ने डेटा सेंटर की गतिविधियों पर संतोष व्यक्त किया और सेंटर के विस्तार के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव एम. सेल्वेंद्रम और एमपी एसईडीसी के एमडी आशीष वशिष्ठ और प्रोजेक्ट डायरेक्टर, स्वान अंशुमान राज भी इस अवसर पर उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने डेटा सेंटर की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने ड्रोन डाटा डिपॉजिटरी का अवलोकन किया और खनिज, जल जीवन मिशन, ग्रामीण सड़क, सेंट्रल विस्टा जैसी प्रोजेक्ट के लिए किए जा रहे ऑनलाइन कार्य को भी देखा। उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्वालियर के पटवारी से भी आधुनिक तकनीक से नक्शा आदि बनाने की जानकारी ली।



डेटा सेंटर की जानकारी लेते मुख्य सचिव जैन।

### परियोजना आमजन के लिए महत्वपूर्ण

मुख्य सचिव जैन ने इस परियोजना को आमजन के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि जीआईएस लैब से नक्शा विहीन और विस्थापित ग्रामों के नक्शा आदि को तैयार करने के उनके विजन को गुणवत्ता से पूर्ण होते देखना सुखद और सराहनीय है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जिलों में जीआई सिस्टम के लिए एक्सपर्ट की नियुक्ति की जाए और अभी जिन 28 जिलों में यह सुविधा है, वहां के कार्यों की जानकारी ली जाए।

### शासकीय वेबसाइट और डेटा की सुरक्षा के लिए टूल

*मुख्य सचिव जैन ने मध्यप्रदेश की सभी शासकीय वेबसाइट और डेटा की सुरक्षा के लिए किए जा रहे टूल आधारित कार्य का अवलोकन किया। मुख्य सचिव ने मप्र की सभी शासकीय वेबसाइट और डाटा की सुरक्षा के लिए किए जा रहे टूल आधारित कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने साइबर अटैक से निबटने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सूक्ष्मता से जानकारी ली। मुख्य सचिव ने टीम की सराहना की है, जिन्होंने राज्य डेटा सेंटर को हैक करने के एक संगठित प्रयास की पहचान कर रिवर्स इंजीनियरिंग के माध्यम से उसके स्रोत का पता लगाया तथा चिन्हित की गई इंट्रूज़न्स को सैनिटाइज़ करने के लिए प्रभावी कार्रवाई की। इसके अतिरिक्त, टीम की ओर से भारत सरकार को पूरे देश में इसी प्रकार के हैकिंग प्रयासों की पहचान करने में सहयोग दिया तथा उनकी रोकथाम के लिए एडवाइजरी जारी करने में भी भूमिका निभाई गई। इन प्रयासों से यह सुविधा अब राष्ट्रीय स्तर पर पहचान प्राप्त कर चुकी है।*

## दिल्ली में कांग्रेस की हुई अहम बैठक

# मप्र को लेकर खरगे व राहुल ने ली रिपोर्ट, अलग-अलग वर्गों पर ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


मध्य प्रदेश कांग्रेस को लेकर दिल्ली में पार्टी की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने प्रदेश की राजनीतिक स्थिति, संगठनात्मक गतिविधियों की रिपोर्ट ली।

सूत्रों के अनुसार बैठक में आगामी समय में संगठन को मजबूत करने और जनाधार बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। नेतृत्व ने प्रदेश में चल रहे राजनीतिक हालात और जमीनी मुद्दों पर विस्तार से फीडबैक लिया। बैठक में प्रभारी हरिश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीत पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार आदि मौजूद रहे।

### दलित, आदिवासी एवं ओबीसी मुद्दे पर चर्चा

*बैठक में युवा, किसान, दलित, आदिवासी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने पर जोर दिया गया। कांग्रेस नेतृत्व ने इन सभी वर्गों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से सामने रखने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही पार्टी को अलग-अलग वर्गों को ध्यान में रखते हुए पृथक-पृथक रणनीति तैयार करने को कहा गया है, ताकि प्रदेश में संगठन को नई दिशा दी जा सके और आगामी राजनीतिक चुनौतियों का सामना मजबूती से किया जा सके।*

9 नानी के घर मेहमान बनकर आए युवक ने...



10 भारत माता चौराहे पर रिहायशी भवन की चौथी...










**एयर फोर्स कॉलोनी में कैप्टन शांभवी ने अपना बचपन बिताया था**

# बारामती प्लेन हादसा..ग्वालियर ने भी खोई अपनी पायलट बेटी शांभवी हादसे से पहले दादी मीरा पाठक को भेजा था गुड मॉर्निंग का संदेश..



जावेद खान ▶▶ ग्वालियर

बारामती प्लेन हादसे के साथ ग्वालियर वासियों ने भी ग्वालियर की एक बेटी को खो दिया है...महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के साथ ग्वालियर की बेटी को पायलट शांभवी पाठक की भी मौत हुई है। शांभवी की दादी मीरा पाठक अभी भी ग्वालियर के डी 61 वसंत विहार में रहती हैं। बता दें कि महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजीत पवार के साथ प्लेन हादसे में को पायलट सांभवी पाठक की भी मौत हुई है।

## सदमे में हैं पायलट शांभवी की दादी मीरा पाठक

पायलट शांभवी पाठक ने ग्वालियर स्थित एयर फोर्स नंबर एक स्कूल में साल 2016 से 2018 के बीच पढ़ाई की थी। मध्य प्रदेश फ्लाइंग क्लब की भी सदस्य रही थी। को-पायलट शांभवी, उनके पिता विक्रम पाठक एयरफोर्स में फाइटर पायलट थे। ग्वालियर की एयर फोर्स कॉलोनी में कैप्टन शांभवी ने अपना बचपन बिताया था। वर्तमान में ग्वालियर के बसंत विहार कॉलोनी डी-61 में शांभवी अपने परिवार के साथ रहती थीं जिनमें उनकी बुजुर्ग दादी मीरा पाठक भी थीं।



अपने विमान के साथ को-पायलट शांभवी पाठक का एक पुराना चित्र।

## हादसे से पहले दादी को भेजा था गुड मॉर्निंग का संदेश..

दादी मीरा पाठक को बुधवार सुबह ही शांभवी ने गुड मॉर्निंग का मैसेज भेजा था, दादी भी हैरान हैं कि अक्सर शांभवी उनको इस तरह के कोई मैसेज नहीं भेजती थी, लेकिन आज गुड मॉर्निंग का मैसेज भेजा था। शांभवी के दूसरे रिश्तेदार भी गमज़दा हैं.. इनमें ही शामिल हैं अजय तिवारी जो शांभवी के पिता विक्रम पाठक के रिश्ते में मामा लगते हैं।



सीएम डॉ. मोहन यादव के साथ शांभवी



ग्वालियर के इस घर में सन्नाटा छाया हुआ है

### ग्वालियर के बसंत विहार स्थित निवास पर गमगीन माहौल

शांभवी की दादी मीडिया में चल रही खबरों को लेकर भी विचलित हैं। उनका कहना है कि शांभवी को कैप्टन बताया जा रहा है, जबकि वह को पायलट है। दादी मीरा पाठक बताती हैं कि शांभवी पिछले अक्टूबर माह में ग्वालियर आई थी, जब उसके दादा यानी ग्रैंड फादर की बरसी थी। इसके अलावा शांभवी जब भी किसी वीआईपी को लेकर ग्वालियर आती थी,तो दादी से मिलने जरूर आती थी।

---

**हादसे से भयभीत रहवासी कुछ बोलने को तैयार नहीं, लिफ्ट के बाहर नोटिस किए चस्पा**

# चिनार ड्रीम सिटी...450 परिवार, छह मंजिल, सभी लिफ्ट बंद, वरिष्ठ नागरिकों की जान पर बन आई...

**ग्राउंड रिपोर्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

14 ब्लॉक में लगी छह से ज्यादा लिफ्ट तकनीकी रूप से खराब थीं, जो अक्सर बंद ही रहती थीं

सोसाइटी की प्रशासक बोलीं- सभी लिफ्ट बंद कर दी हैं, एक-एक पुर्जा खराब है, नई लगाई जाएंगी

शहर के होशंगाबाद रोड स्थित चिनार ड्रीम सिटी में 77 वर्षीय बुजुर्ग प्रीतम गिरि गोस्वामी की लिफ्ट में गिरकर मौत की दर्दनाक घटना सामने आने के 12 दिन बाद भी परिसर में सन्नाटा पसरा है। इसके बाद यहां के 14 ब्लॉक में लगीं 14 लिफ्ट बंद कर दी गई हैं और उन्हें बाहर से पूरी तरह से कवर्ड कर दिया गया है। इस पर नोटिस भी चस्पा किया है। यह सुविधा बंद होने से 6 मंजिला अपार्टमेंट में रहने वाले 450 परिवार जो उपरी मंजिल पर रहते हैं, उनकी आवाजाही मुश्किल भरी हो गई है। हरिभूमि की टीम ने बुधवार को उक्त क्षेत्र में स्थिति देखने पहुंची तो लोगों के मन में घटना का भय नजर आया और पूछने पर कुछ बताने को तैयार नहीं हुए। इतना जरूर कहा कि यहां बड़ी संख्या में ऐसे परिवार भी हैं जो हार्ट पेशेंट हैं और अलग-अलग बीमारियों से घिरे हैं। लिफ्ट बंद होने से ऐसे परिवार टेंशन में हैं। इमरजेंसी में उन्हें सीढियों से उतरना और चढ़ना बेहद मुश्किल भरा होगा।

ड्रीम सिटी के डेवलपर चिनार ग्रुप ने 28 एकड़ में अपार्टमेंट 12 साल पहले बनाए थे। वर्तमान में यहां 14 ब्लॉक हैं। प्रत्येक ब्लॉक में 48 परिवार रहते हैं। हर ब्लॉक में लोगों की आवाजाही के लिए लिफ्ट लगी हैं। यहां 672 परिवार रहते हैं। अपार्टमेंट में मेंटेनेंस की जिम्मेदारी के लिए मेंटेनेंस समिति है। ड्रीम सिटी रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था के चुनाव नहीं होने के कारण वर्तमान में प्रशासक नियुक्त किया गया है।

### तकनीकी खराबी की ओर ध्यान नहीं दिया



लिफ्ट में आई खराबी के बाद लिफ्ट के दरवाजे के बाहर इसे इस्तेमाल न करने के नोटिस चस्पा कर दिए गए हैं।

*रहवासियों ने बताया कि अपार्टमेंट में लगी लिफ्ट तकनीकी खराबी के कारण आए दिन बंद रहती थीं। इनके मेंटेनेंस की ओर ध्यान नहीं देने से यह खराब हो गईं। अब इन्हें नए सिरे से जल्द बदलने का काम होना चाहिए वरन यहां रहने वाले लोगों का जीवनयापन ही मुश्किल हो जाएगा।*

### बिना लिफ्ट आए ही खुल जाते थे गेट

लोगों से बातचीत में यह बात भी सामने आई कि बिना लिफ्ट आए ही अक्सर गेट खुल जाते थे। लंबे समय से कमियों की अनदेखी के कारण हादसा हो गया।

### चारों ब्लॉक में कई हार्ट पेशेंट



चिनार ड्रीम सिटी के एक खस्ताहाल ब्लॉक का चित्र।

*चिनार ड्रीम सिटी के इस प्रोजेक्ट के 12 ब्लॉकों में कुल 672 परिवार रहते हैं। इनमें से कई हार्ट पेशेंट भी हैं। अभी हादसे के बाद से सभी लिफ्ट बंद पड़ी हैं। ऐसे में सवाल यही उठता है कि यदि किसी परिवार में आपात स्थिति आती है तो मरीज को नीचे कैसे उतारेंगे।*





---

**मंडीदीप में सुनार के पास गलाया मंगलसूत्र**

# गर्लफ्रेंड पर खर्चा करने से हो गया था कर्ज, इसलिए एम्स की लिफ्ट में कर दी थी महिला अटेंडर से लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स में ब्लड बैंक के पीछे 12 नंबर लिफ्ट से ग्राउंड फ्लोर से फर्स्ट फ्लोर जा रही महिला अटेंडर के गले से मंगलसूत्र झपटने वाले नर्सिंग स्टूडेंट को बागसेवनिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने मंगलसूत्र झपटने के बाद मंडीदीप के सुनार के पास उसे गला दिया था। पुलिस ने सुनार को भी आरोपी बनाया है। मुख्य आरोपी निजी कॉलेज से नर्सिंग की पढ़ाई और बंगरसिया के निजी अस्पताल में नौकरी करता है। उसने पुलिस को बताया कि गर्लफ्रेंड का खर्च उठाते-उठाते उस पर कर्ज हो गया था। इसी को चुकाने उसने लूट की थी।

पुलिस के अनुसार 27 जनवरी को बागसेवनिया पुलिस को शिकायत मिली कि एम्स में ब्लड बैंक के पीछे 12 नंबर लिफ्ट में महिला अटेंडर का किसी युवक ने मंगलसूत्र झपट लिया है। यह घटना गणतंत्र दिवस से 1 दिन पहले 25 जनवरी की शाम की थी। पुलिस को एक सीसीटीवी फुटेज भी मिला था। फुटेज आरोपी लिफ्ट के अंदर अटेंडर से मंगलसूत्र झपटते हुए नजर आया था। वारदात के बाद वह सीढ़ियों से भाग गया। पुलिस ने सीसीटीवी से रूटमैप तैयार किया और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। इस दौरान पता चला कि आरोपी लहारपुर कटारा हिल्स में रहता है।



सुनील मीणा (आरोपी)



पुष्पराज सोनी (सुनार)

### घूमने आया था एम्स

*पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी आरोपी सुनील मीणा पिता रामेश्वर मीणा (25) ग्राम नयागांव, पोस्ट ननवता, थाना मोटपुर, जिला बारा, राजस्थान का है। भोपाल के एक निजी कॉलेज से नर्सिंग की पढ़ाई कर रहा है। साथ ही बंगरसिया के निजी अस्पताल में नौकरी करता है। उसे अच्छी लाइफ स्टाइल जीने का शौक है। साथ ही उसकी गर्लफ्रेंड भी है। गर्लफ्रेंड के कारण उसका खर्च ज्यादा हो गया था। उधारी से गर्लफ्रेंड के शौक पूरे किए। अब उधार देने वाले उसे अपना पैसा वापस मांगने दबाव बनाने लगे थे। उसे पैसों की जरूरत थी। लिहाजा वह घूमने के लिए एम्स अस्पताल गया। वहां आरोपी ने लिफ्ट में महिला अटैंडर के गले में सोने का बड़ा मंगलसूत्र देखकर झपट लिया। मंगलसूत्र का पैंडल उसके हाथ लगा था, जिसे लेकर वह मंडीदीप में पुष्पराज सोनी निवासी जयश्री अपार्टमेंट, मंडीदीप पहुंचा। वहां मंगलसूत्र का पैंडल पुष्पराज से कहकर गला दिया। पुलिस ने उक्त मामले में पुष्पराज सोनी को लूट का माल खरीदने का आरोपी बनाया है।*

---

## शहरभर से पानी के 190 सैंपल लिए, 37 लीकेज सुधारे

**भोपाल।** निगम अमले ने बुधवार को विभिन्न झुग्गी बस्तियों सहित शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से पानी की जांच के लिए 190 नमूने लिए। इसके अलावा 37 स्थानों पर पाइप लाइनों के लीकेज सुधारे। नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के दलों ने सैंपल लिए, जो जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। निगम अमले ने अभी तक झुग्गी बस्ती क्षेत्रों के 2693 स्थानों सहित शहर में कुल 6709 जल के नमूने लेकर जांच करवाई है। इंदौर के भागीरथपुरा जहरीले पानी से हुई मौतों के बाद भोपाल में भी पानी की जांच कराई गई, जिनमें कटारा समेत कई कॉलोनियों में इंदौर हादसे के लिए जिम्मेदार वैक्टीरिया की पुष्टि की गई थी, जिसके बाद राजधानी के इलाकों में पानी की जांच का सिलसिला जारी है।

---

**दो नए सिस्टम सक्रिय होने के बाद बदला मौसम**

**50 जिलों में बारिश, 8 में ओले, फसलों को नुकसान**

# राजधानी में कोहरे और हल्की धूप के बीच बीता दिन, आज बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दो नए सिस्टम के सक्रिय होने से प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। जिससे प्रदेश के अधिकतर जिलों में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि का दौर जारी है। इधर, भोपाल में दिन कोहरे और हल्की धूप के बीच बीता, जिसके बाद गुरुवार को बारिश के आसार बढ़ गए हैं। बीते चौबीस घंटे के दौरान भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर समेत प्रदेश के 30 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। वहीं 8 जिलों में ओलावृष्टि हुई। इससे फसलों को नुकसान पहुंचा है। भोपाल, इंदौर, खंडवा, हरदा, विदिशा, नर्मदापुरम, खंडवा, उज्जैन, जबलपुर, नरसिंहपुर, रीवा, सतना, टीकमगढ़, छतरपुर, शाजापुर, मंदसौर, देवास, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, खरगोन, सीहोर, सागर सहित अन्य जिलों में बारिश दर्ज की गई है। बारिश होने से कई जगहों पर सुबह कोहरे का असर रहा, हालांकि रात के तापमान में बढ़ोतरी हुई है।

### यहां हो सकती है बारिश और गिर सकते हैं ओले



करोंद मंडी के नजदीक रेलवे ब्रिज से रेल लाइनों पर सुबह 10.45 बजे तक कोहरा छाया रहा।

मौसम विज्ञानी वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि गुरुवार को शाजापुर, सीहोर, सागर, ग्वालियर, नर्मदापुरम, कटनी, आगर, मुरैना, चित्रकूट और भोपाल में बारिश हो सकती है, जबकि भिंड, मुरैना, श्योपुर कलां, शिवपुरी, गुना, ग्वालियर, शाजापुर, खरगोन, सीहोर, रायसेन, मंदसौर, बुरहानपुर, देवास, विदिशा, नर्मदापुरम, सागर, दमोह और उमरिया में ओले गिरने की संभावना है। इधर ग्वालियर, छतरपुर और खजुराहो में घना कोहरा रहेगा।

---

**बिजनेस साइट**

# बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग आखिरकार कैसे काम करती है

**भोपाल।** बिजनेस ग्रोथ सीधी लाइन में नहीं होती। हर इकोनॉमी, सेक्टर और बिजनेस एक्सपेंशन और कॉन्ट्रैक्शन के फेज से गुजरता है, जिन्हें आमतौर पर बिजनेस साइकिल्स कहा जाता है। निवेशकों के लिए, इन साइकिल को समझना सिर्फ एकेडमिक नहीं है - यह लॉन्ग-टर्म वेल्थ क्रिएशन को प्रभावित कर सकता है।

एक बिजनेस साइकिल मोटे तौर पर चार फेज से गुजरती है:- रिकवरी, ग्रोथ, गिरावट और मंदी। रिकवरी फेज में, इकोनॉमिक एक्टिविटी धीरे-धीरे बेहतर होती है क्योंकि कॉन्फिडेंस वापस आने लगता है। ग्रोथ फेज के दौरान, पूरी इकोनॉमी में कॉन्फिडेंस दिखाई देता है। कंज्यूमर अपनी पसंद की चीजों और छुट्टियों पर खुलकर खर्च करते हैं, बिजनेस एक्सपेंशन की योजना बनाते हैं, फैक्ट्रियां पूरी कैपेसिटी से काम करती हैं, और कर्मचारियों को कई जॉब के मौके और सैलरी हाइक का फायदा मिलता है। जैसे-जैसे हालात कमजोर होते हैं, इकोनॉमी गिरावट और फिर मंदी में चली जाती है, जिसकी पहचान घबराए हुए कंज्यूमर और बिजनेस, टलते खर्च, कैपेसिटी से कम पर काम करने वाली फैक्ट्रियां, कॉस्ट-कटिंग, कम कैपिटल खर्च, छंटनी या सैलरी फ्रीज, और बचत की ओर बदलाव से होती है। ये बदलाव रातों-रात नहीं होते बल्कि धीरे-धीरे होते हैं, जिससे ध्यान देने वाले इन्वेस्टर्स को शुरुआती संकेत मिलते हैं।

बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग एक टॉप-डाउन इन्वेस्टमेंट अप्रोच अपनाती है, जो मैक्रोइकोनॉमिक ट्रेंड से शुरू होती है और धीरे-धीरे उन सेक्टर और कंपनियों तक सीमित हो जाती है जिन्हें मौजूदा फेज से फायदा होने की संभावना है। यह निवेश स्टाइल मार्केट कैपिटलाइजेशन, थीम या सेक्टर में कोई लिमिट नहीं लगाता है।



कृष्ण कुमार चंद्रा
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, भोपाल

मौजूदा समय में, यह अप्रोच ज्यादा जरूरी हो जाती है। पिछले कुछ दशकों में, इक्विटी मार्केट को कम इन्फ्लेशन, आसान लिक्विडिटी और कम जियोपॉलिटिकल जोखिम जैसे अनुकूल मैक्रो से फायदा हुआ। आज, माहौल बदल गया है - लगातार इन्फ्लेशन, सख्त मॉनेटरी कंडीशन और बढ़े हुए जियोपॉलिटिकल तनाव इसकी पहचान हैं। ऐसे डायनामिक मैक्रो माहौल में, बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग पोर्टफोलियो को चुस्त, रिस्पॉन्सिव और बदलती इकोनॉमिक हकीकत के साथ तालमेल में रहने की सुविधा देती है।

यह देखते हुए कि ज्यादातर निवेशकों के पास मैक्रोइकोनॉमिक इंडिकेटर और इस तरह बिजनेस साइकिल्स को ट्रैक करने के लिए न तो समय है और न ही विशेषज्ञता, वे लॉन्ग-टर्म वेल्थ क्रिएशन के लिए बस बिजनेस साइकिल्स म्यूचुअल फंड चुनकर बहुत सारा समय और एनर्जी बचा सकते हैं।

जनवरी 2021 में लॉन्च किए गए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बिजनेस साइकिल फंड ने अच्छा निवेश अनुभव दिया है, जिसने 31 दिसंबर, 2025 तक एक साल का सीएजीआर 15.59 प्रतिशत, तीन साल का 22.59 प्रतिशत सीएजीआर और लॉन्च के बाद से 21.02 प्रतिशत सीएजीआर दिया है। इस तरह फंड ने इन सभी समय में अपने बेंचमार्क से लगभग 4-8 प्रतिशत अंकों से बेहतर प्रदर्शन किया है।

# ब्याज दरों को और कम किया जाए, एक देश एक टैक्स को भी कम करके पूरे देश में किया जाए लागू

## टोल टैक्स की दरें युक्तिसंगत हों, अर्थव्यवस्था को मिलेगा बल

केंद्र सरकार से मांग की है कि परिवहन क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और सड़क परिवहन के माध्यम से देश के लगभग 80–90 प्रतिशत माल का आवागमन होता है। पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतें और असंगत टोल टैक्स ने परिवहन लागत को असहनीय बना दिया है, जिसका सीधा असर महंगाई, व्यापार और आम उपभोक्ता पर पड़ रहा है। केंद्रीय बजट 2026-27 में यदि इन मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा, इससे न केवल परिवहन उद्योग को मजबूती मिलेगी, बल्कि महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण भी संभव होगा।



राजेंद्र कपूर

**राजेंद्र कपूर अध्यक्ष** ,ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (पंजी.)

आवयश्क वस्तुओं को जीएसटी से मुक्त किया जाए। बढ़ती हुई मंहगाई की वजह से दैनिक जीवन की वस्तुओं के मूल्यों में भारी वृद्धि हो जाने की वजह से खाने पीने की वस्तुएं मंहगी होती जा रही है। समस्त खाने - पीने की एवं जीवन उपयोगी खाद्यान्न वस्तुओं को पूर्णतः जीएसटी से मुक्त किया जाए।



अनुपम अग्रवाल

**अनुपम अग्रवाल** महासचिव, अखिल भारतीयउद्योग व्यापार मंडल मप्र

## करदाता व्यापारियों की सोशल सिक्योरिटी योजना सरकार घोषित करे

बजट में व्यापारियो की मांग है कि करदाता व्यापारियों की सोशल सिक्योरिटी योजना सरकार को घोषित करना चाहि। जहां करदाता व्यापारियों रिटायरमेंट की उम्र में इलाज आवास, जैसी सुविधाओं के लिए योजना की घोषणा की अपेक्षा है। आभूषण उद्योग उथल-पुथल भरे, कम बिक्री कारोबार के दौर से गुजर रहा है। अभूतपूर्व वैश्विक घटनाएं कई छोटे और मध्यम आभूषण व्यवसायों (विनिर्माण और वितरण) को प्रभावित कर रही हैं, जिससे उच्च पूंजी आवश्यकताएं, ब्याज लागत और कम आय हो रही है, इस प्रकार विनिर्माण गतिविधि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।



नवनीत अग्रवाल

**नवनीत अग्रवाल**, प्रांतीय महासचिव अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल

## व्यापारी आज जीएसटी, वैट (पुराने विवाद), टीडीएस और टीसीएस के पेचीदा नियमों में फंसते जा रहे



समीर भार्गव

एक देश, एक टैक्स (जीएसटी) के वादे के साथ शुरू हुई कर प्रणाली, वास्तविकता में छोटे और मध्यम व्यापारियों (एमएसएमई) के लिए अनुपालन का एक जटिल जाल बन गई है। यह सच है कि व्यापारी आज जीएसटी, वैट (पुराने विवाद), टीडीएस और टीसीएस के पेचीदा नियमों में फंसते जा रहे हैं। व्यापारियों को न केवल जीएसटी (जीएसटीआर-1, 3बी, सालाना रिटर्न) बल्कि टीसीएस (ई-कॉमर्स विक्रेताओं के लिए) और टीडीएस (सरकारी अनुबंधों के लिए) के प्रावधानों के साथ-साथ पुराने वैट विवादों से भी जूझना पड़ रहा है। ग्रामीण और छोटे स्तर के व्यापारियों को तकनीकी (जीएसटी पोर्टल) और कानूनी पेचीदगियों को समझने में काफी कठिनाई हो रही है। आपूर्तिकर्ता द्वारा गलत रिटर्न दाखिल करने पर खरीदार को आईटीसी से वंचित होना पड़ता है, जिससे अनुपालन का बोझ बढ़ जाता है। केंद्र सरकार के पिछले दो कार्यकाल व्यापार जगत और व्यापारियों के लिए बहुत निराशाजनक रहे। अमेरिका के 50 फीसदी टैरिफ वजह से प्रतिस्पर्धा वह वहां के बड़े बाजार से बाहर हो गया। ऊंची ब्याज दर को कुछ कम करके राहत देने की कोशिश जरूर की है। उन्होंने ने कहा कि सरकार के तीसरे कार्यकाल के दूसरे बजट में हम व्यापारियों की सरकार से यह अपेक्षा है कि ब्याज दरों को और कम किया जाए, एक देश एक टैक्स को भी कम करके पूरे देश में लागू किया जाए।

**समीर भार्गव**, अध्यक्ष अनाज तिलहन व्यापार संघ सिरोंज

## अर्थव्यवस्था को अधिक मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने की जरूरत

**वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल**

आगामी बजट को एक लॉन्ग टर्म विजन के साथ इंटीग्रेट किया जाना चाहिए। ऐसा इसलिए ताकि भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक मजबूत और आत्मनिर्भर बनाया जा सके। साथ ही ग्रोथ को गति दी जा सके, क्योंकि दुनिया एक बेहद खतरनाक दौर से गुजर रही है। यह कहना राजधानी के व्यापार और उद्योग जगत से जुड़े कारोबारी और व्यापारियों का। सराफा व्यापार से जुड़े व्यापारियों ने कहाकि भारत का रत्न एवं आभूषण क्षेत्र सोने और चांदी की ऊंची कीमतों और धीमी मात्रा में वृद्धि के दोहरे दबाव में है, ऐसे में केंद्रीय बजट व्यावहारिक सुधारों के माध्यम से गति बहाल करने का एक उपयुक्त अवसर है। तो वहीं कर सलाहकारों और करदाताओं का कहना है कि आयकर प्रणाली में मानक कटौती में वृद्धि, प्रोत्साहन भी उम्मीद है, जो कम दरें प्रदान करती है।




## खबर संक्षेप

### आईजीआई के एबिटडा में 26 फीसदी की वृद्धि

**मुंबई।** इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (इंडिया) लिमिटेड( आईजीआई) ने 31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही में शानदार प्रदर्शन दर्ज किया। कंपनी ने अपने व्यवसाय के सभी प्रमुख क्षेत्रों, जैसे कि कुदरती डायमंड्स, लैब में बने डायमंड्स, आभूषण एवं रत्न के क्षेत्र में शानदार प्रगति को बरकरार रखते हुए, पिछले साल की तुलना में 2025 की चौथी तिमाही के दौरान राजस्व में 21 फीसदी और एबिटडा में 26 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है। इस तिमाही में प्रमाणन से होने वाली आय में भी 23 फीसदी की वृद्धि हुई है।

### एसएमएफजी क्रेडिट की गूगल-पे से साझेदारी

**मुंबई।** एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने देश भर में गूगल पे के यूजर्स को कोलेटरल-फ्री पर्सनल लोन उपलब्ध कराने के लिए गूगल-पे के साथ सामरिक साझेदारी की है। इस साझेदारी के माध्यम से एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट पर्सनल लोन उपलब्ध कराएगी, जिससे गूगल-पे के यूजर्स को अपनी विभिन्न फाइनेंशियल जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस साझेदारी के माध्यम से एप के जरिए लोन के लिए आवेदन करने वाले गूगल-पे के योग्य यूजर्स को मिनटों में लोन मिल जाएगा।

### दो दिवसीय पहला डीडीए ग्रीन एक्सपो 14 फरवरी से

**नई दिल्ली।** शहरी विकास पर विकास प्राधिकरण 14 और 15 फरवरी 2026 को बांसेरा पार्क में पहला डीडीए ग्रीन एक्सपो 2026 आयोजित करने जा रहा है। स्थिरता, शहरी हरियाली और प्रकृति-आधारित समाधानों पर केंद्रित, यह एक्सपो भारतीय शहरों के भविष्य की कल्पना करने के लिए एक प्रमुख राष्ट्रीय मंच के रूप में काम करेगा, जबकि शहरी नियोजन और शहर के विकास में पर्यावरणीय स्थिरता और जलवायु-प्रथम दृष्टिकोण को शामिल करने के लिए डीडीए की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करेगा।

### गुड गेम की सालाना 100 करोड़ की निवेश योजना

**नई दिल्ली।** गुड गेम, दुनिया का पहला लाइव ग्लोबल गेमिंग रियलिटी शो ने भारत में अपनी शुरुआत का ऐलान किया है। जानी-मानी एक्ट्रेस, एंटरप्रेन्योर और यूथ आइकन सामंथा रुथ प्रभु को भारत के सबसे डायनामिक क्रिकेट आइकन ऋषभ पंत और भारत के सबसे प्रभावशाली गेमिंग क्रिएटर्स में से एक उज्वल चौरसियाके साथ ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। गुड गेम ने एक करोड़ रुपए (1 लाख अमेरिकी डॉलर) की भारी-भरकम पुरस्कार राशि की भी घोषणा की।

### आईएचसीएल एक विस्तृत केस स्टडी में शामिल

**मुंबई।** इंडियन होटल्स कंपनी (आईएचसीएल) की पहल पथ्य को इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट (आईएमडी बिज़नेस स्कूल), लूजान, स्विटज़रलैंड की एक विस्तृत केस स्टडी में शामिल किया गया है। यह स्टडी सस्टेनेबिलिटी के लिए आईएचसीएल के संरचित तरीके और व्यापार रणनीतिक में इसके एकीकरण की पड़ताल करती है। आईएचसीएल के कार्यकारी उपाध्यक्ष गौरव पोखरियाल ने कहाकि भारत की हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में अग्रदूत के तौर पर आईएचसीएल ने इस क्षेत्र में कई मानक स्थापित किए हैं।

### 686 करोड़ की गेम लाइन अप और शेड्यूल घोषित

**मुंबई।** ईस्पोर्ट्स वर्ल्ड कप फाउंडेशन ने ईस्पोर्ट्स वर्ल्ड कप 2026 के लिए 686 करोड़ रुपए से ज्यादा के कुल प्राइज पूल के साथ पूरा गेम लाइनअप और शेड्यूल घोषित किया। ईस्पोर्ट्स इवेंट 6 जुलाई से 23 अगस्त 2026 तक सऊदी अरब की राजधानी रियाध में आयोजित होगा। इस दौरान 100 से अधिक देशों के 2,000 से ज्यादा खिलाड़ी और 200 क्लब्स, 24 अलग अलग गेम्स में 25 टूर्नामेंट्स के जरिए सात हफ्तों तक मुकाबला करेंगे। इन मुकाबलों के बाद ईस्पोर्ट्स वर्ल्ड कप क्लब चैंपियन का फैसला होगा।

## हाई-एंड कंप्यूटर मात्र 599 रुपए में
# मप्र-छग में जियो-पीसी बना कंप्यूटर प्रेमियों की पहली पसंद

**वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल**




डेस्कटॉप

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में कंप्यूटर की चाह रखने वाले लोगों के बीच रिलायंस जियो का 'जियो-पीसी' खासा लोकप्रिय हो रहा है। यह एक अत्याधुनिक क्लाउड-आधारित वर्चुअल डेस्कटॉप है, जो आपके घर या दफ्तर में मौजूद साधारण टीवी स्क्रीन को पल भर में एक पावरफुल पर्सनल कंप्यूटर में बदल देता है। जियो की यह तकनीक उन लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है, जो कम खर्च में बेहतर कंप्यूटिंग अनुभव चाहते हैं।

और साथ ही इस सुविधा में कोई मेंटनेंस भी नहीं लगता। जियोफाइबर या जियो एयरफाइबर के कनेक्शन मौजूद जिन ग्राहकों के पास पहले से जियोफाइबर या जियो एयरफाइबर के कनेक्शन मौजूद हैं, वे मासिक प्लान लेकर इस सेवा का लाभ उठा सकते हैं। वहीं, नए उपयोगकर्ताओं के लिए कंपनी ने एक विशेष ऑफर पेश किया है, जिसके तहत वे इस सेवा का एक महीने तक निःशुल्क उपयोग कर सकते हैं। यह प्लेटफॉर्म न केवल रोजमर्रा के दफ्तरी कामकाज के लिए उपयुक्त है, बल्कि इसकी शानदार प्रोसेसिंग क्षमता के कारण इस पर गेमिंग और ग्राफिक रेंडरिंग जैसे भारी काम भी आसानी से किए जा सकते हैं। आर्थिक दृष्टि से देखें तो यह तकनीक बेहद किफायती है। बाजार में जियो-पीसी जैसी क्षमता वाला कंप्यूटर खरीदने पर 50 हजार रुपए से अधिक का खर्च आता है, जबकि जियो-पीसी के प्लान मात्र 599 रुपए प्लस जीएसटी प्रति माह से शुरू होते हैं।

## टैक्स लॉ बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित संगोष्ठी
# प्रथम अपील में पारित आदेश हो सकता है जीएसटी ट्रिब्यूनल में पेश




संगोष्ठी

**वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल**

वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट नवनीत गर्ग ने कर सलाहकारों को 2017 में जीएसटी आने के बाद राजधानी भोपाल में स्थापित ट्रिब्यूनल और शुरू होने वाली सुनवाई की प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने यह जानकारी टैक्स लॉ बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित संगोष्ठी में दी। इस मौके पर गर्ग ने जीएसटी अधिनियम की धारा 111, 112 एवं 113 में ट्रिब्यूनल में अपील से संबंधित प्रावधान के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि जीएसटी ट्रिब्यूनल की मुख्य बेंच दिल्ली में है एवं राज्यों में 31 पीठ है जो 36 राज्यों व केंद्र शासित क्षेत्रों की अपील देखेंगी। राज्यों की पीठ के आदेश के विरुद्ध अपील उस क्षेत्र के उच्च न्यायालय में एवं मुख्य पीठ के आदेशों की अपील सर्वोच्च न्यायालय में की जा सकती है। 31 मार्च 2026 तक पारित आदेशों के विरुद्ध 30 जून तक अपील प्रस्तुत की जा सकती है। उन्होंने बताया कि अगर वाद राशि 50 हजार से कम है तो ट्रिब्यूनल अपील सुनने से मना कर सकता है। अपील प्रस्तुत करने के लिए न्यूनतम 5 हजार फीस लगेगी। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मृदुल आर्य, उपाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, सचिव मनोज पारख, सहसचिव संदीप चौहान, कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य अरुण जैन, मनीष त्रिपाठी, केके वर्मा आदि उपस्थित थे।

## बिजनेस न्यूज

### कॅरियर कॉलेज में विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन



**भोपाल।** कॅरियर कॉलेज के व्यक्तित्व मूल्यांकन एवं विकास प्रकोष्ठ (पीएडीसी) ने आत्मविश्वास का चक्र -आत्मविश्वास एक आदत मात्र है विषय पर एक विशेषज्ञ वार्ता का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह सत्र संस्थान की नवाचार परिषद (आईआईसी) और एपेक्स एसडीजी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि वक्ता धीरेंद्र पाठक के हार्दिक स्वागत के साथ हुआ, जो एक जाने-माने सुरक्षा संदेशवाहक और प्रेरक वक्ता हैं। उन्होंने बताया कि कैसे बार-बार किए गए कार्यों, आत्म-विश्वास और अनुशासित आदतों के माध्यम से आत्मविश्वास विकसित होता है। वास्तविक जीवन के उदाहरणों और संवादात्मक चर्चाओं के माध्यम से उन्होंने आत्मविश्वास के चक्र की अवधारणा को समझाया और आत्म-जागरूकता, सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास के महत्व पर जोर दिया।श्री पाठक ने छात्रों को दैनिक जीवन में आत्मविश्वास बढ़ाने वाली गतिविधियों का अभ्यास करके भय, झिझक और आत्म-संदेह पर काबू पाने के लिए प्रेरित किया। सत्र संवादात्मक था और छात्रों ने प्रश्न पूछकर और अपने अनुभव साझा करके सक्रिय रूप से भाग लिया।

### सेंट पॉल को-एड के विद्यार्थियों ने दी अद्भुत प्रस्तुति



**भोपाल।** सेंट पॉल को-एड स्कूल में 77वें गणतंत्र दिवस को बहुत उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया, जिसमें एकता और कर्तव्य पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल बैंड के मधुर संगीत से हुई, जिसमें मुख्य अतिथि कर्नल शशि कुमार का स्वागत किया गया। बैंड के संगीत ने वातावरण को देशभक्ति की भावना से भर दिया। मुख्य अतिथि ने स्कूल प्रबंधक फादर सेबेस्टियन, प्रिंसिपल डॉ. फादर थॉमस, शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। छात्रों ने भावपूर्ण गीत और नृत्य प्रस्तुत किए, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। मुख्य अतिथि कर्नल शशि कुमार ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया। इस मौके पर विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल डॉ. फादर थॉमस ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महान नेताओं के दिखाए मार्ग पर चलना और राष्ट्र को आगे बढ़ाना हमारा कर्तव्य है।

### एक्सिस बैंक ने मप्र में 3.20 लाख परिवारों को आर्थिक सहयोग दिया



**भोपाल।** एक्सिस बैंक फाउंडेशन अपने सस्टेनेबल लाइवलीहुड प्रोग्राम के जरिए मध्य प्रदेश में 45 से अधिक जिलों के 3.20 लाख से ज्यादा परिवारों को सहयोग दे रहा है। यह कार्यक्रम आदिवासी, वन और कृषि क्षेत्रों में लागू है और वर्षा पर निर्भर खेती, जलवायु बदलाव से होने वाले जोखिम और सामाजिक विविधता जैसी चुनौतियों का स्थानीय स्तर पर समाधान करता है। इसमें छोटे किसान, महिलाएं, आदिवासी समुदाय, भूमिहीन परिवार, ग्रामीण युवा और दिव्यांगजन शामिल हैं। कार्यक्रम आजीविका, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, सामाजिक अधिकारों और स्थानीय संस्थाओं को मजबूत करने पर केंद्रित है। यह काम एएसए, एफईएस, प्रधान, एसपीएस, सृजन, टीआरआईएफ, वाग्धारा, इनेबल इंडिया, कार्ड, उद्योगिनी, पीएसआई, जेनरेशन इंडिया फाउंडेशन और एईजीएफ जैसे जमीनी संगठनों के साथ मिलकर किया जा रहा है।

### एयू स्मॉल बैंक के सहयोग से चला एयू उद्योगिनी कार्यक्रम



**भोपाल।** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग से मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन द्वारा संचालित एयू उद्योगिनी कार्यक्रम कमजोर, दिहाड़ी मजदूरी करने वालों के लिए आत्मनिर्भर बनाने साथ जीवन यापन का साधन उपलब्ध कराने कि दिशा में अहम कदम उठाया जा रहा है। इसी कड़ी में उद्योगिनी कार्यक्रम से जुड़ी विदिशा जिले के एक छोटे से गांव में जन्म से बहरी एक युवती मोनिका कुशवाहा और उनके पति सुनपुरा गांव के निवासी है और अनिश्चितता के साए में जी रहे थे को सुनियोजित उद्यमिता प्रशिक्षण और करीबी मार्गदर्शन के माध्यम से व्यवसाय की योजना बनाना, वित्त प्रबंधन करना और ग्राहकों से जुड़ना सिखाया और मोनिका के दृढ़ संकल्प और कार्यक्रम के समावेशी दृष्टिकोण की बदौलत गांव में एक किराना स्टोर खोला और यह दुकान परिवार के लिए दैनिक आवश्यक वस्तुओं का एक विश्वसनीय स्रोत बन गई।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील औबेदुल्लागंज जिला रायसेन**

प्रकरण क्रमांक 0031/अ-70/2025-26

:: विज्ञप्ति ::

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री शशिकिरण यादव आ. बृजमोहन यादव निवासी ग्राम खिल्लीखेडा के द्वारा इस न्यायालय में धारा 250 म.प्र. भू.रा. संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया कि ग्राम खिल्लीखेडा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 144/2/2 रकबा 0.826 हेक्टेयर भूमि खातेदार श्री शशिकिरण यादव आ. बृजमोहन यादव के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। आवेदक के द्वारा भूमि का सीमांकन कराया। आवेदक की भूमि खसरा नं. 144/2/2 रकबा 0.826 हेक्टेयर के अंशभाग 0.138 हेक्टेयर पर अनावेदिका भगवतीबाई पत्नी श्री रामसिंह का अवैध कब्जा पाया गया। अंशभाग 0.017 हेक्टेयर पर अनावेदक श्री भूपेन्द्र राजपूत आ. श्री रामसिंह राजपूत का अवैध कब्जा पाया गया। अंशभाग 0.003 हेक्टेयर पर अनावेदक श्री लक्ष्मीनारायण आ. श्री भैयालाल, निर्मला श्रीवास्तव पत्नी श्री महेश, नमीषा पुत्री श्री महेश का अवैध कब्जा पाया गया गया। आवेदक के द्वारा उक्त भूमि का कब्जा दिलाये जाने कर निवेदन किया गया है। अतः उक्त भूमि पर धारा 250 के तहत अवैध कब्जा किये जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 15 दिवस के भीतर न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील औबेदुल्लागंज जिला रायसेन म.प्र. में प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि उपरांत प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। विज्ञप्ति आज दिनांक 28.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार औबेदुल्लागंज**

**पश्चिम मध्य रेल**

मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय
टीआरडी शाखा भोपाल
सं. भोपाल/टीआरडी/ड्राइंग/डब्ल्यू.सी./466 दिनांक 28/01/2026

**खुली ई-निविदा सूचना**

वरि. मंडल विद्युत इंजी./टीआरडी/पश्चिम मध्य रेल, भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक व समय को ई-टेण्डर आमंत्रित करते है। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, इस टेन्डर के लिये कोई मॅन्युअल ऑफर मान्य नही है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। जिसे टेण्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। **निविदा क्र.:** बीपीएल/टीआरडी/डीआरजी/डब्ल्यू सी/466 **कार्य का विवरणः** भोपाल डिवीजनः ओएचई वर्क फॉर एक्सीक्यूशन ऑफ पार्ट ऑफ पीएसएसएस जीसीटी (फेज-1) ऑन प्राइवेट लैंड, इन प्लांट सर्वड एट बीर स्टेशन बाय एमपीपीजीसीएल (इलेक्ट्रिकल टीआरडी वर्क)। **कार्य समाप्त करने की अवधिः 06 माह। अनुमानित लागत रू. 81,21,917.38 ईएमडी रू.** में 1,62,400.00 जमा करने की अंतिम तारीख एवं **समयः** 18/02/2026 को 11.00 बजे तक।

कृते वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर
टीआरडी/भोपाल

455/2025

खान-पान से संबंधित शिकायत हेतु टोल फ्री नम्बर 1800111321 पर सम्पर्क करें।

PROFORMA NO. IV
(See sub rule (2A) of rule 5)
Summons/ Notice through Paper Publication under subsection (4) of section 19 of the Act, read with sub rule 2A of rule 5 of the Debts Recovery Tribunal (procedure) rules 1993
BEFORE DEBT RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR AT
2ND & 3RD FLOOR, SANCHAR VIKAS BHAVAN (BSNL BUILDING), NEAR HEAD POST OFFICE RESIDENCY ROAD, JABALPUR - 482001, MP
Case No. O.A. No./1029/2024

BANK OF BARODA
NATIONALISED BANK AND
A SUBSIDIARY OF GOVERNMENT OF INDIA
REGISTERED OFFICE- BANK OF BARODA
BARODA HOUSE, MANDVI, VADODRA, GUJARAT 390 001
BRANCH OFFICE AMONGST OTHER PLACES AT- BANK OF BARODA,
BRANCH- ROSARB BRANCH, BASEMENT PLOT NO. 11 & 12, BANJARI, KOLAR MAIN ROAD, BHOPAL (M.P.) 462042
....APPLICANT

-VERSUS-

1. SHRI SANTOSH SURYAWANSHI SON OF MR. NIRBHAY SURYAWANSHI, ADDRESS- HINDUSTAN ELECTRICALS, HOUSE NO. 03, KASERA GALI, NEAR DURGA MANDIR, REGIMENT ROAD, SHAHAJAHANABAD, BHOPAL (M.P.) **(BORROWER)**
2. SMT. JAMNA SURYAWANSHI WIFE OF MR. SANTOSH SURYAWANSHI, ADDRESS PLOT NO. F-16, MAYA ENCLAVE, PHASE-6, GRAM- LAMBAKHEDA, TEHSIL HUZUR, BHOPAL (M.P.) **(CO-BORROWER)**

------ DEFENDANTS

Where is **O.A.No./1029/2024** was listed before Hon'ble Presiding officer on Dt. **02/09/2024**
Whereas this Hon'ble Tribunal pleased to issue summons/notice on the said application under section 19 (4) of the Act, filed against you for recovery of debts for Rs. **24,86,206.44/-** with expenses and future interest along with copies of the documents etc. Annexed)
In accordance with sub Section (4) of Section 19 of the Act, you, the defendants are directed as under:
(i) To show Cause within 30 days of the service of summons as to why the relief prayed for should not be granted
(ii) To disclose the particulars of properties or assets other than properties and asset specified by the applicant under serial number 3 A of the Original Application
(iii) You are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other Assets and properties disclosed under serial number 3 A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of the properties
(iv) You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the sets over which security interest is created and / or other Assets and properties specified or disclosed under serial number 3 A of the Original Application without the prior approval of the Tribunal
(v) You shall be liable to account for the sale proceeds realised by the sale of securities assets or other Assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or Financial Institutions holding security interest over such assets.
You are also directed to file the return statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar on **09.02.2026 at 10:30 a.m.** failing which the application shall be heard and decided in your absence.
Given under my hand and Seal of the Tribunal on this **27th day of Jan 2026.**
By the order of the Tribunal.

Seal

**Registrar**
Debt Recovery Tribunal, Jabalpur

सत्यमेव जयते

**भारत सरकार**
**भारतीय विमानपत्तन आर्थिक नियामक प्राधिकरण**
**तीसरी मंजिल, उड़ान भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली-110003**

**भारतीय विमानपत्तन आर्थिक नियामक प्राधिकरण में डेटा विश्लेषक (सांख्यिकी) के तीन (03) पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।**

भारतीय विमानपत्तन आर्थिक नियामक प्राधिकरण (AERA) सांख्यिकी विश्लेषक के पदों (कुल तीन (03)) के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। कार्य विवरण (TOR) के अनुसार होगा। निर्धारित योग्यता और अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को रिक्ति के अनुसार संबंधित श्रेणी में नियुक्त किया जाएगा। रिक्तियों में बिना किसी पूर्व सूचना और बिना कोई कारण बताए परिवर्तन किया जा सकता है।
2. पात्रता मानदंड, कार्यक्षेत्र (TOR) आदि सहित सभी विवरण एईआरए की वेबसाइट www.aera.gov.in पर प्रकाशित रिक्ति सूचना में उपलब्ध हैं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **18.02.2026 शाम 5.30 बजे तक है।** आवेदन रिक्ति सूचना में उल्लिखित विवरण/तरीके के अनुसार जमा किए जाने चाहिए। निर्धारित तिथि और समय के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**उप प्रमुख**
**भारतीय विमानपत्तन आर्थिक नियामक प्राधिकरण,**
**तीसरी मंजिल, उड़ान भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली-110003**
**cbc 03112/12/0017/2526**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग बैतूल (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 13-डी.एल./2025-26 **निविदा सूचना** बैतूल, दिनांक 22/01/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क्र. | टेण्डर नम्बर | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि | समयावधि | भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर.एवं अन्य दस्वातेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2026_PWDRB _477253_1 | बैतूल | भवन कार्य | लो.नि.वि. उपसंभाग बैतूल के अन्तर्गत गैर आवासीय भवनों की वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत एवं लघुमूल गौण कार्य। (निक्षेप कार्य) | प्रथम आमंत्रण | 19.50 | 39,000/- | 07 माह (वर्षाकाल सहित) | EMD and all Documents Submission Online Only. |
| 2 | 2026_PWDRB _477267 1 | बैतूल | भवन कार्य | लो.नि.वि. उपसंभाग बैतूल के अन्तर्गत गैर आवासीय भवनों की रंगाई पुताई का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 19.50 | 39,000/- | 07 माह (वर्षाकाल सहित) | EMD and all Documents Submission Online Only. |
| 3 | 2026_PWDRB _477277_1 | बैतूल | भवन कार्य | महिला आई.टी.आई. परिसर बैतूल मे बाऊण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 5.34 | 10,676/- | 04 माह (वर्षाकाल सहित) | EMD and all Documents Submission Online Only. |
| 4 | 2026_PWDRB _477288_1 | बैतूल | भवन कार्य | महिला आई.टी.आई. बैतूल में प्रवेश द्वारा का रिनोवेशन कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 12.94 | 25,881/- | 04 माह (वर्षाकाल सहित) | EMD and all Documents Submission Online Only. |
| 5 | 2026_PWDRB _477331_1 | बैतूल | भवन कार्य | लो.नि.वि. उपसंभाग चिचोली के अन्तर्गत आवासीय भवनों की रंगाई पुताई का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 5.00 | 10,000/- | 06 माह (वर्षाकाल सहित) | EMD and all Documents Submission Online Only. |
| 6 | 2026_PWDRB _477345_1 | बैतूल | सड़क कार्य | लो.नि.वि. उपसंभाग चिचोली के अन्तर्गत पुल-पुलियो पहुँच मार्गो की वार्षिक मरम्मत का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 10.00 | 20,000/- | 06 माह (वर्षाकाल सहित) | EMD and all Documents Submission Online Only. |
| 7 | 2026_PWDRB _477365_ 1 | बैतूल | भवन कार्य | लो.नि.वि. उपसंभाग मुलताई के अन्तर्गत गैर आवासीय भवनों की वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत एवं लघुमूल गौण कार्य। (निक्षेप कार्य) | प्रथम आमंत्रण | 19.50 | 39,000/- | 07 माह (वर्षाकाल सहित) | EMD and all Documents Submission Online Only. |
| 8 | 2026_PWDRB _477376_1 | बैतूल | सड़क कार्य | ढोढरामोहर पहुँच मार्ग का बी.टी. रिनीवल। लम्बाई 0.20 कि.मी. | तृतीय आमंत्रण | 2.24 | 4,480/- | 01 माह (वर्षाकाल सहित) | EMD and all Documents Submission Online Only. |

उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अन्तिम दिनांक 09/02/2026 सायं 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट मे देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों मे प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग बैतूल (म.प्र.)**

जी - 24971/25 स्वच्छता ही सेवा है।

## चिंतन

# पवार हादसा और वीवीआईपी हवाई सुरक्षा पर उठते सवाल

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान दुर्घटना में मृत्यु केवल एक व्यक्ति की असमय विदाई नहीं है, बल्कि यह उस व्यवस्था पर कठोर प्रश्नचिह्न है, जो वीवीआईपी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताती है पर व्यवहार में बार-बार असफल होती दिखाई देती है। बारामती में लैंडिंग के दौरान हुआ यह हादसा, जिसमें पवार सहित पांच लोगों की जान चली गई। देश के लिए एक गंभीर चेतावनी है कि तकनीक, नियम और निगरानी के बीच कहीं गंभीर चूक है, जो वीवीआईपी समेत आमजन पर भी भारी पड़ती है। प्रारंभिक तथ्यों के अनुसार, विमान ने लैंडिंग की पहली कोशिश असफल होने पर दोबारा उतरने का प्रयास किया। दूसरी कोशिश में विमान रनवे से पहले ही गिर पड़ा और आग लग गई। न आपात संकेत भेजा गया, न 'मेडे' कॉल। तकनीकी खराबी और लैंडिंग गियर की समस्या की आशंका जताई जा रही है। फिर भी, यह प्रश्न अभी से उठ खड़ा हुआ है कि क्या वीवीआईपी उड़ानों में जोखिम-प्रबंधन उतना सुदृढ़ है, जितना दावा किया जाता है। यह हादसा किसी एक क्षण की गलती का परिणाम हो सकता है पर इसके पीछे की पृष्ठभूमि लंबी है। छोटे हवाई अड्डों की सीमित संरचना, निजी चार्टर सेवाओं की निगरानी, मौसम और नेविगेशन सूचना की गुणवत्ता और सबसे अहम, निर्णय लेने की प्रक्रिया में दबावों की भूमिका। जब उड़ानें समय-सारिणी और राजनीतिक कार्यक्रमों से बंध जाती हैं तो क्या सुरक्षा के निर्णयों पर अनकहा दबाव बनता है? यह पहली बार नहीं है, जब भारत ने विमान हादसों में अपने नेतृत्व को खोया है। अजित पवार की दुर्घटना हमें उन पुराने जख्मों की याद दिलाती है, जो समय के साथ भी भरे नहीं हैं। संजय गांधी, माधवराव सिंधिया, जी.एम.सी. बालयोगी, वाई.एस. राजशेखर रेड्डी, सीडीएस बिपिन रावत, होमी जहांगीर भाभा, विजय रूपाणी और ओपी जिंदल व चौधरी सुरेंद्र सिंह जैसे नाम केवल व्यक्ति नहीं, संस्थागत क्षति के प्रतीक थे। हर बार शोक व्यक्त हुआ, जांच बैठी, रिपोर्टें आईं पर क्या व्यवस्थागत सुधार स्थायी रूप से लागू हुए? यदि होते, तो ऐसी घटनाएं बार-बार क्यों दोहरातीं? यह केवल तकनीकी मुद्दा नहीं, बल्कि प्रशासनिक इच्छाशक्ति, जवाबदेही और पारदर्शिता का प्रश्न है। लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों का जीवन निजी नहीं होता। उनका अस्तित्व शासन की निरंतरता, नीति-निर्माण और सार्वजनिक हित से जुड़ा होता है, इसलिए उनकी सुरक्षा को भावनात्मक सहानुभूति के बजाय संस्थागत जिम्मेदारी के रूप में देखना होगा। वीवीआईपी उड़ानों के लिए स्वतंत्र और नियमित सुरक्षा ऑडिट, पायलट के निर्णय की पूर्ण स्वायत्तता, आधुनिक नेविगेशन और लैंडिंग सहायता प्रणालियों की अनिवार्यता ये अब विकल्प नहीं, आवश्यक शर्तें हैं। विशेषकर छोटे हवाई अड्डों पर संरचनात्मक मानकों की समीक्षा जरूरी है। रनवे की दृश्यता, ग्राउंड-सपोर्ट सिस्टम, मौसम-डेटा की रियल-टाइम उपलब्धता और आपात प्रतिक्रिया की तैयारी इन सब पर समान रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए। निजी चार्टर कंपनियों पर भी वही सख्त नियम लागू होने चाहिए जो वाणिज्यिक उड़ानों पर होते हैं और उल्लंघन पर दंड केवल कागज़ी न रहकर वास्तविक और प्रभावी होना चाहिए। नागर विमानन मंत्रालय को एक व्यापक 'नेशनल वीवीआईपी एयर सेफ्टी पॉलिसी' लागू करनी चाहिए। सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि इस त्रासदी से व्यवस्था बदले, ताकि भविष्य में कोई उड़ान, कोई जीवन और कोई जिम्मेदारी इस तरह अधर में न रहे।



नमन
नृपेन्द्र अभिषेक नृप

अजित पवार, जो दशकों से महाराष्ट्र की राजनीति के एक मजबूत स्तम्भ रहे हैं, विमान लैंडिंग हादसे का शिकार हो गए। उनकी पहचान केवल एक राजनेता के तौर पर नहीं थी, बल्कि वे एक ऐसे नेता थे जिन्हें जनता ने 'दादा' कहकर सम्मान दिया। इस संबोधन में एक भावनात्मक जुड़ाव झलकता था– एक ऐसा सम्मान जो वे वर्षों के जन-समर्थन, बातचीत और कार्यों के कारण अर्जित कर पाए थे। उनकी कार्यशैली तेज़, निर्णायक और प्रभावशाली रही। वे हमेशा जनता के बीच संवाद बनाए रखने में विश्वास रखते थे। पवार का अचानक और अप्रत्याशित निधन न केवल एक नेता की मृत्यु है, बल्कि महाराष्ट्र राजनीति के एक अद्वितीय अध्याय का अंत भी है।

# राजनीति के अनुभवी स्तंभ थे अजित पवार

बुधवार की सुबह, जब महाराष्ट्र की राजनीति नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने वाली थी, एक ऐसी खबर ने सबको हैरान कर दिया जिसकी किसी ने भी कल्पना नहीं की थी। अजित पवार, जो दशकों से महाराष्ट्र की राजनीति के एक मजबूत स्तम्भ रहे हैं, अपने निजी विमान से बारामती की ओर जा रहे थे, तब उनका विमान लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पवार सहित सभी सवारों को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया। प्रारंभिक अधिकारियों के अनुसार लैंडिंग की प्रक्रिया के दौरान विमान संतुलन खो बैठा और रनवे के पास ही जोरदार टक्कर के साथ क्रैश-लैंड हो गया, जिससे यह भयावह दृश्य बना।

यह दुर्घटना राज्य के लिए एक बड़ा सदमा है, जिसने राजनीतिक, प्रशासनिक और जनता के सामूहिक मन को झकझोर दिया है। अजित अनंतराव पवार का जन्म 22 जुलाई 1959 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के देओलाली-प्रवरा में हुआ था। वह एक राजनीतिक परिवार से थे, जिनके चाचा शरद पवार भारतीय राजनीति के अग्रणी नेतृत्व रहे हैं। युवा अवस्था से ही उन्होंने राजनीति में रुचि विकसित की और समाज सेवा तथा संगठनवाद में सक्रिय भूमिका निभाई। उनका राजनीतिक सफ़र सहकारी आंदोलन से शुरू हुआ। 1982 से उन्होंने स्थानीय और ग्रामीण राजनीतिक कार्यों में भाग लिया और जल्दी ही अपने तेज़ संगठनात्मक कौशल के कारण लोकप्रिय हो गए। 1991 में उन्होंने बारामती विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की, जिसके बाद वे महाराष्ट्र राजनीति के केंद्र में आ गए। उनकी राजनीतिक यात्रा केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं थी। उन्होंने पुणे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष के रूप में 16 वर्ष तक काम किया, जहां से उन्हें ग्रामीण और सहकारी क्षेत्रों में व्यापक समर्थन मिला। इससे उन्हें महाराष्ट्र की राजनीति के सबसे मजबूत नेताओं में से एक बनाया गया। वह बारामती निर्वाचन क्षेत्र से कई बार लगातार विधायक चुने गए और विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों जैसे कृषि, बागवानी, बिजली, जल संसाधन और वित्त एवं योजना मंत्रालयों का नेतृत्व किया। विशेष रूप से जल संसाधन विभाग में उन्होंने कृष्णा घाटी तथा कोकण सिंचाई जैसी परियोजनाओं पर काम किया, जिससे कृषि-आधारित समुदायों को व्यापक लाभ हुआ। अजित पवार ने महाराष्ट्र की राजनीति में एक अनूठा योगदान दिया। उन्होंने 2000 के दशक की शुरुआत से राज्य के शासन में कई महत्वपूर्ण पद संभाले और विविध सरकारों में अपना स्थान बनाए रखा। 2010 में उन्हें पहली बार उपमुख्यमंत्री का पद प्राप्त हुआ, लेकिन 2013 में सिंचाई घोटाले के आरोपों के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। हालांकि बाद में क्लीन चिट मिलने के बाद वे फिर से पद पर लौट आए, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि राजनीतिक चुनौतियों ने भी उनके सामर्थ्य को कम नहीं किया। आज वह महाराष्ट्र के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले उपमुख्यमंत्रियों में से एक माने जाते थे, और उनके प्रशासनिक कौशल तथा संगठन शक्ति की वजह से उन्हें विशेष सम्मान मिला। उनके योगदान ने कई योजनाओं और नीतियों को आकार दिया, जिससे राज्य के विकास की दिशा प्रभावित हुई।

राजनीति में किसी भी नेता का सफ़र विवादों से मुक्त नहीं रहता और पवार भी इससे अछूते नहीं थे।



2013 में दिया गया एक विवादित बयान जब आलोचना की भेंट चढ़ा, तब उन्हें माफी मांगनी पड़ी थी। इसके अलावा 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को धमकाने के आरोप भी लगे। समय-समय पर भ्रष्टाचार तथा पद दुरुपयोग के मुद्दों ने भी उनके राजनीतिक जीवन को जटिल बना दिया। लवासा लेक सिटी जैसी परियोजनाओं में कथित मदद के आरोपों ने भी उनके व्यवहार को लेकर सुर्खियां बनाई। इन विवादों के बावजूद उनका जन-समर्थन और राजनीतिक प्रभाव कम नहीं हुआ, बल्कि उनके प्रशंसकों का मानना रहा कि प्रशासनिक क्षमता तथा संगठनात्मक कौशल ने उनके विवादों को परास्त किया। उनकी राजनीतिक छवि अक्सर विरोधाभासी रही, जहां एक ओर आलोचक उन्हें कठोर राजनीतिक प्रक्रियाओं में शामिल मानते थे, वहीं समर्थक उन्हें एक कुशल, अनुभवी और लोक-सम्मानित नेता के रूप में देखते थे। इसी विरोधाभासी छवि ने उन्हें महाराष्ट्र राजनीति का एक मजबूत स्तम्भ बनाया। अजित पवार की पहचान केवल एक राजनेता के तौर पर नहीं थी, बल्कि वे एक ऐसे नेता थे जिन्हें जनता ने "दादा" कहकर सम्मान दिया। इस संबोधन में एक भावनात्मक जुड़ाव झलकता था- एक ऐसा सम्मान जो वे वर्षों के जन-समर्थन, बातचीत और कार्यों के कारण अर्जित कर पाए थे। उनकी कार्यशैली तेज़, निर्णायक और प्रभावशाली रही। वे हमेशा जनता के बीच संवाद बनाए रखने में विश्वास रखते थे। बारामती और उसके आसपास के क्षेत्रों में उन्होंने जल कृषि, आधारभूत संरचना, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में निवेश के माध्यम से उन समुदायों को सीधे रूप से लाभ पहुंचाया। उनके नेतृत्व में कई योजनाएं और बजट पर निर्णय महाराष्ट्र की आर्थिक दिशा में स्थिरता और विकास का आधार बने। उनका नाम कई बार राज्य के बजट तैयार करने वाले नेता के रूप में भी सामने आया, क्योंकि उन्होंने वित्तीय मामलों में गहरी समझ और विस्तृत बारीकी दिखाई। अजित पवार महाराष्ट्र के उन नेताओं में थे जिन्होंने राजनीतिक स्थिरता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जब-जब भी गठबंधन सरकारों के बीच सत्ता के समीकरण बदलते, पवार अपनी समझदार रणनीतियों के कारण राजनीतिक निर्णयों पर असर डालते रहे। उनकी राजनीतिक सूझ-बूझ ने अक्सर नीतिगत दिशा को प्रभावित किया, और कई बार गठबंधन निर्णय उनके प्रभाव के बिना सम्भव नहीं थे। यह अकेला कोई कार्य नहीं था, बल्कि एक ऐसी राजनीतिक कला थी, जिसमें उन्होंने संगठन शक्ति, कौशल और प्रशासनिक अनुभव को शासकीय निर्णयों के साथ जोड़कर एक संगठित राजनीति की मिसाल पेश की। कई विश्लेषक मानते हैं कि उनके अनुभव की वजह से शासन-प्रशासन में संतुलन बन रहा था और निर्णय लेने में उनकी भूमिका निर्णायक थी। आज पवार के अचानक निधन के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में एक विशाल खालीपन महसूस किया जा रहा है। एक ऐसा नेता जिसने न केवल राजनीतिक मशीनरी को समझा, बल्कि उसे दिशाहीन समयों में भी मजबूती से थामा, अब नहीं रहे। उनकी मौत से यह स्पष्ट होता है कि राजनीति केवल पदों और शक्ति का नाम नहीं है; यह एक जन-सम्बंध, प्रशासन क्षमता, दूरदर्शिता और संघर्ष का मिश्रण है। पवार ने इन सभी चरित्रों को अपने जीवन में बख़ूबी अपनाया और महाराष्ट्र की राजनीति के इतिहास में अपनी एक स्थायी पहचान बनाई। आज वे नहीं हैं, पर उनकी याद, चर्चा और उनके कार्यों का प्रभाव लंबे समय तक राजनीति के परिदृश्य पर देखा जाएगा। अजित पवार का अचानक और अप्रत्याशित निधन न केवल एक नेता की मृत्यु है, बल्कि महाराष्ट्र राजनीति के एक अद्वितीय अध्याय का अंत भी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी



# विकास केंद्रित रणनीतिक बजट की उम्मीद

इन दिनों पूरे देश की निगाहें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा एक फरवरी को प्रस्तुत किए जाने वाले बजट की ओर लगी हुई है। सीतारमण का यह नौवां बजट होगा। उम्मीद की जा रही है कि इस बजट में जहां भारत के यूरोपीय संघ (ईयू) सहित विभिन्न देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए कारोबार और लॉजिस्टिक जैसे क्षेत्रों में साहसिक सुधारों की गति बढ़ाने की रणनीति होगी, वहीं 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के दृष्टिकोण से खपत और व्यय बढ़ाकर विकास दर बढ़ाने की भी विशेष रणनीति होगी। साथ ही गरीब, युवा, महिलाएं, किसान और मध्यम वर्ग के लिए राहत के प्रभावी प्रावधानों के साथ रक्षा, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग (एमएसएमई), हरित ऊर्जा और आर्थिक सुधारों पर बड़े ऐलान दिखाए देंगे। वित्त मंत्री राहत और विकास के बीच संतुलन बनाते हुए राजकोषीय घाटे को वित्त वर्ष 2026-27 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 फीसदी के स्तर पर सीमित रखने और 7.5 फीसदी विकास दर पाने की रणनीति के साथ आगे बढ़ते हुए दिखाई देंगी। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि वित्त मंत्री सीतारमण के समक्ष वर्ष 2026-27 का बजट तैयार करते समय चुनौतियों की श्रृंखला सामने है। वर्ष 2026-27 में राज्यों के साथ संसाधनों के बंटवारे को लेकर सोलहवें वित्त आयोग की सिफारिशों को लागू किए जाने पर भी अर्थव्यवस्था पर प्रभाव होगा। इन चुनौतियों के बावजूद इस समय वित्त मंत्री की मुठ्ठियों में विभिन्न वर्गों को राहत देने और विकास की विभिन्न योजनाओं के लिए प्रभावी आवंटन हेतु कर संग्रहण संबंधी मजबूत परिदृश्य मौजूद हैं। चालू वित्त वर्ष के तहत 7.4 फीसदी विकास दर प्राप्ति के संकेत अच्छे आर्थिक परिदृश्य के प्रतीक हैं। चालू वित्त वर्ष में आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में प्रभावी वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से दिसंबर 2024 तक आयकर सहित प्रत्यक्ष कर संग्रहण 17 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है, जो कि पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 8 फीसदी से भी ज्यादा है। उम्मीद की जा रही है कि वित्त मंत्री आगामी वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 12 से 12.5 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचाते हुए दिखाई देंगी। नए बजट में महिलाओं के लिए विशेष क्रेडिट कार्ड, ऋण तथा बीमा प्लान की घोषणाएं हो सकती हैं।

नए बजट में वित्त मंत्री रोजगार, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, ग्रामीण विकास, सिंचाई तथा वेयरहाउसिंग संबंधी प्रोत्साहन, पीएलआई योजना का दायरा बढ़ाने, रियल एस्टेट सेक्टर और आवास सेक्टर को प्रोत्साहन, डिजिटल क्रांति को आगे बढ़ाने, पीएम सूर्य मुफ्त बिजली योजना तथा स्वच्छ ऊर्जा के लिए अधिक आवंटन करते हुए दिखाई दे सकती हैं। प्रधानमंत्री कौशल मुद्रा योजना की शुरुआत संभावित है। ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ाने के लिए शिक्षण-प्रशिक्षण पर अधिक आवंटन संभावित है। सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में निवेश, रेलवे, शहरी बुनियादी ढांचे में सुधार और क्षमता संवर्धन के साथ दीर्घावधि वृद्धि को बनाए रखने, वैश्विक क्षमता निर्माण और एकीकरण के लिए विभिन्न क्षेत्रों में मिशन मोड के नए सुधार नए बजट के माध्यम से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेंगे। साथ ही आगामी बजट के माध्यम से वित्त मंत्री सीतारमण तेज विकास के लिए जरूरी और वित्तीय सुधारों को लागू करने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने, उद्योग जगत की लाजिस्टिक्स लागत घटाने, रोजगार सृजित करने वाले मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करने संबंधी बुनियादी रणनीतियां प्रस्तुत करते हुए दिखाई देंगी। यह भी संभावना है कि आगामी बजट में वित्त मंत्री युवाओं के बीच रोजगार बढ़ाने, कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, डिजिटल कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को रोजगार बाजार की उभरती जरूरतों के अनुरूप ढालने, निजी निवेश को प्रोत्साहित करने, वित्तीय समावेशन को बेहतर करने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने संबंधी प्रभावी प्रावधानों से सजाते हुए दिखाई दे सकती हैं। वित्त मंत्री सीतारमण नए बजट में किसान क्रेडिट कार्ड के तहत उधार की सीमा बढ़ाने और खाद्य महंगाई पर काबू पाने के लिए आपूर्ति संबंधी नए कदमों के साथ आगे बढ़ती हुई दिखाई दे सकती हैं। वित्त मंत्री तेज रोजगारोन्मुखी निर्यात क्षेत्रों से निर्यात बढ़ाकर नए रोजगार अवसरों को निर्मित कर सकती हैं। उम्मीद करें कि नया बजट आम आदमी के लिए राहत, बाजार के लिए रफ्तार और विकसित भारत के लिए साहसिक सुधारों को आगे बढ़ाने वाला ऐतिहासिक बजट होगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## गलत सोच का चश्मा जल्दी उतार देना चाहिए



संकलित
दर्शन

जब सोच निषेधात्मक या गलत होती है, तब वह सुख को भी दुख में परिवर्तित कर देती है। गलत सोच का चश्मा जितनी जल्दी हो, उतार देना चाहिए। बुरे विचार जितना दूसरों का नुकसान करते हैं, उतना ही स्वयं का भी करते हैं। कारण अपनी ही सुरक्षा को लेकर डरा दिमाग ढंग से नहीं सोच पाता। हम स्वार्थी हो जाते हैं, केवल अपने बारे में ही सोचते हैं। कहा गया है कि आपके विचार वहां तक ले जाते हैं, जहां आप जाना चाहते हैं। पर कमजोर विचारों में दूर तक ले जाने की ताकत नहीं होती। हम जो हैं वह सब विचारों का फल है। जो हम सोचते हैं, वही बन जाते हैं। मनुष्य अपने कार्यों से दूसरों को नुकसान पहुंचाता है और अपने विचारों से स्वयं को। गलत सोच एवं अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों को धनवान और प्रतिष्ठित होते देख आदमी में नकारात्मक चिंतन जागता है। अपनी ईमानदारी उसे मूर्खतापूर्ण लगती है। वह पुनर्चिंतन करता है-क्या मिला मुझे आदर्शों पर चलकर? यह नकारात्मक चिंतन उसे भी गलत सोच के दलदल में उतार देता है। समाज में भ्रष्ट और बेईमान लोगों की उत्पत्ति इसी तरह के गलत विचारों के संक्रमण से हुई। इस तरह का गलत सोच हमारी दुनिया को छोटा कर देता है। भीतर और बाहरी दोनों ही दुनिया सिमट जाती हैं। तब हमारी छोटी-सी सफलता अहंकार बढ़ाने लगती है। थोड़ा-सा दुख अवसाद का कारण बन जाता है। कुल मिलाकर सोच ही गड़बड़ हो जाता है। अपने ही बोले हुए को सुनते रहना ज्यादा सीखने नहीं देता।

## तुलसीदास ने बताया श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित
प्रेरणा

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक बार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहा- उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान के दर्शन हो जाएंगे। वह त्रिशूल गाड़कर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुड़सवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहा- क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोला- जी हां ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूल पर कूद पड़ा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गए। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## सटाका




## आज की पाती

### लाला लाजपतराय का प्रेरणादायक जीवन

भारत में बहुत से महापुरुष हुए। इन महापुरुषों ने भारत को ही नहीं, बल्कि दुनिया को अच्छे मार्ग पर ले जाने के लिए बहुत से काम किए और दुनिया के लिए प्रेरक बनें। इन्हीं में से एक थे लाला लाजपतराय। उनका जन्म 28 जनवरी, 1865 को पंजाब में हुआ था। वह लेखक, वकील, क्रांतिकारी और बहुत से अच्छे गुणों से परिपूर्ण थे। उनका देश की आजादी में भी महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने साइमन कमीशन का विरोध वर्ष 1928 में किया था। इस विरोध के कारण उन पर लाठीचार्ज भी हुआ था। उन्हें पंजाब का शेर और पंजाब केसरी की उपाधि से नवाजा गया था। उन्होंने आर्य समाज के लिए भी काम किया था। उनकी जयंती पर राष्ट्र उन्हें नमन कर रहा है। *– प्रतीक जैन, धमतरी*

## ट्रेंड

### महिला नेतृत्व विकास



मोदी सरकार का स्पष्ट मानना है कि देश का समग्र विकास तभी संभव है, जब सभी देशवासियों को समान अधिकार और अवसर मिलें। इसी सोच के तहत आज भारत महिला नेतृत्व विकास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है।

**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री**

### दिलदार मित्र खोया



ज़मीन से जुड़े जननेता और सहयोगी, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजितदादा पवार की विमान दुर्घटना में निधन की खबर से मन व्यथित है। मैंने अपना एक दमदार और दिलदार मित्र खो दिया है। यह घटना महाराष्ट्र के लिए अत्यंत पीड़ादायक है।

**- देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र**

### झुग्गी बस्तियों का विकास



हमारी सरकार ने झुग्गी बस्तियों के विकास के लिए अलग से 700 करोड़ का विशेष फंड निर्धारित किया है। यह केवल बजट प्रावधान नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करने का ठोस संकल्प है कि मूलभूत सुविधाएं और गरिमा भरा जीवन हर परिवार तक पहुंचे।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### सनातनी परंपरा



भाजपा के दंभ ने अनादिकाल से चली आ रही सनातनी परंपरा को तोड़ दिया है। जगद्गुरु शंकराचार्य का तीर्थराज प्रयाग की धरती पर माघमेले को बिना पवित्र स्नान किए छोड़कर जाना एक अत्यंत अनिष्टकारी घटना है।

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

# कैम्ब्रिज विवि ने भारत में नया शोध केंद्र किया शुरू



ब्रिटेन के प्रतिष्ठित कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने भारत में अपनी पहुंच का विस्तार करते हुए एक नए शोध केंद्र की शुरुआत और शीर्ष स्तर के स्नातक छात्रों के लिए अतिरिक्त प्रवेश मार्गों की घोषणा की है। विश्वविद्यालय ने बताया कि 'कैम्ब्रिज -इंडिया सेंटर फॉर एडवांस्ड स्ट्डीज' (सीएएस) नवाचार, शोध और शिक्षण पर केंद्रित होगा तथा ब्रिटेन के अग्रणी विश्वविद्यालय और भारत की तेजी से बढ़ती ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करेगा। यह नया केंद्र भारत में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय की गतिविधियों के लिए एक केंद्रीय मंच के रूप में काम करेगा और बौद्धिक आदान-प्रदान, नीति निर्माण में योगदान और सामाजिक प्रभाव को बढ़ावा देगा। कैम्ब्रिज की कुलपति डेबोरा प्रेंटिस ने कहा, कैम्ब्रिज -इंडिया सीएएस भारत के श्रेष्ठ शोधकर्ताओं और नवोन्मेषकों के साथ सहयोग स्थापित करने और इस तेजी से बढ़ती ज्ञान अर्थव्यवस्था के साथ संबंध मजबूत करने का एक रोमांचक अवसर है। इस सप्ताह दिल्ली आए वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहीं प्रोफेसर प्रेंटिस ने यह भी घोषणा की कि विश्वविद्यालय कुछ स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए अतिरिक्त आवश्यकताओं के साथ सीबीएसई की 12वीं कक्षा की योग्यता को मान्यता देगा।

## ऑफ बीट

# कसरत की थकान से उबरने में आइस बाथ है लोकप्रिय



पिछले कुछ साल में 'आइस बाथ' का चलन तेजी से बढ़ा है। दुनिया भर में खुद को स्वस्थ रखने वाले और व्यायाम करने वाले लोग इसे अपना रहे हैं, हालांकि पहले केवल एथलीट ही इसका उपयोग करते थे। 'आइस बाथ' का मतलब बर्फ के छोटे-छोटे टुकड़ों से भरे पानी में नहाना है। कसरत की थकान से उबरने के लिए 'आइस बाथ' 'आइस बाथ' लेने का मुख्य कारण मांसपेशियों में दर्द को कम करना और व्यायाम के बाद थकान से उबरना है। धावक, भारोत्तोलक और फुटबॉल खिलाड़ी सहित एथलीट आमतौर पर 'आइस बाथ' का उपयोग करते हैं। इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि 'आइस बाथ' लेने से कसरत के बाद होने वाली थकान को दूर किया जा सकता है। शोध से पता चला है कि गहन व्यायाम के तुरंत बाद 'आइस बाथ' लेने से अगले कुछ घंटे और दिनों में मांसपेशियों का दर्द कम हो सकता है। 'आइस बाथ' से मांसपेशियों की ताकत, मजबूती और लचीलेपन जैसी चीजों में मदद मिल सकती है। 'आइस बाथ' से व्यायाम के बाद होने वाली सूजन, मांसपेशियों की सूजन और मांसपेशियों की क्षति जैसी चीजों में सुधार हो सकता है। अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें लगातार कई दिन तक तीव्र व्यायाम करना पड़ता है तो आपके लिए 'आइस बाथ' एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में भूस्खलन

# दर्जनों पालतू जानवर मलबे में दबे, हिमाचल के पांगी में हिमस्खलन, सभी सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के कुंतवाड़ा क्षेत्र में बुधवार को हुए भूस्खलन में भेड़ और बकरियों सहित 60 से अधिक पशुओं की जान चली गई। अधिकारियों ने बताया कि हस्ती पुल के पास भूस्खलन तब हुआ जब चरवाहों का एक समूह अपने पशुओं के साथ उस क्षेत्र को पार कर रहा था। तभी लगातार बारिश के चलते पहाड़ी से अचानक मलबा और पत्थर गिरने लगे जिससे पशुओं को संभलने का मौका नहीं मिला। कई जानवर मलबे के नीचे दब गए, लेकिन साथ आए चरवाहे बाल-बाल बच गए।

श्रीनगर में हवाई अड्डे पर उड़ानों का परिचालन फिर से शुरू

फिसलन से बचने सड़क पर नमक व यूरिया का छिड़काव कर रहे


कुंतवाड़ा क्षेत्र में भूस्खलन

### जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात शुरू

*मंगलवार को यातायात के लिए बंद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को बुधवार को आंशिक रूप से खोल दिया गया। अधिकारियों के अनुसार बर्फ साफ करने के बाद सड़क को दोनों तरफ से आवाजाही के लिए खोल दिया गया है। इस 270 किलोमीटर लंबे राजमार्ग पर केवल हल्के मोटर वाहनों के आवाजाही की ही अनुमति दी गई है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के कर्मी वाहनों की सुरक्षित आवाजाही को सुनिश्चित करने के लिए सड़क पर नमक और यूरिया का छिड़काव कर रहे हैं। बुधवार सुबह हवाई अड्डे पर उड़ानों का परिचालन फिर से शुरू हो गया।*


शिमला में बर्फ हटाई जा रही

### बर्फ से ढंक गए हिमाचल के ऊंचाई वाले इलाके

हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश-बर्फबारी के बाद बुधवार को धूप खिली। शिमला, कुल्लू, मंडी, चंबा, किन्नौर, सिरमौर, कांगड़ा जिले के ऊपरी इलाकों ने बर्फ की चादर ओढ़ ली है। मनाली में भारी बर्फबारी हुई है। वहीं शिमला शहर में भी रात को बर्फबारी हुई। पर्यटन स्थल कुफरी, खज्जियार, शिमला, नारकंडा, मनाली बर्फ से लद गए हैं। बर्फबारी से शिमला, कुल्लू, लाहौल स्पीति और चंबा समेत अन्य जिलों में करीब 500 सड़कें अभी भी बाधित हैं।


चंबा में पांगी में हिमस्खलन

### पांगी में हिमस्खलन

हिमाचल के चंबा जिले के जनजातीय क्षेत्र पांगी के मिंधल में डेढ़ फीट बर्फबारी के बीच ग्राम पंचायत मिंधल के सुखाई नाले में बीते शाम में हिमस्खलन होने से लोग खौफजदा हो गए। गनीमत रही कि हिमस्खलन के कारण किसी प्रकार के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। स्थानीय युवाओं ने सीटियां बजाकर अन्य लोगों को सचेत कर बड़ा नुकसान होने से बचाया।


### 13 राज्यों में बारिश ओले का अलर्ट

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, छत्तीसगढ, उड़ीसा, महाराष्ट्र के कुछ जिलों और पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों में अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार पश्चिमी हिमालयी राज्यों, जिनमें जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं, वहां छिटपुट बरसात और हिमपात होने की संभावना है। इन क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। साथ ही कुछ स्थानों पर खासकर ऊंचे इलाकों में भारी बर्फबारी और ओलावृष्टि भी हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### रूसी सैनिकों को कपड़े उतारकर पेड़ से बांधा

**मॉस्को।** यूक्रेन के खिलाफ युद्ध लड़ने से मना करने वाले रूसी सैनिकों को उनके ही कमांडर बहुत



बुरी तरह सजा दे रहे हैं। इसके कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। ऐसे ही एक वीडियो में कुछ सैनिकों को कपड़े उतारकर ठंड में पेड़ों से बांध दिया गया है। वे कड़ाके की ठंड में कांपते नजर आते हैं। एक वीडियो में एक सीनियर अधिकारी एक सैनिक के मुंह में जबरदस्ती बर्फ डालता है, जबकि सैनिक माफी मांगता है। अधिकारी उस पर चिल्ला रहे हैं।

### कोरिया में पूर्व फर्स्ट लेडी को 20 महीने की सजा

**सिओल।** साउथ कोरिया की पूर्व प्रथम महिला किम कियोन ही को रिश्वत मामले में 20 महीने की जेल



की सजा सुनाई गई है। यह फैसला उनके खिलाफ चल रहे तीन मामलों में से एक में आया है। किम, जेल में बंद पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल की पत्नी हैं। सियोल जिला अदालत ने उन्हें विवादित धार्मिक संगठन यूनिफिकेशन चर्च से महंगे तोहफे लेने का दोषी माना। इनमें शैनेल का हैंडबैग और ग्राफ ब्रांड का हीरे का हार शामिल है।

नहीं थम रही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'दादागीरी'

# अब क्यूबा को धमकाया, कहा- जल्द गिरेगी सरकार, वेनेजुएला से मिलने वाले पैसे खत्म


एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'दादागिरी' थमती नहीं दिख रही है। वेनेजुएला में तख्तापलट को अभी एक महीना भी नहीं बीता है कि अब अमेरिका की नजर कैरेबियन देश क्यूबा पर जा टिकी है। ट्रंप ने क्यूबा पर हमले की धमकी दी है, जिसके बाद क्यूबा में अफरा-तफरी मच गई है। युद्ध के डर से क्यूबा के पेट्रोल पंप से लेकर राशन की दुकानों पर लोगों की लंबी लाइन लग गई है। दरअसल वेनेजुएला, क्यूबा का सबसे बड़ा तेल का आपूर्तिकर्ता है। ऐसे में ट्रंप का कहना है कि एक बार वेनेजुएला क्यूबा को तेल और पैसा देना बंद कर देगा, तो क्यूबा की सरकार अपने आप गिर जाएगी।

बता दें, 3 जनवरी 2025 को अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला की राजधानी काराकास पर हमला करते हुए राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद से ट्रंप क्यूबा को लगातर धमकी दे रहे हैं। ट्रंप ने क्यूबा के सामने समझौता करने की पेशकश की थी। मगर, ट्रंप की धमकियों पर प्रतिक्रिया देते हुए क्यूबा के राष्ट्रपति मिगेल डियाज कैनेल ने साफ कर दिया है कि हम अमेरिका के सामने घुटने नहीं टेकेंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका जबरदस्ती क्यूबा पर दबाव नहीं बना सकता है।

युद्ध के डर से पेट्रोल पंप और राशन की दुकानों पर लंबी लाइन लग गई


मिगेल डियाज कैनेल


डोनाल्ड ट्रंप

### मिनेसोटा में निर्वासन पर जज ने लगाई रोक

अमेरिका में फेडरल जज फ्रेड बियरी ने एक बहुत ही अहम आदेश दिया है जिसमें एक पांच साल के इक्वेडोर बच्चे और उसके पिता को निर्वासित करने से रोक दिया गया है। यह फैसला अमेरिका के दक्षिणी टेक्सास के सत्र न्यायालय में सुनाया गया। पांच साल के लियम कोनेजो रामोस और उनके पिता एड्रियन अलेक्जेंडर कोनेजो एरियस को पहले मिनेसोटा से गिरफ्तार किया गया था। जज फ्रेड बियरी ने कहा है कि जब तक उनके मामले की सुनवाई नहीं हो जाती, तब तक उन्हें निर्वासित या दूसरे स्थान पर भेजा नहीं जा सकता। अब वे दोनों टेक्सास के डिली परिवार डिटेंशन सेंटर में हैं।

### टेक्सास में एच-1बी वीजा पर रोक

अमेरिका के टेक्सास राज्य में एच-1बी वीजा को लेकर रिपब्लिकन गवर्नर ग्रेग एबॉट ने राज्य की सभी एजेंसियों और सार्वजनिक विश्वविद्यालयों को अगले साल तक नए एच-1बी वीजा याचिकाएं दायर करने से रोकने का आदेश दिया है। गवर्नर एबॉट का कहना है कि इस अस्थायी रोक से एच-1बी वीजा के लिए 'कानूनी सुरक्षा ढांचा' तैयार करने का समय मिलेगा। इसके साथ ही, कांग्रेस अगर संघीय कानून में कोई बदलाव करती है और ट्रंप प्रशासन जो सुधार लागू करना चाहता है, उन्हें समझने और लागू करने का अवसर भी मिलेगा।

### क्यूबा की अर्थव्यवस्था संकट में

*क्यूबा पहले से अर्थव्यवस्था संकट में है, बिजली कटौती और तेल की कमी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। मेक्सिको ने हाल ही में तेल सप्लाई रद्द कर दिया, जिससे क्यूबा की मुश्किलें और बढ़ीं। पर्यटन भी घट गया है, जिससे राजस्व में भारी गिरावट हुई है। अपने गहरे होते ऊर्जा और आर्थिक संकट में, क्यूबा मैक्सिको, रूस और पहले वेनेजुएला जैसे सहयोगियों से मिलने वाली विदेशी सहायता और तेल शिपमेंट पर काफी हद तक निर्भर रहा है।*


पेट्रोल पंप पर कारों की कतार

यूएस व्यापार प्रतिनिधि की प्रतिक्रिया

### ईयू संग एफटीए से ज्यादा फायदे में रहेगा भारत: ग्रीर

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर की गई महत्वपूर्ण घोषणा के तुरंत बाद अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मैंने भारत और ईयू के बीच हुए व्यापार समझौते की कुछ जानकारी देखी है। मेरे हिसाब से इसका सबसे ज्यादा फायदा भारत को ही होगा। एफटीए भी भारत के ही पक्ष में झुका हुआ नजर आ रहा है। जैसे ही ये समझौता लागू होगा। उसके बाद यूरोपीय बाजारों तक भारत की पहुंच बढ़ेगी यानी वो टॉप पर रहेगा। ग्रीर ने कहा कि अमेरिका द्वारा व्यापार नीति में की गई सख्ती का यह परिणाम है कि ईयू जैसे कई अन्य देश अब दुनिया के बाकी देशों में विकल्पों के रूप में नए बाजार तलाशने लगे हैं।


जैमीसन ग्रीर

#### भारत तेजी से उभरता बड़ा बाजार

*ग्रीर ने कहा कि दुनिया के देश भारत के रूप में एक बड़े और तेजी से उभरते हुए बाजार की तरफ देख रहे हैं। समझौते से लगता है कि ईयू द्वारा भारत को कुछ अतिरिक्त आप्रवासन अधिकार भी दिए जा सकते हैं। ईयू आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन पहले ही यूरोप में भारतीय कर्मियों की गतिशीलता बढ़ाने पर जोर दे चुकी हैं। उधर, ट्रंप प्रशासन ने अपनी नीति में सख्ती करते हुए टैरिफ बढ़ाने जैसे कई फैसले लिए हैं।*

यूएस के जंगी जहाजों से घिरा ईरान

## समर्थन में आए मुस्लिम देश, कहा हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल नहीं होने देंगे


अमेरिकी युद्धपोत अब्राहम लिंकन

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में विरोध प्रदर्शन शुरू होने के एक महीने बाद ईरान के अधिकारियों ने बुधवार को अमेरिका की तरफ से संभावित सैन्य हमले के खतरे को लेकर मध्य पूर्व के अन्य देशों से संपर्क साधा है। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने संकेत दिया है कि वे अपने हवाई क्षेत्र को किसी भी हमले के लिए इस्तेमाल नहीं होने देंगे। हालांकि, अमेरिका ने यूएसएस अब्राहम लिंकन और कई मिसाइल विध्वंसक पोतों को इस क्षेत्र में तैनात कर रखा है, जिनका उपयोग समुद्र से हमले करने के लिए किया जा सकता है। यही कारण है कि ईरान हमले से पहले कूटनीतिक तौर पर तेजी से काम कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर हमले का आदेश देंगे या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं है। हालांकि उन्होंने दो लक्ष्मण रेखाएं खींच दी हैं। उन्होंने प्रदर्शनकारियों की हत्या रोकने और गिरफ्तार सभी प्रदर्शनकारियों को छोड़ने को कहा है।

### जवाबी कार्रवाई के लिए ईरान तैयार

ट्रंप की धमकियों को देखते हुए ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई के लिए तैयारी तेज कर दी है। ईरान ने यूएसएस अब्राहम लिंकन पर नजर रखने और उसे निशाना बनाने के लिए गाजा ड्रोन तैनात किए हैं, जिनमें से प्रत्येक आठ लेजर-निर्देशित मिसाइलों से लैस है। यूएसएस अब्राहम लिंकन वर्तमान में ओमान के पास, ईरानी तटों से 700 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर स्थित है। वहीं, बुधवार को प्रदर्शनकारियों ने बताया कि ईरान की तरफ से प्रदर्शनों पर की गई खूनी कार्रवाई में कम से कम 6,221 लोग मारे गए और कई अन्य लोगों के भी मारे जाने की आशंका है। ईरान का सरकारी मीडिया प्रदर्शनकारियों को केवल आतंकवादी कह रहा है।

### मलिकी सत्ता में आए तो समर्थन नहीं देंगे: ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इराक को आगाह किया कि अगर उसके पूर्व पीएम नूरी अल-मलिकी फिर से सत्ता में आते हैं, तो अमेरिका देश का समर्थन नहीं करेगा। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब कुछ दिन पहले 'कोऑर्डिनेशन फ्रेमवर्क' नाम के प्रमुख राजनीतिक गठबंधन ने नूरी अल-मलिकी का समर्थन करने की घोषणा की थी। इस गठबंधन में प्रमुख शिया दल भी शामिल हैं। अमेरिकी प्रशासन नूरी अल-मलिकी को ईरान का करीबी मानता है।

अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने की रक्षा सचिव के साथ बैठक

## भारत व अमेरिका के दस वर्षीय रक्षा समझौते को बताया मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने बुधवार को दोनों देशों के बीच रक्षा साझेदारी को मजबूत बताया। उन्होंने कहा कि 2025 में हस्ताक्षर किया गया 10 साल का समझौता दोनों देशों के बीच संबंधों को और गहरा करेगा। अमेरिकी राजदूत ने यह बात रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और दूसरे शीर्ष अधिकारियों के साथ अपनी मीटिंग के बाद कही। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में सर्जियो गोर ने कहा कि पिछले साल ही, अमेरिका और भारत ने 10 साल का डिफेंस पैक्ट साइन किया था, जिससे हमारी रक्षा साझेदारी काफी गहरी होगी। संयुक्त अभियान जारी रहेंगे, और अतिरिक्त सेल्स भी चल रही हैं। यह एक मजबूत रिश्ता है! रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह हमारी मेजबानी करने के लिए धन्यवाद।


राजदूत सर्जियो गोर और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह के बीच बैठक

### जयशंकर से भी की मुलाकात

इससे पहले, भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने रविवार को अमेरिकी राजदूत की मौजूदगी में तीन सदस्यों वाले अमेरिकी कांग्रेसनल डेलीगेशन से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में दो रिपब्लिकन और एक डेमोक्रेट सांसद शामिल थे। बैठक के दौरान भारत-अमेरिका संबंधों के प्रमुख आयामों पर चर्चा हुई, जिसमें द्विपक्षीय व्यापार, रणनीतिक सहयोग और क्षेत्रीय व वैश्विक सुरक्षा से जुड़े मुद्दे प्रमुख रहे। जयशंकर ने अमेरिकी डेलीगेशन के साथ इस मुलाकात को अच्छा बताते हुए एक्स पर लिखा कि भारत-अमेरिका संबंधों, इंडो-पैसिफिक और यूक्रेन विवाद के अलग-अलग पहलुओं पर चर्चा की। बातचीत हमेशा हमारे रिश्ते का एक अहम पहलू रही है।

दिल्ली में द्विपक्षीय रिश्तों को मिलेगी मजबूती

## फरवरी में आएंगे ब्राजील के राष्ट्रपति लूला, एआई सम्मेलन में लेंगे भाग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने पुष्टि की है कि वह फरवरी में आधिकारिक दौरे पर भारत आएंगे। भारत यात्रा के बाद वह अमेरिका जाएंगे, जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति लूला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बातचीत की है। दोनों नेताओं के बीच इस बात पर सहमति बनी है कि भारत और दक्षिण कोरिया की यात्राओं के बाद फरवरी में वॉशिंगटन में मुलाकात होगी, जिसकी तारीखें जल्द तय की जाएंगी। भारत यात्रा के दौरान राष्ट्रपति लूला के नई दिल्ली में आयोजित होने वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) शिखर सम्मेलन में भाग लेने की भी संभावना है। इस शिखर सम्मेलन में वैश्विक तकनीकी सहयोग और उभरती प्रौद्योगिकियों पर चर्चा की जाएगी। इससे पहले इस महीने पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति लूला के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई थी। दोनों नेताओं ने भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेंगे।


पीएम मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला

## विंग्स इंडिया 2026 का शुभारंभ



**हैदराबाद।** एशिया की सबसे बड़ी नागरिक उड्डयन प्रदर्शनी और सम्मेलन, विंग्स इंडिया 2026 के दौरान हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे पर बुधवार, 28 जनवरी, 2026 को विमानों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मार्क जेफरी एरोबैटिक टीम ने करतब दिखाए। अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग ने अनुमान लगाया है कि बढ़ते एयर ट्रैफिक को संभालने के लिए 2044 तक भारत और दक्षिण एशिया को करीब 3,300 नए विमानों की जरूरत होगी। हैदराबाद में बोइंग ने अपना 'कमर्शियल मार्केट आउटलुक' पेश किया। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर (यूरेशिया और भारतीय उपमहाद्वीप) अश्विन नायडू ने बताया कि भारत एक बढ़ता बाजार है और अगले 20 वर्षों में यहां विमानों का बेड़ा चार गुना बढ़ जाएगा।

दो साइक्लिंग टीमें 9 तटीय राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों से गुजरेंगी

# सीआईएसएफ 'वंदे मातरम' तटीय साइक्लोथॉन-2026 शुरू

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम, नई दिल्ली से सीआईएसएफ की प्रमुख राष्ट्रीय जन-जागरूकता पहल 'वंदे मातरम तटीय साइक्लोथॉन–2026' के दूसरे संस्करण को हरी झंडी दिखाई। यह साइक्लोथॉन राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है। इसके साथ ही 25 दिनों के विशाल राष्ट्रीय अभियान की औपचारिक शुरुआत हुई।

सीआईएसएफ के 148 साइकिल चालकों की दो टीमें 28 जनवरी से 22 फरवरी तक साइकिल यात्रा करेंगी। पश्चिमी तट की टीम लखपत किले (गुजरात) से तथा पूर्वी तट की टीम बक्काली (पश्चिम बंगाल) से अपनी यात्रा प्रारंभ कर 22 फरवरी को केरल के कोच्चि में एकत्रित होंगी।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने किया शुभारंभ

पूर्वी और पश्चिमी तटों के 6500 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी

### केंद्र सरकार तटीय सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध



झंडा फहराकर साइक्लोथॉन का शुभारंभ करते नित्यानंद राय

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि 'वंदे मातरम' वह अमर गीत है जिसने स्वतंत्रता संग्राम को दिशा दी और आज भी राष्ट्रसेवा की भावना को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में गृह मंत्रालय तटीय सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसमें नागरिकों, विशेषकर तटीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। सीआईएसएफ के महानिदेशक प्रवीर रंजन ने कहा कि वंदे मातरम तटीय साइक्लोथॉन–2026 राष्ट्रीय एकता, बलिदान और सामूहिक संकल्प का प्रतीक है। यह पहल नागरिकों को देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगी।

**52 तटीय गांव गोद लिए जाएंगे**

ये टीमें 6,500 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए 9 तटीय राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों से गुजरेंगी। साइक्लोथॉन के दौरान यात्रा 52 तटीय गांवों में रुकेगी, जिन्हें सीआईएसएफ द्वारा एक वर्ष तक सतत सहभागिता के लिए गोद लिया जाएगा। ओएनजीसी, पत्तन प्राधिकरणों और अन्य एजेंसियों के सहयोग से इन गांवों में सीएसआर के तहत सामुदायिक कल्याण और बुनियादी ढांचा विकास से जुड़े कार्य किए जाएंगे। साइक्लोथॉन तटीय क्षेत्रों को सशक्त बनाने, समुदायों को मजबूत करने और एक सतर्क, जिम्मेदार नागरिक समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### 50% महिलाओं की भागीदारी

*इस अभियान में 50 प्रतिशत महिला साइकिल चालकों की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यह पहल युवाओं में फिटनेस, अनुशासन, स्वस्थ जीवनशैली और राष्ट्रसेवा की भावना को प्रोत्साहित करती है। साथ ही नशा तस्करी, ड्रग्स और अवैध गतिविधियों के खिलाफ जन-जागरूकता, स्वच्छता अभियान और पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष जोर दिया जाएगा।*

केंद्रीय विमानन मंत्री नायडू बोले

## 10 वर्षों में दोगुनी हुई विमान संख्या एविएशन मैन्युफैक्चरिंग पर फोकस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने बुधवार को कहा कि भारत में बीते 10 वर्षों में एयरपोर्ट्स और विमानों की संख्या बीते 10 वर्षों में दोगुनी हो गई है और अब भारत विमानों के मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को विकसित करने में मदद करेगा।

उन्होंने हैदराबाद के बेगमपेट एयरपोर्ट पर नागरिक विमान सम्मेलन 'विंग्स इंडिया 2026' का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस इकोसिस्टम को अगले 10-20 वर्षों में केवल घरेलू मांग को पूरा करने के लिए ही विकसित नहीं किया जाएगा, बल्कि भारत को वैश्विक निर्यात का भी केंद्र बनाया जाएगा। नायडू ने कहा कि इस बार के 'विंग्स इंडिया 2026' में भारत नागरिक विमानन क्षेत्र विशेषकर मैन्युफैक्चरिंग में अपनी क्षमता प्रदर्शित करेगा। देश में एयरपोर्ट्स, यात्रियों और विमानों की संख्या बीते 10 वर्षों में दोगुनी हो गई है। यह पीएम नरेंद्र मोदी के विजन और नागर विमानन क्षेत्र के लिए लाई गई योजना 'उड़ान' का परिणाम है।


केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू

## खबर संक्षेप



### कृषि उपज मंडी में लगा नेत्र जांच शिविर

**औबेदुल्लागंज।** कृषि उपज मंडी समिति औबेदुल्लागंज में वाहन चालकों के आंखों की जांच के लिए बुधवा को जांच शिविर लगाया। शिविर में 76 ड्राइवरों की हुई जांच हुई और निःशुल्क चश्मे भी बांटे। औबेदुल्लागंज 'राही' कार्यक्रम के अंतर्गत मानव विकास सेवा संघ सागर, गैल गैस और साइटसेवर्स इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में चालकों के लिए विशेष नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भुपेंद्र नागर, सचिव केसी बामलिया का पौधे देकर सम्मानित किया। सहायक दशरथ सिंह राजपूत, सहायक चंदर सिंह राजपूत, विजय सिंह राजपूत, विमल कुमार गुप्ता, अजय कुमार यादव, अध्यक्ष प्रियंका गौर, राहुल नागर, तनू नागर, विवेक मेहरा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्रतिनिधियों ने वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के साथ ट्रेक्टर ट्रॉली पर रेडियम पट्टी चिपकाई गई।

### आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन 20 अप्रैल को



**औबेदुल्लागंज।** समाज में संस्कार, सादगी और एकता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से 39वां श्री नागर (धाकड़) आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति, औबेदुल्लागंज द्वारा आगामी 20 अप्रैल, सोमवार, शुभ अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर 39 वा आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी समित के अध्यक्ष संजीव नागर तामोट ने दी।

### याद करो कुर्बाणी सिंधी कवि सम्मेलन 31 को

**संतनगर।** मध्यप्रदेश सिंधी साहित्य अकादमी का आयोजन वीना कला सेवा समिति के सहयोग से अमर बलिदानी हेमू कालाणी को समर्पित याद करो कुर्बाणी सिंधी कवि सम्मेलन का आयोजन 31 जनवरी शाम 5:30 बजे साधु वासवानी स्कूल के नंदवानी सभागृह में आयोजन किया गया है। इस खास मौके पर बिलासपुर से कवि शत्रुघन जैसवानी, आदिपुर गुजरात से कवि मुकेश तिलोकानी, बिलासपुर से कवियत्री मुस्कान बचाणी, अहमदाबाद गुजरात से कवि मनोज चावला, इंदौर मध्यप्रदेश से कवियत्री किरण प्रियानी (अनमोल), संत हिरदाराम नगर से कवि कन्हैया शेवानी एवं कवि राकेश शेवानी कविता पाठ करेंगे। संस्था के अध्यक्ष राकेश शेवानी ने कार्यक्रम में शामिल होने का निवेदन किया है।

### जिला सेवादल की महत्वपूर्ण बैठक आज

**औबेदुल्लागंज।** जिला सेवादल की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को आयोजित होगी। उक्त जानकारी मेघराज चौहान सेवा दल के जिला अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष मनोज खटीक ने दी। उन्होंने बताया कि सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव, जिला अध्यक्ष देवेंद्र पटेल, जिला प्रभारी शैलेंद्र पटेल, रायसेन जिले के चारों विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं सभी संगठन मोर्चा के अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में जेबी गार्डन में दोपहर 12 बजे पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। सूत्रों की माने तो बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा होगी। इस दौरान नगर के विकास कार्य, मातदाता सूची से काटे से रहे अल्पसंख्यकों और गरीबों के नाम को लेकर और अन्य मुद्दों को प्रमुख्ता से उठाया जाएगा।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1627 | | |
| दिन: | 348 | 59 | 234 |
| रात: | 249 | 53 | 148 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 148 | 39 | 667 |
| रात: | 280 | 00 | 244 |

## पूछताछ करने पर उगला राज, जेवरात बरामद कर पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

# नानी के घर मेहमान बनकर आए युवक ने अलमारी से निकाले 10 लाख के जेवरात

### मुख्य रेलवे स्टेशन के क्लॉक रूम में जमा कराया जेवरातों से भरा बैग

### निशातपुरा की राज नगर कॉलोनी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा की राज नगर कॉलोनी में रहने वाली महिला ड्राय क्लीनर्स के घर से 10 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात अलमारी के लॉकर से चोरी हो गए।

हैरान होने वाली बात यह रही कि कोई भी परिजन घर को सूना छोड़कर नहीं गया था। संदेह होने पर पुलिस ने इंदौर से मेहमान बनकर आए नाती से पूछताछ की तो उसने वारदात को अंजाम देना कुबूल कर लिया।

आरोपी ने घर से चोरी करने के बाद जेवरात से भरा बैग मुख्य रेलवे स्टेशन के क्लॉक रूम में जमा कर दिया था। वहां से बैग निकालने के बाद वह भागने की तैयारी में था, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद कर लिया।



पुलिस ने अरोपी के पास से जब्त किए चोरी के जेवरात।

**आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया**

*पुलिस ने आरोपी नाती को कोर्ट में पेश किया, कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक राज नगर कॉलोनी निवासी संगीता मालवीय (48) और उनके पति ड्राय क्लीनर्स की शॉप चलाते हैं। विगत 23 जनवरी को इंदौर से उनका नाती पुष्कर बाथरे (19) मेहमान बनकर आया था। वह अक्सर अपनी मां को लेने छिंदवाड़ा जाता है।*

#### संदेह होने पर नाती से की पूछताछ

*एसआई करण सिंह डेलमिया ने बताया कि घटना के समय नाती पुष्कर घर में मौजूद था। उसके हाव-भाव संदिग्ध लगने पर पुलिस ने उससे पूछताछ की। सख्ती से पूछताछ करने पर पुष्कर बाथरे ने वारदात को अंजाम देना कुबूल कर लिया। उसने बताया कि अलमारी में लाखों जेवरात देखकर उसके मन में लालच आ गया था। जेवरात चोरी कर उसे अपने बैग में रखे और बैग रेलवे स्टेशन के क्लॉक रूम में रखकर आ गया।*

#### अलमारी के लॉकर में लगी रहती थी चाबी

विगत 25 जनवरी की सुबह संगीता मालवीय को पता चला कि उनकी अलमारी के लॉकर से सोने-चांदी के करीब दस लाख रुपए के जेवरात व 20 हजार रुपए नगद चोरी हो गए हैं। उनकी अलमारी के लॉकर में चाबी लगी रहती थी। अज्ञात चोर ने चाबी से लॉकर खोलकर जेवरात चोरी किए थे। फरियादिया ने घटना की सूचना पुलिस को दी और बताया कि विगत 23 मार्च को जेवरात अलमारी में सही-सलामत रखे देखे थे। उसके बाद से परिवार का कोई भी सदस्य घर सूना छोड़कर बाहर नहीं गया।





द एमिटी स्कूल के एनुअल स्पोर्ट्स मीट में रंग बिरंगी पोशाक में सजे बच्चे।

## एनुअल स्पोर्ट्स मीट में बच्चों को बांटे पुरस्कार, दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

द एमिटी स्कूल में एनुअल स्पोर्ट्स मीट में बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। इस दौउरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष नमिता अग्रवाल, नायब तहसीलदार नीलेश सरवटे, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र नागर, पार्षद दीपू परमार उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्य रजनी नागर ने बताया कि साल भर की गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

### 2 महीने 2 दिन तक बरेली जेल में थे बंद

## गणतंत्र दिवस पर नगर के दो मीसा बंदियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



ऋषभ जैन



रामकिशोर शर्मा

26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर मीसाबंदियों का सम्मान किया गया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन एवं रामकिशोर शर्मा ने बताया कि 13 जुलाई 1975 को हम दोनों को एक साथ बंद किया था, जो की 2 महीने 2 दिन तक बरेली के जेल में बंद थे। इसके बाद 8 नवंबर 1975 को मीसा में बंद किया।

इस अवसर पर मीसाबंदी ऋषभ जैन ने बताया कि बरेली जेल में स्वर्गीय दुर्गा प्रसाद मित्तल, किशन लाल सोनी, सत्यनारायण अग्रवाल को भी बंद किया था। मिसा बंदी रामकिशोर शर्मा ने बताया कि 8 नवंबर 1975 को मुझे और ऋषभ जैन, सुभाष मित्तल, अनिल सक्सेना, राधेश्याम पचौरी एवं संतोष जैन को मीसा में बंद किया था। भोपाल जेल में राष्ट्रीय नेता कुशाभाऊ ठाकरे, लक्ष्मी नारायण शर्मा, बाबूलाल गौर, कैलाश नारायण सारंग, आलोक शर्मा आदि के साथ भोपाल जेल में बंद रहे।

### सड़क हादसे में 6 वर्षीय बालिका की मृत्यु दावा मामला

## कोर्ट ने परिजनों के लिए 22 लाख 80 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति के दिए आदेश

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

सड़क दुर्घटना में 6 वर्षीय बालिका की मृत्यु के दावा मामले में प्रधान जिला न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने मृतक के परिजनों को 22 लाख 80 हजार रूपए की क्षतिपूर्ति राशि दिए जाने के आदेश सड़क दुर्घटना करने वाली बोलेरो कार के स्वामी, वाहन चालक और दी न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड अरेरा हिल्स भोपाल को दिए हैं। मृतक के परिजनों की ओर से अधिवक्ता नीतेश महाजन द्वारा प्रस्तुत किए गए मृत्यु के दावा मामले की सुनवाई करने के बाद न्यायालय ने यह आदेश पारित किए हैं।

#### सड़क क्रास करते समय कार ने मारी थी टक्कर

अधिवक्ता नीतेश महाजन के अनुसार 5 मई 2024 को शाम 6:30 बजे 6 वर्षीय बालिका संतोषी अहिरवार ग्राम बीकोर कलां स्थित बजरंगबली मंदिर के सामने सड़क क्रॉस कर रही थी, इसी दौरान वाहन चालक ने वाहन को लापरवाही एवं उपेक्षापूर्वक चलाकर संतोषी अहिरवार को टक्कर मार दी, जिसके कारण संतोषी को गंभीर चोटें कारित हुई। घटना स्थल से संतोषी को शासकीय अस्पताल, मालथोन ले जाया गया, जहां चिकित्सक के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत के आधार पर कार चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर विवेचना में लिया था।

### मातृ-पितृ पूजन झूलेलाल मंदिर में श्रद्धा के साथ मनाया

## भगवान गणेश ने पूजनीय का वरदान पाया वैसे हम भी अपने माता-पिता की पूजा करें





मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

योग वेदांत सेवा समिति व पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में मातृ-पितृ पूजन दिवस झूलेलाल मंदिर में श्रद्धा के साथ मनाया गया। समिति की दुर्गा तेजवानी ने बताया कि मातृ देवा भव पितृ देवो भव। जिस प्रकार गणेश भगवान ने माता-पिता की पूजा और परिक्रमा करके प्रथम पूजनीय का वरदान पाया था आज हम भी अपने माता-पिता की पूजा करके हृदय में बस जाएंगे। समिति की प्रीति आहूजा ने बताया कि मातृ पितृ पूजन दिवस पूज्य व हमारे गुरु संत आशाराम द्वारा पाश्चात संस्कृति को रोकने के लिए हर 14 फरवरी को वेलेनटाइन डे की जगह 'मातृ पितृ पूजन दिवस' के रूप में मनाने का आह्वान किया है।

#### ये रहे उपस्थित

मुख्य अतिथि के रूप में पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी उपस्थित थे, उन्होंने कहा कि संत आशाराम द्वारा पाश्चात संस्कृति को रोकने के अलावा धर्मांतरण को भी रोकने के लिए प्रयास किए हैं। इस अवसर पर नंद दादलानी, भरत आसवानी, गुलाब जेठानी, माधव पारदासानी, हरीश मेहरचंदानी, राकेश शेवानी, किशोर साधवानी, कन्हैया नागदेव, शमी गंगवानी, पं धरमू शर्मा का समिति की ओर से हरीश लालवानी ने स्वागत किया।



सिंधु शिक्षा सेवा समिति ने 200 विद्यार्थियों को स्कूल बैग बांटे।

### समिति ने 200 विद्यार्थियों को स्कूल बैग

## जरूरतमंद बच्चों की मदद करना हर सक्षम व्यक्ति का कर्तव्यः राजदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

भोपाल के सिंधी कॉलोनी स्थित उत्तमचंद ईसराणी सिंधु विद्यालय में गणतंत्र दिवस का समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह के अंतर्गत सिंधु शिक्षा सेवा समिति द्वारा स्कूल में अध्ययन कर रहे 200 विद्यार्थियों को स्कूल बैग बांटे गए।

इस मौके पर सिंधु शिक्षा सेवा समिति के अध्यक्ष विशंभरलाल राजदेव ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे सशक्त माध्यम है। जरूरतमंद बच्चों की मदद करना हर सक्षम व्यक्ति का कर्तव्य है। इसी क्रम में आज सिंधी समाज के गणमान्य लोगों के सहयोग से 200 विद्यार्थियों को स्कूल बैग भेंट किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ. परमानंद राजानी, जयकिशन लालचंदानी, जयपाल सचदेव, मनोहर किंगरानी, निर्मल कुमार, गुरलदास राजदेव सहित विद्यालय की शिक्षिकाएं, स्टाफ एवं छात्र मौजूद रहे।

### गिरधर पब्लिक स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव

## विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने दी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां





वार्षिक उत्सव के दौरान स्कूल का स्टाफ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर के गिरधर पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।


बच्चों की नृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुतियों ने खूब तालियां बटोरीं। गिरधर पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव के समापन अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष रघुनाथ पाटीदार एवं सचिव अरविंद पाटीदार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस आयोजन में संस्थान के अध्यक्ष रघुनाथ पाटीदार, सचिव अरविन्द पाटीदार, प्रबंध संचालक नीलेश पाण्डेय, सरिता हजारे, रामशंकर ठाकुर, शिवानी जैन, स्वीटी गौतम, रानी मंडलोई, मधु यादव सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### 31 जनवरी तक नांदेड महाराष्ट्र में आयोजित होगी प्रतियोगिता

## 69वीं राष्ट्रीय नेटबॉल में चावरा स्कूल के 11 खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मंडीदीप के चावरा स्कूल के 11 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। नेटबाल में 14 वर्ष बालक वर्ग और बालिका वर्ग तथा 17 वर्ष की बालिका वर्ष का प्री नेशनल कोचिंग केंप का आयोजन 21 से 25 जनवरी तक किया गया, जिसमे मध्य प्रदेश की तीनों टीमों के 45 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें से 36 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ, जो 28 से 31 जनवरी तक नांदेड महाराष्ट्र में भाग लेंगी। प्रदेश की तीनों टीमों में नगर के चावरा विद्या भवन स्कूल के 11 खिलाड़ियों का चयन हुआ, जिनमें 14 वर्ष के बालक वर्ग में यश लोवंशी, यशराज, हिमांशु व ज्योतिराज, 14 वर्ष के बालिका वर्ग में जिकरा सैयद, वैरी जानवी, परी, दिशा पटेल व नैन्सी तिवारी का चयन हुआ है।



राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयनित विद्यार्थी।

#### इनका हुआ चयन

*17 वर्ष के बालिका वर्ग में परिधि मीना व अदिति परमार का चयन हुआ है। नेटबाल 14 वर्ष बालिका वर्ग में टीम का कप्तान जिकरा सैयद और 14 वर्ष बालक वर्ग का कप्तान यश लोवंशी को तथा 17 वर्ष बालिका वर्ग का कप्तान अदिति परमार को बनाया गया है। निसार, साक्षी साहू, प्रियांशु यादव को टीमों का कोच बनाया गया। कमलकांत, प्रथम गिरी, अभिषक को टीम का मैनेजर बनाया गया। दल प्रबंधक का दायित्व राजेश यादव, जिला क्रीड़ा अधिकारी को सौपा गया है। नगर के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य फादर लीजो, फादर मैनेजर अलेक्स रायसेन जिला नेटबाल संघ के पदाधिकारी रवीश अग्रवाल, सद्दाम खान, जुबैर खान, प्रिया वर्मा, उर्वशी वर्मा, समिक्षा लोवंशी ने बधाई दी।*



### महिला मंडल ने किया झंडा वंदन

**औबेदुल्लागंज।** जिला महिला मंडल ने गणतंत्र दिवस पर झंडा वंदन किया। जिला महिला मंडल की अध्यक्ष विद्या अग्रवाल अन्य सदस्यों ने झंडा फहराकर राष्ट्रगान गया। इस दौरान अनुराधा विजयवर्गी, मानसी, प्रतिभा, सुषमा मित्तल, तोशी प्रियंका, निशा मित्तल, श्याम बाई, हेमलता चौरसिया, संध्या गुप्ता, विद्या अग्रवाल, दुलारी दीपू अग्रवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित थीं।

### कर्ज का दबाव, राजनीतिक संरक्षण के चलते पुलिस बचती है कार्रवाई से

## सूदखोरों के शिकंजे में फंसे मंडीदीप के 100 से अधिक गरीब असहाय परिवार, परेशान होकर कर रहे आत्महत्या

नितेश पटेल ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक शहर में कई दिनों से सूदखोरों का जाल तेजी से फैल रहा है। हालात ऐसे बन रहे है कि आए दिन इसमें फसने वाले अपनी जीवन लीला खत्म कर रहे हैं, जिसमें मुख्य रूप से रेहड़ी वाले, फल सब्जी की दुकान, पान मसाले एवं मध्यम वर्गीय परिवार इस जाल में फंस रहे है, यही नहीं इस पूरे कारोबार में राजनीतिक पहचान रखने वाले अपने आपको नेता कहते हैं।पिछले दो दशक में नगर में करीब 12 दर्जन से अधिक लोगों ने कर्ज के दबाव में अपनी जान गंवा चुके हैं।

इन कर्जदारों के पास से सूदखोर बैंक पास बुक, एटीएम, समेत कई दस्तावेज कोरे कागज पर हस्ताक्षर करवा कर रख कर बाद में ब्लैक मेल करते हैं। वहीं कर्जदाताओं से एक हजार रुपए पर 10 से 20 प्रतिशत तक का ब्याज वसूला जाता है। जिससे कुछ ही समय पर रकम दोगुनी हो जाती है। वहीं चक्रवाती ब्याज कमर तोड़ देती है। ऐसे कई मामले देखने में आते हैं जो पुलिस के पास नहीं पहुंचते और अगर पहुंच भी जाते हैं तो इसमें राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण सूद खोरों पर कार्रवाई नहीं होती। पुलिस कार्रवाई और जांच प्रक्रिया में पीड़त व्यक्ति उलझ कर रहा जाता है।

#### वेतन के समय ज्यादा वसूली

*मंडीदीप एक तो औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहां मध्यम और लघुवर्गीय मजदूर अपनी रोजी रोटी के लिए आते हैं, जिनकी महीने की पेमेंट आते ही सूदखोर के लड़के उनसे ब्याज के पैसे लेने के लिए खड़े मिलते है, जिससे मजदूर वर्ग को अपना महीना कटना मुश्किल हो जाता है।*

#### जान से मारने की मिलती है धमकी

*मंडीदीप के कई ऐसे मजदूर और छोटे व्यापारी हैं जो अगर समय पर अपना ब्याज अथवा मूल समय पर नहीं दे पाते तो उनको जान से मारने की धमकी तक आ जाती है।*

#### अब तक के ताजा मामले

**मामला क्रमांक 1**

विगत माह पूर्व सतलापुर में रहने वाले संजय ने नगर में इलेक्ट्रिक की दुकान खोले थे। जिन्होंने नगर के एक सूद खोर जो इन दिनों अविनाश मर्डर केस में मुख्य आरोपी है, उनसे 50000 रुपए लिए थे। उसके बाद मूल और ब्याज समेत 1,20000 लेने के बाद भी 50000 की और मांग कर रहा था, जिससे परेशान संजय ने अपनी जिंदगी खत्म करने के लिए आत्मघाती कदम उठाया। परन्तु जीवन और मौत से लड़कर एक माह बाद ठीक हो गया और अपना परिवार मंडीदीप छोड़ कर बाहर रहने लगा।

**मामला क्रमांक 2**

वार्ड 1 में रहने वाले नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मेरे द्वारा नगर के गज्जू पिपलिया के एक व्यक्ति से पैसा लिया, जिसके द्वारा मुझे 1,00000 रुपए एग्रीमेंट के साथ 5 प्रतिशत के ब्याज दर से पैसा दिया गया जो मैंने विगत 3 वर्ष पूर्व लिया था। इसके बाद मैंने उनको 2 लाख रुपए दे चुका हूं। आज भी मुझे और मेरे परिवार पर 30,000 रुपए के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इसके बाद भी परिवार को जान का खतरा रहता है। पुलिस को अगर बताते हैं तो बेइज्जती करने की धमकी देता है।

#### शिकायत आने पर हम करेंगे कार्रवाई

हमारे पास अगर नगर के किसी भी व्यक्ति और पीड़ित का आवेदन मिलता है, सूदखोरी के लिए और जो भी पैसे के लिए परेशान करता है, तो हम कार्रवाई करते हैं। आगे भी करेंगे, सूदखोरों पर कार्रवाई के लिए खुल कर बताएं हम कार्रवाई करेंगे।

**रंजीत सराठे**, थाना प्रभारी, मंडीदीप।

## नागर ने भाजपा सरकार पर लगाया मतदाताओं के नाम काटने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



मध्यप्रदेश कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष परेश नागर ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा प्रदेश सरकार ने निर्वाचन आयोग के साथ मिलकर बड़ा षडयंत्र रच रही है। भोजपुर विधानसभा में अल्पसंख्यक वर्ग के मतदाताओं के नाम काटने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता अधिकारियों से आग्रह है कि आप निष्पक्ष होकर ईमानदारी से अपना काम करें। यदि किसी गरीब मतदाता या अशिक्षित व्यक्ति का नाम कटा या मतदाता सूची में गड़बड़ी पाई जाती है, तो हम संबंधित अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज कराएंगे और न्यायालय तक जाएंगे। हम किसी भी पात्र मतदाता का नाम नहीं कटने देंगे।

# भारत माता चौराहे पर रिहायशी भवन की चौथी मंजिल पर लगी भीषण आग, एसी फटने जैसी तेज आवाज से हड़कंप, घबराकर लोग फ्लैट्स से बाहर भागे, जनहानि नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के भारत माता चौराहे पर बुधवार को शाम करीब चार बजे एक रिहायशी भवन की चौथी मंजिल पर आग लगने से हड़कंप मच गया।


सामान जलकर खाक।

जैसी ही इसकी भनक फ्लेट्स में रहने वाले लोगों को लगी वे दौड़कर सड़क पर आ गए। आग लगने की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची चार दमकलों ने आग पर काबू पाया। इससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। जहां आग लगी थी वो एक स्टोर बताया जा रहा है। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शाम करीब चार बजे अचानक चौथी मंजिल से धीरे-धीरे सफेद धुआं निकलना शुरू हुआ।

**आसमान में छाया धुएं का गुबार, मौके पर पहुंची चार दमकलों ने आग पर किया काबू**

**आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं, बुधवार शाम 4 बजे की घटना**



मौके पर मौजूद फायरब्रिगेड।

### भवन के ऊपरी मंजिल पर था स्टोर

दोपहर करीब चार बजे लगी इस आग ने देखते ही देखते पूरे स्टोर रूम को अपनी चपेट में ले लिया। आग से काला धुआं दूर से दिखाई देने लगा, जिससे सड़क पर गुजर रहे लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्टोर रूम में पुराने फर्नीचर, खराब कूलर, पंखे और एसी जैसे इलेक्ट्रॉनिक सामान बड़ी मात्रा में रखा हुआ था जो आग से जलकर खाक हो गया। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि एसी में ब्लास्ट से आग तेजी से भड़की और स्टोर रूम को अपनी चपेट में ले लिया।

### आग पर काबू करने लगे 15 कर्मचारी

उक्त आग पर काबू करने के लिए तीन फायर फाइटर सहित करीब 15 कर्मचारियों ने डेढ़ घंटे मशक्कत कर आग पर काबू पाया। फायर आफिसर सौरभ पटेल ने बताया कि भवन की उपरी मंजिल पर स्टोर था, जिसमें कबाड़ का सामान रखा था।

## खबर संक्षेप

### जीएमसी की सेंट्रल क्लीनिक लैबोरेट्री को एनएबीएल की मान्यता




**भोपाल।** मध्यप्रदेश की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) एवं हमीदिया अस्पताल की सेंट्रल क्लिनिकल लैबोरेटरी (सीसीएल) को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। आधिकारिक रूप से इस संस्था को एनएबीएल (नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लैबोरेटरीज) मान्यता प्राप्त हुई है। यह मान्यता नवीनतम अंतरराष्ट्रीय मानक आईएसओ 15189: 2022 के अंतर्गत प्रदान की गई है। जो संस्थान को विश्वस्तरीय डायग्नोस्टिक सेवाएं प्रदान करने वाले केंद्र के रूप में स्थापित करती है। जीएमसी डीन डॉ. कविता एन. सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि उत्कृष्टता के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ती है। हमीदिया अस्पताल अधीक्षक डॉ. सुनीत टंडन ने कहा कि सटीक निदान ही प्रभावी उपचार की आधारशिला है।

### हज के लिए वेटिंग लिस्ट के 41 यात्रियों का चयन

**भोपाल।** हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज-2026 के लिए वेटिंग लिस्ट की पांचवीं सूची जारी कर दी है, जिसमें प्रदेश की वेटिंग लिस्ट नंबर- 2968 से 3008 तक के 41 हज आवेदकों को प्रोविजनल रूप से चयनित किया गया है। जिन्हें अग्रिम हज राशि 2 लाख 77 हजार 300 रुपए जमा करनी होगी। इसमें प्रथम किस्त 1 लाख 52 हजार 300 रुपए और द्वितीय किस्त 1 लाख 25 हजार रुपए शामिल हैं। राशि जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 तय की गई है। राशि जमा करने के बाद प्रोविजनल रूप से चयनित हज यात्रियों को हज आवेदन फॉर्म की हस्ताक्षरित प्रति, आवश्यक दस्तावेज और मेडिकल स्क्रीनिंग व फिटनेस सर्टिफिकेट अपलोड करना होगा। ये दस्तावेज हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड किए जा सकते हैं।

### वाजपेयी नगर मल्टी के ब्लॉकों की छत से हटाए अवैध कब्जे

**भोपाल।** नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने बुधवार को वाजपेयी नगर में मल्टी के ब्लॉकों की छत पर किए गए अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई की। हाउसिंग फॉर आल की कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। यहां ब्लॉक नंबर ए-1 एवं ब-2 की छत पर अवैध रूप से कब्जे करने की शिकायत निगम को लंबे समय से मिल रही थी। इसके अलावा नए व पुराने शहर में एक साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने कोलार डीमार्ट चौराहा, ललिता नगर मार्केट, कटियार मार्केट, बागमुगालिया, ओम नगर, श्याम नर्सरी, नीलबड़, नीलबड़ महारानी लक्ष्मीबाई काम्प्लेक्स, नेहरू नगर, भदभदा चौराहा, प्रभात चौराहा, अशोका शाहजहांनाबाद, इमामी गेट, चौक बाजार, मंगलवारा, आजाद मार्केट, आदि तोड़ने की कार्रवाई की।

### शिक्षक सम्मेलन के दौरान दिखाई दिया भावुक पल, सीएम ने किया उनकी टीचर का सम्मान

# सीएम की शिक्षिका रहीं कोकिला ने कहा मोहन में शुरू से ही दिखती थी नेतृत्व क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में बुधवार को आयोजित शिक्षक सम्मेलन में एक भावुक क्षण देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी शिक्षिका कोकिला सिंह पाल का सम्मान किया। इस दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री के पहले गुरु बद्री प्रसाद तिवारी समेत तीन अन्य शिक्षक बृजमोहन आचार्य, देवकृष्ण व्यास, किशनलाल नाकड़ा को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षिका कोकिला पाल ने हरिभूमि से मुख्यूमंत्री डॉ मोहन यादव के स्कूली दिनों की यादें साझा की। उन्होंने बताया कि मोहन में बचपन से ही नेतृत्व के गुण नजर आने लगे थे। उन्होंने बताया कि उनकी पहली नियुक्ति रतलाम जिले में हुई थी। इसके बाद चार से पांच साल बाद उनका तबादला उज्जैन के शासकीय जीवाजीगंज स्कूल में हुआ, जहां से वे रिटायरमेंट तक कार्यरत रही। उन्होंने बताया कि वर्ष 1979 से 1981 के बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसी स्कूल से 9वीं से 12वीं तक की पढ़ाई की। कोकिला सिंह ने बताया कि स्कूल के समय मोहन यादव राजनीति में सक्रिय नहीं थे, लेकिन छात्रों के बीच वे अग्रणी भूमिका में रहते थे। छात्रों की समस्याओं को लेकर वे आगे आकर बात रखते थे और साथियों का नेतृत्व करते थे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद उनसे नियमित मुलाकात नहीं हुई, लेकिन करीब चार साल पहले एक कार्यक्रम में उनसे भेंट हुई थी। उस दौरान मोहन यादव ने बताया था कि वे उच्च शिक्षा मंत्री है। शिक्षिका ने कहा कि उस समय उन्होंने उनसे कहा था कि भविष्य में वे और भी बड़ी जिम्मेदारियां संभालेंगे।


शिक्षिका कोकिला सिंह का सम्मान करते मुख्यमंत्री।

### कुलपति को कुलगुरू का दिया नाम

सीएम ने कहा कि नई शिक्षा नीति को सफलतापूर्वक लागू करने में मप्र देश के पांच राज्यों में से एक है। मप्र भारत के सबसे कम बेरोजगारी दर वाले तीन राज्यों में शामिल है। प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति को हमने कुलगुरु का नया नाम दिया है।

### 55 वर्षों की यात्रा को दर्शाती है प्रदर्शनी


सांस्कृतिक कार्यक्रम।

संघ के महामंत्री राकेश गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर मप्र शिक्षक संघ के 55 वर्षों की उपलब्धियों को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षक संघ बीते 55 वर्षों से राष्ट्र, शिक्षा, छात्र और शिक्षक हित में निरंतर कार्य कर रहा है और यह शासन से मान्यता प्राप्त संगठन है। प्रदर्शनी में संगठन की संघर्ष गाथा और शैक्षिक योगदान को दर्शाया गया।

### कैलेंडर, डायरी और पुस्तिका का किया विमोचन

मुख्यमंत्री ने बुधवार को सुभाष स्कूल में शिक्षक संघ की विकास यात्रा पर केंद्रित प्रदर्शनी का शुभारंभ कर अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने मप्र शिक्षक संघ के वार्षिक कैलेंडर, हमारा विद्यालय-हमारा तीर्थ नामक पुस्तिका, टेबल कैलेंडर एवं डायरी का भी विमोचन किया।

### स्कूल शिक्षा मंत्री ने भी की सरकारी स्कूल में पढ़ाई



उद्बोधन देते सीएम।

बद्री प्रसाद तिवारी ने बताया कि वो वर्तमान शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के पहले गुरु थे। उन्होंने पांच साल तक उन्हें पढ़ाया। तिवारी ने बताया कि राव उदय प्रताप का एडमिशन उन्होंने सन 1970 में किया था। उनके पिता ने मुझे 51 रुपए उस समय नाम लिखाई दिया था। इसके बाद उन्हें पांच साल पढ़ाया। राव उदय प्रताप ने प्राथमिक शाला ग्राम लोलरी में उन्होंने पहली से 5वीं तक की पढ़ाई की थी। सीएम और शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने अपने-अपने गुरुजनों का सम्मान कर शिक्षा के संस्कारों को सार्वजनिक मंच पर जीवंत किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हर पांच किमी के दायरे में संदीपनि विद्यालय खोलने की घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश का शैक्षिक मॉडल देश के लिए उदाहरण बन रहा है।

### उत्कृष्ट सेवाएं देने वालों को दिया प्रशस्ति-पत्र

# जीएमसीः अंगदान करने वाले व्यक्तियों के परिजनों का सम्मान


डॉक्टरों का सम्मान।

**एनसीसी के कैडेट्स ने किया परेड का शानदार प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में गणतंत्र दिवस के अवसर पर संस्थान के छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जीएमसी डीन डॉ कविता एन सिंह द्वारा गत वर्ष छात्र हित को ध्यान में रखकर एनसीसी की शुरूआत की गई थी।

इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर एनसीसी के कैडेट्स के द्वारा परेड का शानदार प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही संस्था के वार्षिक उत्सव एवं सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित पीएसबीएच (प्रॉब्लम सॉल्विंग फॉर बैटर हेल्थ) में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को अवॉर्ड प्रदान किए गए। मृत्युपरांत देहदान/अंगदान करने वाले व्यक्तियों के परिजनों को भी इस अवसर पर अधिष्ठाता द्वारा सम्मानित किया गया।

नवाचार की इसी श्रृंखला में अधिष्ठाता द्वारा संस्थान में निष्ठा पूर्वक अपनी उत्कृष्ट सेवा देने वाले डॉक्टर्स एवं कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित करने की शुरूआत की गई है। इनमें डॉ दीपेश गुप्ता, डॉ. जया लालवानी, डॉ. प्रियंवदा कुरवेती, डॉ. विकास कुमार मिश्रा, डॉ. कीर्ति वायके, डॉ. पूर्वा बड़कुर, डॉ. अंकिता अग्रवाल, तृतीय श्रेणी कर्मचारी सरस्वती बोस, तुलसीराम काकोड़िया, सुंदरी पिंजानी, भाविका बोकड़े, नीतेश वर्मा, प्रियंका सोनी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी देवराज, कमल सोलंकी, इकबाल हसन शामिल है।

### ब्रह्माकुमारीज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# ब्रह्माकुमारीज आध्यात्मिक संग्रहालय और डिवाइन विज्डम पार्क का भूमिपूजन


ब्रह्माकुमारीज का आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोजपुर मंदिर के निकट प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के ब्लेसिंग हाउस भोपाल सेवा केंद्र द्वारा प्रस्तावित आध्यात्मिक संग्रहालय एवं डिवाइन विज्डम पार्क का भव्य भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। माउंट आबू से वरिष्ठ राजयोगिनी बीके शारदा दीदी उपस्थित रही इस दौरान शारदा दीदी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि यह स्थान मध्यप्रदेश के लोगों के लिए आध्यात्मिक उन्नति तथा तनाव एवं भागदौड़ से दूर सुकून भरी जीवनशैली का एक सुंदर केंद्र बनेगा। आज जहां एक ओर सारे विश्व में नैतिक मूल्य, चारित्रिक मूल्य, पारिवारिक मूल्य, सामाजिक मूल्यों का क्षरण हो रहा है।

# श्री सत्य साई यूनिटी रन का 8 फरवरी को भोपाल में निःशुल्क कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

8 फरवरी को भोपाल में श्री सत्य साई यूनिटी रन का आयोजन किया जा रहा है। यह यूनिटी रन भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट (के तहत किया जा रहा है। श्री सत्य साई सेवा संगठन भोपाल में इस यूनिटी रन के संयोजक प्रीतेश सक्सेना एवं जिला अध्यक्ष सजल श्रीवास्तव ने बताया कि इस आयोजन में दौड़ एवं साइकिल दोनों सम्मिलित है। यूनिटी रन तीन तरह की है 3 कि.मी. 5 कि.मी. एवं 10 कि.मी। सबसे प्रमुख बात यह है कि यह यूनिटी रन पूर्णतः निःशुल्क है, इसमे किसी भी तरह का भुगतान आदि नहीं करना है। इस यूनिटी रन में भाग लेने वाले प्रतिभागियो को श्री सत्य साई संगठन द्वारा टी शर्ट, दौड़ के बाद मेडल एवं फिट इंडिया का ई-सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

### क्यूआर कोड अथवा गूगल लिंक से रजिस्ट्रेशन

प्रीतेश सक्सेना ने बताया कि इस यूनिटी रन में भाग लेने के लिए भोपाल वासियो को क्यूआर कोड के माध्यम से अथवा गूगल लिंक के माध्यम से रजर्स्ट्रेशन कराना होगा। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा भी भोपाल के समस्त महावद्यिालयो को निर्देशित किया गया है कि एक भारत स्वस्थ्य भारत मिशन के प्रचार प्रसार हेतु इसमे महावद्यिालय के छात्रो कि सहभागिता सुनश्चिति की जाए।

### 2 फरवरी को उत्तरप्रदेश के रास्ते मध्यप्रदेश में प्रवेश

उल्लेखनीय है कि श्री सत्य साई संगठन भगवान श्री सत्य साई बाबा के 100 वें जन्मशती वर्ष में पूरे भारत के 60 शहरों में भी सत्य साई यूनिटी रन का आयोजन कर रहा है। अभी तक 26 शहरो में इस प्रकार कि दौड़ आयोजित कि जा चूंकि है। इस यूनिटी रन की टार्च को भारत कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा पुट्टापर्थी में प्रज्वलित किया गया था। यह दव्यि टार्च 2 फरवरी को उत्तरप्रदेश के रास्ते मध्यप्रदेश में प्रवेश कर रही है एवं 06 फरवरी को भोपाल के शांतिवन में आ जाएगी।

### बच्चों ने राष्ट्रीय भक्ति की दीं प्रस्तुतियां

# एक्सीलेंस पब्लिक स्कूल में धूमधाम से किया गणतंत्र दिवस का आयोजन


प्रस्तुतियां देते छात्र-छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक्सीलेंस पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के संचालक समीर प्रसाद ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर बच्चों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर नन्हे बच्चों ने राष्ट्रीय भक्ति से ओत प्रोत प्रस्तुतियां दी।

### व्यापारियों के साथ हुई व्यापारिक मुद्दों पर चर्चा

# उन्नति पैनल का टीटी नगर में सघन जनसंपर्क



उन्नति पैनल का जनसंपर्क।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के व्यापारियों की प्रतिष्ठित संस्था चेंबर ऑफ कॉमर्स के चुनाव में उन्नति पैनल के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गोविंद गोयल ने न्यूमार्केट स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की, तत्पश्चात प्रत्याशियों के साथ टीटी नगर क्षेत्र में जनसंपर्क कर व्यापारियों संपर्क किया। वहीं दूसरी ओर महाराणा प्रताप नगर के व्यापारियों की बैठक में व्यापारियों ने पैदल के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गोविंद गोयल से चर्चा की, जिसमें गोयल ने कहा कि चुनाव के बाद कम से कम 10000 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखने की बात कही। इसके अलावा मास्टर प्लान के संबंध में भी सभी से चर्चा का आश्वासन दिया। इस मौके पर उन्नति पैनल के सभी प्रत्याशी मौजूद रहे।

### देवालयों में वीआईपी प्रथा खत्म करने की मांग

**उज्जैन।** वर्तमान में सनातन धर्मावलंबियों पर अंकुश ओर प्रतिबंध देखा जा रहा हैं जिसके कारण धर्म को मानने वाले करोड़ों लोगों में सरकार के प्रति अविश्वास और असंतोष फैल रहा हैं। देश में जहां बीजेपी की सरकार हैं वहां यह सब ज्यादा देखने को मिल रहा हैं। उत्तर प्रदेश और अन्य प्रदेशों संतों, पुजारियों और सेवायतन पर अत्याचार, शोषण और अपमान हो रहा हैं। जिसे रोकने के लिए अखिल भारतीय पुजारी महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी और सचिव रूपेश मेहता ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर देश के मंदिरों देवालयों में वीआईपी प्रथा खत्म करने ओर वीआईपी प्रवेश प्रतिबंधित कानून बनाने की मांग की हैं। क्योंकि हाल ही में यूपी के (वृंदावन) बांके बिहारी मंदिर में बीजेपी के नए अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के आने पर वहां के पुजारी, सेवादार और उनके परिवार की महिलाओं को सुरक्षा के नाम पर रोका गया, उन्हें अपमानित किया गया।

### महिला बाल विकास मंत्री ने किया प्री-मैरिटल काउंसलिंग सेंटर का शुभारंभ

# शादी के बाद उत्पन्न होने वाली समस्याओं का समाधान पहले ही कर लेना वर्तमान समय की महती आवश्यकता

**कार्यक्रम में शामिल हुए सभी धर्म सम्प्रदाय के धर्मगुरु**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शादी के बाद ही समस्याओं का समाधान बाद में नहीं बल्कि पहले ही कर लिया जाए। आज के वर्तमान समय में इसकी जरूरत ज्यादा हो गई है। जिसके लिए शादी कराने वाले पंडित, काजी, फादर और अन्य लोग युवक-युवती और उनके परिवार के लोगों से बातचीत करें। ऐसा करने से शादी के बाद आने वाली समस्याओं को दोनों पक्षों की सहमति से आसानी से निपटाया जा सकेगा। यह बात बुधवार को प्रोफेसर कॉलोनी स्थित शक्ति सदन में प्रदेश के पहले प्री मैरिटल काउंसलिंग सेंटर का शुभारंभ करते हुए महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कही। उन्होंने कहा कि इस सेंटर की मदद से शादी के बाद टूटने वाले रिश्तों को मजबूती देना आसान हो जाएगा। कार्यक्रम में धर्मगुरु भी शामिल हुए, जिसमें शहरकाजी सैय्यद मुश्ताक अली नदवी ने कहा कि बेटियों को इज्जत और सम्मान का पूरा हक है। शादी के बाद शौहर की जिम्मेदारी है कि वह उसकी हर जरूरत का ख्याल रखे। महिला आयोग की इस पहल से सभी वर्ग के शादी करने वाले जोड़ों को फायदा मिलेगा। कार्यक्रम में हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, फादर अनिल मार्टिल मौजूद रहे। निर्भया फाउंडेशन के अध्यक्ष शेर अफजल खान ने कहा कि महिला आयोग की यह पहल आज के युवा जोड़ों की सबसे बड़ी जरूरत है।



कार्यक्रम में मौजूद मंत्री निर्मला भूरिया।

### आगे चलकर आसान हो सकेगी जीवन

### ब्यूटिशियन्स को बनाया ब्रांड एंबेसडर

निर्भया महिला आश्रय गृह की डायरेक्टर और काउंसलिंग सेंटर की काउंसलर समर खान ने बताया कि प्री मैरिटल काउंसलिंग सेंटर में नव जोड़ों को काउंसलिंग के लिए लाने से शादी के बाद ही कई समस्याओं का समाधान आसान होगा, जिसे झिझक की वजह से जोड़े एक दूसरे से साझा नहीं करते हैं। पहले ही इन बातों को समझने से उनका आगे का जीवन आसान हो जाएगा। जिसके लिए शहर की ब्यूटिशियन्स को भी ब्रांड एंबेसडर बनाकर जोड़ा गया है।


शुभारंभ करतीं मंत्री निर्मला भूरिया।

# खुद की उलझनों में उलझा व्यक्ति, न समाज की परवाह न ही देश की...

## अभिनय मंच में माइम शैली के नाटक 'गुब्बारा' और 'कॉफी हाउस में इंतजार' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज के दौर में हर एक व्यक्ति खुद की उलझनों में उलझा है, उसे दीन दुनिया से कोई मतलब नहीं, वो सिर्फ अपना देखता, अपना भोगता है। आदमी की इसी स्थिति को दर्शाते दो नाटकों का मंचन बुधवार शाम अभिनय मंच में किया गया। रामकृष्ण रिपरटायर कल्चरल एंड सोशल सोसाइटी द्वारा मंचित इस प्रस्तुति में पहला नाटक 'गुब्बारा' का मंचन किया गया। माइम शैली के इस नाटक में निर्देशन शिवकुमार कटारिया की रही। तो वहीं दूसरी प्रस्तुति 'कॉफी हाउस में इंतजार' में निर्देशन अदनान खान का रहा।



### तितली के उड़ते ही वो खुश हो जाता है

एक आम आदमी जिसका मन बच्चों की तरह है, एक आम सुबह घर से निकलता है, जिसे चलते हुए एक गुब्बारा मिलता है, उस गुब्बारे के साथ ऐसा अनुभव होता है, जो हास्य पैदा करता है, फिर वह आदमी और आगे चलता है, जहां एक तितली दिखती है उसे पकड़ने का प्रयास करता है, जिससे वह बेहोश हो जाती है, फिर कैसे वह घटना झकझोर देती है और वो तितली को मिट्टी में गड़ा देता है पर उसे अहसास होता है कि वह जिंदा है और उसे बाहर निकालता है, तितली के उड़ते ही वो खुश हो जाता है,

### 'कॉफी हाउस में इंतजार'

तीन पात्रों पर केंद्रित व्यंग्यात्मक नाटक जिसमें 45 वर्षीय पात्र निर्धारित समय और निर्धारित स्थान पर आकर रोजाना कॉफी पीता, दूसरा 24 वर्षीय पात्र कॉफी हाउस में अपनी प्रेमिका से मिलने आया है और उसी कुर्सी पर बैठने का दावा करता है। दोनों के बीच कुर्सी को लेकर टकराव होता है। युवा वेटर से दूसरी कुर्सी के बारे में पूछता है। वेटर उसे बताता है कि दूसरी कुर्सी पर सूराजी गुरु नामक व्यक्ति बैठा हुआ है। धीरे-धीरे यह स्पष्ट होता है कि पहला व्यक्ति एक स्वतंत्रता सेनानी रहा है और सूराजी गुरु से प्रेरित रहा है। वह महान नेताओं के आदर्शों को मानने वाला व्यक्ति है और उन्हीं मूल्यों के अनुसार जीवन जीता है। नाटक में दिखाया कि तीसरा पात्र सामान्य आदमी का प्रतीक है। उसे न तो विचारधाराओं से मतलब है, न इतिहास से और न ही समाज की स्थिति से। उसकी प्राथमिकता केवल अपनी नौकरी और अपने परिवार की जरूरतें हैं। पहला



नाटक का मंचन करते कलाकार।

व्यक्ति यह भी बताता है कि वह पिछले छह दिनों से शहर से बाहर था, इसलिए वह इस दौरान कॉफी हाउस नहीं आ पाया। वेटर पहले व्यक्ति का पक्ष लेते हुए कहता है कि यह व्यक्ति बीस वर्षों से उसी कुर्सी पर बैठता आया है, और यह उसकी पुरानी जगह है।

---

## खबर संक्षेप



### भोपाल की गायिका नयनसी ने एआर रहमान के लिए गाया गाना

**भोपाल।** राजधानी की रहने वाली गायिका नयनसी शर्मा, जो रेलवे में क्लास 1 अधिकारी अरुण शर्मा एवं आराधना शर्मा की पुत्री हैं। नयनसी नें विश्वविख्यात संगीतकार ए.आर. रहमान द्वारा कंपोज किये गए गाने में अपनी आवाज दी है। नयनसी ने फिल्म गांधी टॉक्स के लिए तेलुगु गाना पधे पधे गाया है, जो 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में प्रमुख भूमिकाओं में अदिति राव हैदरी और विजय सेतुपति नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन किशोर पांडुरंग बेलेकर ने किया है। फिल्म को पांच भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

### अंतरराष्ट्रीय अनघ मंच का दो दिवसीय कार्यक्रम आज से

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय अनघ मंच की ओर से गुरुवार को राष्ट्रप्रेम और सांस्कृतिक चेतना आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय यह कार्यक्रम सैनिक विश्राम गृह में होगा। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से आए थलसेना, नौसेना, वायुसेना, अर्धसैनिक बलों एवं पुलिस के लगभग 50 वर्दीधारी कवि 25 घंटे तक अविरल वीर रस और देशभक्ति की स्वरचित कविताओं का पाठ करेंगे। इस अद्वितीय प्रयास को द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा मान्यता दी जाएगी। कार्यक्रम में सैनिकों द्वारा लिखित देशप्रेम व ऐतिहासिक विषयों पर आधारित पांच पुस्तकों का लोकार्पण तथा अमर शहीदों को समर्पित देश के सबसे बड़े हस्ताक्षरित बैनर का अनावरण भी होगा।

### मातृभाषा समारोह 2026 कल से 1 फरवरी तक

**भोपाल।** बी.एच.ई.एल. दशहरा मैदान गोविन्दपुरा में 30-31 जनवरी एवं 01 फरवरी (शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार) को मातृभाषा मंच के द्वारा मातृभाषा समारोह-2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक आयोजन पारंपरिक भोजनों के स्टॉल एवं भारतीय विचारों की प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। इस तीन दिवसीय आयोजन में लगभग 18 भाषायी परिवारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भाषायी सस्कृतियों के फूड स्टॉल एवं भाषायी संस्कृतियों की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा।

---

## रवीन्द्र भवन एवं एमवीएम ग्राउंड में 41वें 'लोकरंग' का आयोजन

# लोकरंग में सजी लोक परंपराओं की रंगीन छटा, 13 राज्यों के नृत्य-गायन ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविंद्र भवन और एमवीएस ग्राउंड में आयोजित 41वें लोकरंग महोत्सव में बुधवार को बघेली एवं हिमाचली लोक गायन के साथ श्रंगारी, डोगरी, तीनताली नृत्य सहित करीब 13 राज्यों के लोक नृत्यों की मनभावन प्रस्तुति देखने को मिली। वहीं शाम की बेला का मुख्य आकर्षण हिमाचल से आए रोशन लाल एवं साथी द्वारा हिमाचली लोक गायन की प्रस्तुति रही। प्रस्तुति में शिव कैलाशों के वासी, धौली धारों के राजा... गीत गाकर मुक्ताकाश मंच को आध्यात्मिक भावभूमि से आलोकित किया इसके बाद शिव गौरा स्तुति बाजे ढोल नगाड़े ओ शंभु... गीत गाकर देवाधिदेव महादेव के चरणों में स्वरांजलि अर्पित की। वहीं शिव कैलास वंदना लगियां चढ़ाइयां सुनाया।

### देवी-देवताओं की उपासना और परंपराओं को दिखाते नृत्य का प्रदर्शन



लोकरंग महोत्सव में लोक नृत्य की प्रस्तुति देते हुए।



पंजाबी नृत्य की प्रस्तुति देते कलाकार।

### धरोहर में नजर आ रही 13 राज्यों की सांस्कृतिक झलक

वहीं राजस्थान के जगदीश पंचारिया एवं साथी कलाकारों ने घूमर और चरी नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद ओडिसा के अभिजीत दास द्वारा श्रृंगारी नृत्य की प्रस्तुति ने मन मोह लिया। वहीं जम्मू-कश्मीर से आए मंदीप सिंह चीब की डोगरी नृत्य की प्रस्तुति में परम्पराओं, रीति-रिवाजों तथा जीवन-शैली को दिखाया गया।

### आंध्रप्रदेश के कलाकारों ने दी ढिमसा नृत्य प्रस्तुति

वहीं आंध्रप्रदेश की वैष्णवी एवं साथी कलाकारों ने ढिमसा नृत्य की प्रस्तुति दी। यह नृत्य विशाखापत्तनम की अराकू घाटी के जनजातीय समुदाय द्वारा किया जाता है। 15-20 महिलाओं द्वारा घूंघट निकालकर समूह में, विशेषकर शादियों और त्योहारों के अवसर पर इसे किया जाता है।



### बघेली लोक गीतों की प्रस्तुति रही खास

वहीं बघेली लोक गायन में मणिमाला सिंह एवं साथी, रीवा द्वारा बसंत गीत आई-आई बसंत बहार..., सोहाग राजा जनक जी के सिया रे दुलारी..., बनरा देखो दशरथ राज दुलार..., बन्नी गीत सिया जी बनी दुल्हन दुल्हा बने राजा राम... और अंजुरी जगमग दिया बरे, बरे सगली रात... की प्रस्तुति दी।

### ब्रज की होली संग दिखा पंजाब का गिद्दा

वहीं गीतांजलि शर्मा द्वारा ब्रज के होली नृत्य को प्रस्तुत ने मन मोहा। भगवान श्रीकृष्ण और राधा के प्रेम को दर्शाती इस प्रस्तुति में बरसाना की लठमार होली, फूलों की होली, और रासलीला नृत्य शामिल रहे। स्थानीय कलाकारों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर 'रसिया' गीतों पर नृत्य किया। वहीं पंजाब के जसबिंदर सिंह ने गिद्दा नृत्य की प्रस्तुति दी। गिद्दा नृत्य पंजाब की महिलाओं में प्रचलित वह नृत्य है जिसके केन्द्र



में मनोविनोद है। सखी सहेलियां एक-दूसरे पर ताने कसती हुई गाती और नृत्य करती हैं।

---



### विजेताओं को मिलेंगे ट्रैक्टर, बुलेट मोटरसाइकिल, ई स्कूटर एवं अन्य पुरस्कार

# किसान कल्याण स्वाभिमान पर्व क्विज का प्रथम चरण 15 मार्च तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किसानों के कल्याण, स्वाभिमान और समृद्धि के लिए संचालित योजनाओं को व्यापक जन जन तक पहुंचाने मप्र शासन, संस्कृति विभाग के अंतर्गत वीर भारत न्यास एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा एक अभिनव और ऐतिहासिक पहल की है। वर्ष 2026 को किसान कल्याण स्वाभिमान पर्व के रूप में मनाते हुए प्रदेश में लोक और जनजातीय कलाओं के बहुरंगी उत्सव के साथ एक विशाल राज्य स्तरीय इनामी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का प्रथम चरण 15 मार्च तक चलेगा। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को लगभग 6.50 करोड़ राशि के ट्रैक्टर, बुलेट मोटरसाइकिल, ई स्कूटर एवं अन्य आकर्षक पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। यह जानकारी संस्कृति संचालनालय के संचालक एन.पी. नामदेव एवं मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार एवं वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी ने प्रेस को संबोधित करते हुए दी।

**राज्य स्तरीय इनामी क्विज प्रतियोगिता**

### पांचों अंचलों में होंगे लोक व जनजातीय कार्यक्रम

श्रीराम तिवारी ने बताया कि किसान कल्याण स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत बुंदेलखंड, बघेलखंड, मालवा, निमाड़ और महाकौशल अंचलों में वर्ष भर लोक एवं जनजातीय कलाओं के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इन आयोजनों के माध्यम से खेती, किसान जीवन, परंपरा और आधुनिक सरकारी योजनाओं का रचनात्मक संगम प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे किसान अपनी संस्कृति से जुड़ते हुए समकालीन योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त कर सकें।

---

# मानव संग्रहालय में 'श्री अन्नः राष्ट्रीय श्री अन्न महोत्सव-2026' कल से 1 फरवरी तक

### भारतीय खाद्य परंपरा, स्वास्थ्य और संस्कृति का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव संग्रहालय द्वारा देश की समृद्ध खाद्य परंपराओं, लोकज्ञान एवं पोषण-संस्कृति को जनसामान्य तक पहुंचाने के उद्देश्य से मिलेट्स एवं ट्रेडिशनल फूड फेस्टिवल का तीन दिवसीय आयोजन 30 जनवरी से 1 फरवरी तक किया जा रहा है। यह आयोजन मोटे अनाजों (मिलेट्स) के महत्व, उनकी उपयोगिता तथा भारतीय भोजन परंपरा में उनकी ऐतिहासिक भूमिका को रेखांकित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में सिक्किम, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, अरुणाचल प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से लोक एवं जनजातीय समुदायों के कलाकार एवं खाद्य विशेषज्ञ सहभागिता करेंगे। महोत्सव को सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए शास्त्रीय एवं लोक संगीत की विशेष सांस्कृतिक संध्याएं भी आयोजित की जाएंगी।

■ विभिन्न राज्यों से आएंगे कलाकार

**30 जनवरी**

श्री जानकी बैंड ऑफ विमन्स
(जबलपुर की प्रस्तुति)
समयः शाम 06:30 बजे,
स्थानः ऑडिटोरियम, वीथि संकुल, संग्रहालय परिसर

**31 जनवरी**

विदुषी भारती विश्वनाथन
(भोपाल की प्रस्तुति)
समयः शाम 06:30 बजे,
स्थानः ऑडिटोरियम, वीथि संकुल, संग्रहालय परिसर

**31 जनवरी**

मैहर बैंड
(मध्य प्रदेश की प्रस्तुति)
समयः शाम 07:30 बजे
स्थानः ऑडिटोरियम, वीथी संकुल, संग्रहालय परिसर, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय श्यामला हिल्स, भोपाल

---



# भोपाल कैमरा क्लब का तीन दिवसीय भरतपुर पक्षी अभयारण्य फोटोग्राफी भ्रमण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल कैमरा क्लब (बीसीसी) द्वारा 24 से 26 जनवरी तक आयोजित तीन दिवसीय शैक्षणिक फोटोग्राफी भ्रमण के ओलादेव राष्ट्रीय उद्यान (भरतपुर पक्षी अभयारण्य) में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस यात्रा का उद्देश्य पक्षी अध्ययन, प्रकृति संरक्षण तथा जिम्मेदार वन्यजीव फोटोग्राफी को बढ़ावा देना था। इस भ्रमण में भोपाल कैमरा क्लब के 16 सदस्यों ने भाग लिया। पूरे कार्यक्रम का समन्वय भोपाल कैमरा क्लब के ऋषभ व्यास द्वारा किया गया। सदस्यों ने बार-हेडेड गूज, ग्रे-लैग गूज, कॉमन टील, नॉर्दर्न पिंटेल, गैडवाल, शोवेलर, कॉटन टील, नॉब-बिल्ड डक, पेलिकन, यूरेशियन स्पूनबिल, रफ और ब्लैक-टेल्ड गॉडविट सहित अनेक प्रवासी पक्षियों की शानदार तस्वीरें कैद कीं। इसके साथ ही डार्टर का मछली पकड़ना तथा ब्लैक-नेक्ड स्टॉर्क द्वारा अपने बच्चों को भोजन कराना जैसे दुर्लभ दृश्य भी कैमरे में दर्ज किए गए।

**वन्यजीव फोटोग्राफी को बढ़ावा देना उद्देश्य**

---

### नवाचार एवं स्टार्ट-अप संस्कृति के महत्व को किया रेखांकित

# आंचलिक विज्ञान केन्द्र में 'नवप्रवर्तन महोत्सव 2025-26' का प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आंचलिक विज्ञान केन्द्र में बुधवार को नवप्रवर्तन महोत्सव 2025-26 का उद्घाटन समारोह बुधवार को हुआ। एम.पी. स्टार्टअप सेंटर और एमएसएमई विभाग के द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में के वक्ताओं ने नवाचार एवं स्टार्ट-अप संस्कृति के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि युवाओं को भविष्य का युग-प्रवर्तक बनना होगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत एवं मध्य प्रदेश नवप्रवर्तन और स्टार्ट-अप्स के लिए व्यापक एवं स्वर्णिम अवसर प्रदान कर रहे हैं, जिनका लाभ उठाकर युवा देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि डॉ. आभा ऋषि ने स्टार्ट-अप सहयोग तंत्र, नवाचार आधारित नीतियों एवं उद्यमिता अवसरों की जानकारी साझा करते हुए विद्यार्थियों एवं नवप्रवर्तकों को नवाचार को व्यावसायिक स्वरूप देने के लिए प्रोत्साहित किया।




उद्घाटन समारोह में संबोधित करते हुए अतिथि।



विद्यार्थियों के नवाचार का अवलोकन करते हुए अतिथि।

---



### आरएनटीयू में 77वें गणतंत्र दिवस पर मेरी भाषा मेरे हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम आयोजित

**भोपाल।** रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि (आरएनटीयू) में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब द्वारा मेरी भाषा, मेरा हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एकता, भाषाई विविधता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न भारतीय भाषाओं में हस्ताक्षर कर मातृभाषा के सम्मान और सांस्कृतिक पहचान को सशक्त रूप से अभिव्यक्त किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विवि के कुलपति प्रो. आर. पी. दुबे एवं प्रो-वाइस चांसलर डॉ. संजीव गुप्ता द्वारा पौधरोपण कर किया गया।

---

### यादों के चिराग रहा प्रथम और द्वितीय काली आंधी

# दुष्यंत संग्रहालय में कमलेश्वर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुष्यन्त संग्रहालय में स्व. सुप्रसिद्ध कथाकार कमलेश्वर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुचर्चित कथाकार पंकज सुबीर ने की, मुख्य अतिथि कमलेश्वर के दामाद एवं दुष्यंत कुमार के सुपुत्र आलोक त्यागी रहे। सुरेश पटवा क्विज मास्टर रहे। निर्णायक मंडल में वरिष्ठ साहित्यकार गोकुल सोनी, डॉ विमल कुमार शर्मा, एवं सुधा दुबे रहे।




प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम में कथाकार पंकज सुबीर, आलोक त्योगी व अन्य लोग।

### काली आंधी, यादों के चिराग के रूप में बने पांच समूह

कार्यक्रम में प्रतिस्पर्धियों के पांच समूह बनाए गए जिनके नाम कमलेश्वर की चर्चित कृतियों के नाम पर काली आंधी, यादों के चिराग, जलती हुई नदी, अधूरी आवाज और रेत पर लिखे नाम नामक समूह बनाए गए। इन समूह में प्रथम -यादों के चिराग, द्वितीय- काली आंधी और तृतीय- अधूरी आवाज रही।

---

### दूरदर्शन केंद्र भोपाल के कलाकार डॉ. वर्मा को कथक में डॉक्टरेट की उपाधि

#### खैरागढ़ विवि का 17वां दीक्षांत समारोह




**भोपाल.।** देश की प्रतिष्ठित कला शिक्षण संस्था इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ में बुधवार को 17वां दीक्षांत समारोह गरिमामय एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका, छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री टंकराम वर्मा ने विद्यार्थियों को उपाधी एवं स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया। जिसमें 5 शोधार्थियों को डी.लीट, 64 शोधार्थियों को पीएचडी और 232 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं 4 विद्यार्थियों को रजत पदक प्रदान किए गए। दूरदर्शन केंद्र भोपाल के कलाकार डॉ. दीपक वर्मा को कथक में डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की।

## कांट्रेक्टर से कब्जे में लिए एग्रीमेंट में तय राशि जमा नहीं करने पर कार्रवाई

# खानूगांव में रियाज अली काका कम्युनिटी हॉल पर नगर निगम के अमले ने जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम की टीम ने बुधवार को खानूगांव में रियाज अली काला कंप्युनिटी हाल पर ताला जडते हुए अपने आधिपत्य में ले लिया। दरअसल, यह नगर निगम द्वारा वार्षिक किराए पर दिया गया था। कम्युनिटी हॉल के एग्रीमेंट की शर्तों अनुसार कांट्रेक्टर द्वारा राशि का भुगतान न करने पर यह कार्रवाई की गई।

निगम के अमले ने बुधवार को वार्ड-8 के खानूगांव स्थित निगम स्वामित्व के रियाज़ अली काका कम्युनिटी हॉल को एग्रीमेंट की शर्तों के अनुसार राशि जमा न करने पर निगम ने अपने आधिपत्य में लिया। निगम द्वारा उक्त कम्युनिटी हॉल उच्चतम ऑफर के आधार पर तीन साल की समय अवधि के लिए शोएब कुरैशी पिता अब्दुल मजीद को वार्षिक किराया राशि 8 लाख 52 हजार रुपए की वार्षिक दर पर दिया गया था।



निगम अमले की कार्रवाई।

### कांट्रेक्टर ने समय पर जमा नहीं की राशि

*आगामी 2 वर्षों में इस राशि में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर किराया राशि निर्धारित करने की शर्त पर अनुबंध निष्पादित किया गया, लेकिन संबंधित कांट्रेक्टर द्वारा द्वितीय वर्ष के लिए 25 प्रतिशत राशि एवं शेष 75 प्रतिशत राशि जो कि 6 समान किश्तों में जमा करानी थी, नहीं कराई गई। संबंधित ठेकेदार द्वारा राशि निगम के कोष में जमा नहीं कराई गई। लिहाजा रियाज़ अली काका कम्युनिटी हॉल में ताला डालकर भवन निगम आधिपत्य में लिया।*

जेई की शिकायत पर पुलिस ने किया शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज

## बाइस हजार का बकाया बिल, लाइट काटने पहुंचे जेई के कर्मचारियों से झूमाझटकी

**भोपाल।** परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित पुरा छिंदवाड़ा गांव में 22 हजार 431 रुपए का बिजली बिल बकाया होने पर जेई अपनी टीम के साथ लाइट काटने पहुंचे तो डेयरी संचालक ने कर्मचारियों से झूमाझटकी कर दी। घटना मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे के आसपास की बताई जा रही है। जेई ने घटना की शिकायत तत्काल परवलिया सड़क पुलिस को की थी। पुलिस ने जांच के बाद डेयरी संचालक पर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज कर लिया है। उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार नीतेश कुमार मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में जेई है। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि ग्राम पुराछिंदवाड़ा निवासी विजय मीणा घर के पास डेयरी का संचालन करते हैं। उन पर 22431 रुपए का बिजली बिल बकाया है। लाइन मैन उन्हें बिजली बिल वसूलने के लिए नोटिस दे चुका है। बावजूद इसके वह बिजली का बिल जमा नहीं कर रहे थे। वे टीम को लेकर विजय मीणा के घर पहुंचे। वहां पंचनामा कार्रवाई की गई। पंचनामा कार्रवाई के बाद बिजली काटने की प्रक्रिया चल रही थी। इसी बीच विजय मीणा भड़क गया और कर्मचारियों से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए झूमाझटकी करने लगा।

## बैंक खाता फ्रीज होते ही उपभोक्ता ने जमा किया दो लाख 24 हजार का बिल

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बकायादार बिजली उपभोक्ताओं से बकाया राशि वसूल करने के अभियान के तहत बड़े बकायादारों के बैंक खाते फ्रीज करने की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शहर वृत्त भोपाल उत्तर शहर संभाग, इंद्र विहार जोन अंतर्गत बड़े विद्युत बिल बकायादार उपभोक्ता आयरा परवेज खान के विरूद्ध बैंक खाता फ्रीज करने की कार्यवाही करने के उपरांत उपभोक्ता द्वारा दो लाख 24 हजार 904 रूपए बकाया राशि जमा करके अपना खाता सुचारू करवा लिया है।

### आठ बकायादारों की निगम ने संपति कुर्क की



**भोपाल।** निगम के अमले ने बुधवार को विभिन्न वार्डों में सम्पत्तिकर की बकाया 23 लाख 97 हजार 573 रुपए की राशि का भुगतान न करने पर आठ बकायादारों की सम्पत्तियां कुर्क करने की कार्रवाई की। ऊषा महेश्वरी की उक्त सम्पत्ति कुर्क की साथ ही एमपी नगर जोन-2 के भवन क्रमांक-15 के एफएफ-2-ए प्रकोष्ठ पर बकाया 2 लाख 83 हजार 89 रुपए का भुगतान न करने पर सौरभ एवं सोनू उत्पल की सम्पत्ति कुर्क की। इसके अलावा ई-7-60 के गौरव सिंह मारण, शॉलीमार कैम्पस ए-ब्लॉक के भवन नंबर 01 की बकायादार द्रोपदी आनन्द चंदानी द्वारा 47 हजार 71 रुपए तथा अंकिता अपार्टमेंट ए-ब्लॉक 401 विनायक परिसर की सरिता शर्मा द्वारा बकाया 27,311 रुपए का भुगतान न करने पर उक्त सभी सम्पत्तियां कुर्क की। इसी तरह अन्य बकायादार सविता जैन, नजमा परवीन, कमल सिंह की संपत्ति कुर्क की गई।

### निलंबित सहायक आबकारी आयुक्त खरे का आवेदन खारिज

**भोपाल।** आय से अधिक संपत्ति के प्रकरण के आरोपी तत्कालीन सहायक आबकारी आयुक्त आलोक खरे कीओर से प्रस्तुत किए गए प्रकरण में उन्मोचित किए जाने के आवेदन को विशेष न्यायाधीश लोकायुक्त संगठन राम प्रताप मिश्र के न्यायालय ने औचित्यहीन पाते हुए निरस्त कर दिया है। आय से अधिक संपत्ति के प्रकरण में सक्षम प्राधिकारी मप्र शासन, वाणिज्यिक कर विभाग, भोपाल द्वारा तत्कालीन सहायक आबकारी आयुक्त आलोक खरे के विरूद्व आय से अधिक संपत्ति के प्रकरण में अभियोजन स्वीकृति प्रदान की थी। अभियोजन की स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त संगठन द्वारा आरोपी खरे सहायक आबकारी आयुक्त एवं उनकी पत्नी मीनाक्षी खरे के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा-12,13,(1) बी (13) (2) संशोधित -2018 एवं भारतीय दंड विधान की धारा-120 बी के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विगत 8 अक्टूबर 2025 को विशेष न्यायाधीश के न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था। अभियोग पत्र विशेष न्यायालय में प्रस्तुत करने के दौरान न्यायालय में दोनों आरोपीगण उपस्थित नहीं हुए थे। विशेष न्यायाधीश ने दोनों आरोपीगण के विरूद्व गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। खरे तत्कालीन सहायक आबकारी आयुक्त एवं उनकी पत्नी श्रीमती मीनाक्षी खरे ने 8 नवंबर 2025 को विशेष न्यायाधीश के न्यायालय में उपस्थित होकर समर्पण कर दिया था।

## हरियाणा से भोपाल आया परिवार घायल, दो बच्चों को भी आई गंभीर चोट

# कार के चालक ने सवारी ऑटो में मारी टक्कर भागने के प्रयास में डिजायर कार से टकराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित भारत टाकीज ओवर ब्रिज पर मंगलवार बुधवार रात पौने एक बजे तेज रफ्तार बलेनो कार ने सवारी आटो को टक्कर मार दी। घटना के समय बलेनो कार में मौजूद युवक नशे में धुत था और उसने एक अन्य डिजायर कार को भी चपेट में लिया है। इस हादसे में सवारी आटो में सवार हरियाणा का परिवार घायल हो गया। घायलों में 11 और 13 साल के बच्चे भी है। सभी को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल भेजा गया है। हादसे में सवारी आटो चालक और एक अन्य स्विफ्ट डिजायर का चालक भी घायल हुआ है। भीड़ ने टक्कर मारने वाली बलेनो कार में सवार दोनों युवकों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने ब्रीथ एनेलाइजर से चेक किया तो पता चला कि वह शराब के नशे में धुत थे।

पुलिस के अनुसार फैजान खान (32) कच्ची सराय, स्टेशन बजरिया भोपाल में रहते हैं और सवारी आटो चलाते हैं। फैजान खान बताया भोपाल रेलवे स्टेशन एक नंबर की तरफ से मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात पौने एक बजे हरियाणा के एक परिवार को लेकर नादरा बस स्टैंड जाने के लिए निकले। वे भारत टॉकीज ओवरब्रिज पर जीबी कान्मेंट स्कूल के सामने पहुंचे ही थे कि मंडी की तरफ से आ रही बलेनो कार के चालक ने गलत दिशा से उनके आटो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सवार आटो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में उनके दाये पैर और बाई आंख में गंभीर चोट आई है।



### अनियंत्रित होकर स्विफ्ट डिजायर कार में मारी टक्कर

*आटो को टक्कर मारने के बाद बलेनो कार ने एक स्विफ्ट डिजायर कार को बांई ओर से टायर की तरफ टक्कर मारी थी। जिससे डिजायर कार का टायर टूट गया और चालक राजू मंसुरी घायल हो गया। थाना प्रभारी शिल्पा कौरव ने बताया कि टक्कर मारने वाली कार शाजापुर पासिंग की है और उसमें सवार युवक की पहचान सौरभ कालोनी निवासी मोहित पाटीदार के रूप में की गई है।*

***हादसे में बच्चे भी घायल :** आटो में टक्कर लगने से हरदीप (39) हरियाणा, उनकी पत्नी रेणु बाला, और बेटा आशु (11) और 13 साल की बेटी साक्षी को भी गंभीर चोट आई है।*

### फर्स्ट ईयर की छात्रा ने लगाई फांसी

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित हिनौतिया आलम 610 क्वार्टर में फर्स्ट ईयर की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही परिजन से प्राथमिक पूछताछ में आत्महत्या की वजह का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है। पुलिस के अनुसार बबली पगारे पिता रामसिंह पगारे (19) हिनौतिया आलम, 610 क्वार्टर इलाके में रहती थी और श्यामा मुखर्जी कॉलेज में फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रही थी। उसके पिता रामसिंह पगारे प्राइवेट काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि बेटी और बेटा जुड़वा थे और दोनों एक ही कॉलेज में पढ़ते थे। मंगलवार सुबह वह और बेटा काम पर गए थे। घर में केवल पत्नी और बबली थी। शाम करीब चार बजे के आसपास मां ने बबली को कमरे के दरवाजे पर दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर लटका देखा। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल की मदद से घटनास्थल का निरीक्षण कराने के बाद शव पीएम के लिए भेज दिया था।

### डिलेवरी ब्वाय ने फांसी लगाकर दी जान

***भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित अमराई में स्वीगी कंपनी के डिलेवरी ब्वाय ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि उसका एक साल से मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। पत्नी उसका मनौचिकित्सक के पास इलाज भी करा रही थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस के अनुसार दिनेश अहिरवार पिता ज्ञान सिंह अहिरवार (25) अमराई झुग्गी, बागसेवनिया में रहता था।*

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

***भोपाल।** खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित फंदा में एक युवक ने अपने घर में फांसी लगा ली। उसकी लाश परिजन ने फांसी के फंदे पर लटकी देखी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस को शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में पता चला कि वह शराब पीने का आदी था। पुलिस के अनुसार अजय मालवीय पिता मांगीलाल मालवीय (26) गांव फंदा में रहता था और मजदूरी करता था। परिजन ने पुलिस को बताया कि वह शराब पीने का आदी था।*

### पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, जांच जारी

## हिंदू संगठन की शिकायत पर पुलिस ने कंटेनर पकड़ा, 4 पाड़े, 6 दुधारू भैंस और पड़ियां मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बैरसिया पुलिस ने हिंदू संगठन की मदद से ब्लॉक कार्यालय के पास संदिग्ध कंटेनर को रोककर उसमें मौजूद 4 पाड़े, 6 दुधारू भैंस और एक पड़िया सहित 11 नग मवेशी बरामद किए हैं। पुलिस ने उक्त मामले में ड्राइवर सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी भागने में सफल हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वह सभी मवेशी भोपाल में रहने वाले शाहरुख कुरैशी के घर कटवाने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस अब शाहरुक कुरैशी से पूछताछ करेगी। पुलिस आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

**ड्राइवर सहित तीन लोगों को किया पुलिस ने किया गिरफ्तार**

पुलिस के अनुसार मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात हिंदू संगठन के राजू धाकड़ और रघु यादव ने पुलिस को सूचना दी थी कि देवलखेड़ा सड़क पर एक संदिग्ध कंटेनर मवेशियों को लेकर निकलने वाला है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने देर रात देवलखेड़ा रोड पर ब्लॉक आफिस के पास पीछा कर कंटेनर को रोक लिया। इस दौरान हिंदू संगठन के लोग और ग्रामीण मौजूद थे। कंटेनर चला रहे ड्राइवर से पूछताछ की गई। उसने अपना नाम मोहम्मद इरशाद (38) ग्राम निवालिया, जिला शाजापुर बताया। इसी बीच कंटेनर से युवकों ने भागने का प्रयास किया, जिन्हें हिंदू संगठन के लोगों ने पकड़ लिया। उन्होंने अपने नाम जाहिद खान (25) गांव बवचिया, सतपाड़ा, शमशाबाद जिला विदिशा और पप्पू (60) वार्ड नंबर-7 बैरसिया बताया। उनके साथ मौजूद एक अन्य युवक अंधेरे में भाग निकला।

भागे हुए व्यक्ति के बारे में पता चला कि उसका नाम खालिद मियां है और बैरसिया में रहता है। कंटेनर की तलाशी लेने पर उसमें दो कंपार्टमेंट मिले। ऊपर वाला कंपार्टमेंट ऊपर खाली था, जबकि नीचे के कंपार्टमेंट में 4 पाड़े और छह दुधारू भैंसे सहित एक छोटी पड़िया मिले। इन सभी 11 मवेशियों को क्रूरता पूर्वक भरे हुए थे। जिनको कंटेनर के अंदर कद काठी के अनुसार हिलने डुलने का पर्याप्त स्थान नहीं था। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि कंटेनर शाहरूख कुरैशी निवासी जिंसी भोपाल का है। उसके कहने पर ही वह मवेशी भरने बैरसिया आए थे।

### गला दबाने से हुई थी महिला की मौत

## पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद पति के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

छोला मंदिर इलाके में संदिग्ध हालत में हुई महिला की मौत के मामले में पुलिस ने उसके पति के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है। यह कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद की गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मायके में रहने की बात को लेकर दंपति के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद पति ने पत्नी का गला दबा दिया था। जानकारी के अनुसार कंचन साहू (30) टीला जमालपुरा की रहने वाली थी। करीब सवा साल पहले उसकी शादी ग्राम खेजड़ा स्थित राधाकृष्णा कॉलोनी में रहने वाले हेमराज साहू से हुई थी। हेमराज फुटकर व्यवसायी है और हाट-बाजारों में दालें बेचने का काम करता है। कंचन और हेमराज दोनों की यह दूसरी शादी थी और दोनों पहले से तलाकशुदा थे। पिछले दिनों जब कंचन अपने मायके गई थी, तब उसने अपनी मां को पति द्वारा गांव चलने के लिए बनाए जा रहे दबाव की जानकारी दी थी। बीती उन्नीस जनवरी की रात भी इसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हुआ, जिसके बाद हेमराज ने कंचन का गला दबा दिया था। उसको लगा कि पत्नी बेसुध है और वह दूसरे कमरे में जाकर सो गया। सुबह जब वह उठा तो पत्नी को मृत अवस्था में पाया। इसके बाद वह खुद थाने पहुंचा और पुलिस को घटना की सूचना दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने के कारण की पुष्टि हुई।

### लक्ष्मी कैंपस में चार कुत्तों को जहर देकर मारा अज्ञात पर एफआईआर

**भोपाल।** शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित लक्ष्मी कैंपस में कुत्तों को जहर खिलाकर मारने का मामला सामने आया है। इस घटना में चार कुत्तों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत नाजुक है। घटना की शिकायत स्थानीय एनिमल राइट्स एक्टिविस्ट बिंदु रामकांत घाटपांडे ने पुलिस को दी है। बिंदु ने बताया कि सभी कुत्तों को इलाके के लोगों नियमित रूप से खाना खिलाते थे। 25 जनवरी को अचानक चार कुत्ते लापता हो गए। बाद में उनमें से दो कुत्ते गंभीर हालत में मिले और उन्हें निजी पशु चिकित्सालय ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पशु चिकित्सक ने पुष्टि की कि उनकी मौत जहर देने से हुई है। घटना की जांच के दौरान अन्य दो कुत्तों के मौत की भी जानकारी मिली। फिलहाल, एक कुत्ता जहर खाने से गंभीर है। बिंदु ने संदेह जताया कि यह जहर किसी ने जानबूझकर उन कुत्तों के खाने में मिलाया होगा। स्थानीय निवासियों ने इस घटना पर गहरा रोष व्यक्त किया है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और जांच की मांग की है। शाहपुरा पुलिस का कहना है कि उक्त प्रकरण पर जांच की जा रही है।

### कम वसूली वाले जोन व वार्ड कार्यालयों की मांगी जानकारी

## निगम में चार घंटे चली टीएल की बैठक, विभागवार की समीक्षा, पेंडिंग शिकायतों को लेकर हुई नाराज



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम मुख्यालय में बुधवार को चार घंटे से ज्यादा समय तक चली टीएल की बैठक में निगम आयुक्त ने विभागवार समीक्षा की। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन में पेंडिंग शिकायतों को लेकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने राजस्व विभाग की वसूली, लक्ष्य और कम वसूली वाले जोन व वार्ड कार्यालयों से जानकारी मांगी। इसके पूर्व निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने बीते सप्ताह दिए गए निर्देशों की समीक्षा के साथ आगे की कार्य योजना पर चर्चा की। वे जोन के प्रभारी एएचओ रविकांत औदिच्य और कामगार सह प्रभारी सहायक अतिक्रमण अधिकारी महेश गौहर पर नाराज हुईं। शाम चार बजे शुरू हुई बैठक साढ़े आठ बजे तक चली जिसमें विभागवार कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने यांत्रिक विभाग का प्रेजेंटेशन भी देखा। विभाग द्वारा हाल ही में खरीदे गए ओवन के बारे में बताया गया, जिससे डामर सड़कों के मेंटनेंस के दौरान मौके पर ही पेंचवर्क किया जा सकेगा। निगम आयुक्त ने निगम के नए भव्य मुख्यालय भवन में चरणबद्ध तरीके से फाइलें और जरूरी सामान शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

### समग्र आईडी के सुधार प्रकरण को पेंडिंग रखने पर जेडओ और वार्ड प्रभारी का कटेगा वेतन

निगम आयुक्त श्रीमती जैन ने समग्र आईडी पर नाम में सुधार के प्रकरण को लंबित रखने पर वार्ड—12 के वार्ड प्रभारी एवं जोन—3 के जोनल अधिकारी को 10 दिवस एवं 5 दिवस का वेतन काटने संबंधी नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए।

### कृषि सखी किसानों से करेंगी संवाद, मिलेगा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा



**भोपाल।** संभाग के भोपाल, राजगढ़, विदिशा, रायसेन और सीहोर में किसानों को प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि सखी नियुक्त की जाएंगी। यह किसानों से संवाद कर उन्हें प्राकृतिक खेती करने की सलाह देंगी। इस खेती से मिलने वाली फसलों के लिए बाजार भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे किसानों को अपनी फसल का सही दाम भी मिल सके। उन्होंने कहा कि जिलों में मिट्टी परीक्षण, पराली न जलाने पर जोर दिया। संयुक्त संचालक कृषि सुमन प्रसाद ने बताया कि संभाग के सभी जिलों में प्राकृतिक खेती कृषि सखी बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर शुरु किए जा रहे है।

### 3 किलोवॉट के सौर संयंत्र लगाने पर 78 हजार की सब्सिडी मिलेगी

## पीएम सूर्य घर योजना में अब तक 29 हजार 275 उपभोक्ताओं के खातों में पहुंची 228 करोड़ से अधिक की सब्सिडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में पीएम सूर्यघर योजना के तहत अब तक कुल 29 हजार 273 उपभोक्ता पंजीकृत हुए हैं। जिन्हें 228 करोड़ से अधिक की राशि सब्सिडी के रूप में उनके खातों में जमा कराई जा चुकी है। कंपनी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन उपरांत विद्युत वितरण कंपनी में रजिस्टर्ड अधिकृत वेंडर से ही सौर ऊर्जा संयंत्र लगवाएं। देश के करोड़ों घरों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम सूर्य घर योजना प्रारंभ की गई है। लोगों को इस योजना का लाभ मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रदान किया जा रहा है।

### अब तक लाखों कृषकों ने लिया नवीन विद्युत कनेक्शन


**भोपाल ।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अपने कार्यक्षेत्र में ग्रामीण एवं कृषि उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में स्थायी घरेलू एवं कृषि पंप कनेक्शन उपलब्ध करा रही है। दिसंबर 2024 से यह योजना शुरू हुई है तब से अब तक इस योजना का लाभ 01 लाख 57 हजार 359 ग्रामीण कृषकों को मिल चुका है।

### आगर मालवा और झालावाड़ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

## ड्रग फैक्ट्री से 5 करोड़ रुपए का सामान बरामद, राजस्थान से आरोपी गिरफ्तार, आगर पुलिस को 1 किलो स्मैक, 2 किलो एमडी ड्रग मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आगर मालवा पुलिस ने बुधवार को राजस्थान में एक ड्रग फैक्ट्री का खुलासा किया है। इस ऑपरेशन में करीब 5 करोड़ रुपए का सामान जब्त हुआ है, आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। यह कार्रवाई कोतवाली थाना में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के अनुसार, 20 जनवरी को सुसनेर के पास घेराबंदी कर फैजान को पकड़ा गया था।



फैजान के पास से 33 लाख रुपए कीमत की 330 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली थी। पूछताछ में पता चला कि यह ड्रग्स राजस्थान के झालावाड़ जिले से लाई गई थी। फैजान ने बताया था कि वह झालावाड़ के घाटाखेड़ी निवासी ताहिर खान से ड्रग्स लाता था। ताहिर खान द्वारा घर में फैक्ट्री चलाने की जानकारी मिलने पर आगर और झालावाड़ पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई। 28 जनवरी की रात घाटाखेड़ी में ताहिर खान के घर पर छापा मारा गया। घर के बाहर ताला लगा था, लेकिन अंदर ताहिर के पिता शाहीर खान और काका मुनव्वर खान केमिकल छिपाते हुए पकड़े गए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य सरगना ताहिर खान को भी मामले में आरोपी बनाया गया है।

### केमिकल के साथ हथियार भी मिले

मकान की तलाशी में 1 किलो स्मैक, 2 किलो एमडी ड्रग, 2 किलो केटामाइन और नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। साथ ही ड्रग बनाने की मशीन, भारी मात्रा में केमिकल, एक भरमार गन और एक एयर गन भी मिली है। जब्त किए गए इस पूरे सामान की कीमत करीब 5 करोड़ रुपए आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान एक भरमार गन और एक एयर गन भी मिली है। पुलिस ने बताया कि पूरी कार्रवाई कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई है। पकड़े गए आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड मांगा जा रहा है।






स्पेशल
वर्ल्ड कैंसर डे
4 फरवरी

डॉक्टर्स एडवाइस

विवेक शुक्ला

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कैंसर दुनिया भर में होने वाली मौतों का हृदय रोगों के बाद दूसरा सबसे बड़ा कारण है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज इंफॉर्मेटिक्स एंड रिसर्च, बेंगलुरु के अनुसार 13.9 लाख व्यक्ति सन 2020 में भारत में कैंसर से ग्रस्त थे और दुनिया भर में 7.5% कैंसर मरीज भारतीय हैं। ऐसे आंकड़े कैंसर को लेकर हमारी चिंता बढ़ाते हैं। लेकिन सुखद है कि नए रिसर्च के अनुसार इसे कंट्रोल करना और समय रहते पता चलने पर ट्रीटमेंट संभव है। कैंसर से जुड़ी बहुत यूजफुल इंफॉर्मेशंस यहां दे रहे हैं।

# अवेयरनेस-प्रिकॉशन से संभव है कैंसर से बचाव







अमेरिकन सोसायटी ऑफ क्लिनिकल ऑन्कोलॉजी के अनुसार, वे दिन अब बीत चुके हैं, जब कैंसर को मृत्यु की पूर्व-चेतावनी माना जाता था। ऐसा इसलिए है क्योंकि पिछले दो दशकों में कैंसर की जांच और उपचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, जिसके कारण इससे छुटकारा पाने और पुनः स्वस्थ होने की संभावनाएं पहले की तुलना में काफी बढ़ गई हैं।

इसके बावजूद भारत के संदर्भ में आज भी विभिन्न प्रकार के कैंसर के तीसरे और चौथे चरण में पहुंचे अधिकांश मरीज असमय मृत्यु का शिकार हो रहे हैं। साथ ही, देश के ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में कैंसर से जुड़े अनेक मामले आज भी रिपोर्ट नहीं हो पाते। स्पष्ट है कि यह एक गंभीर समस्या है।

## कैंसर क्यों होता है

अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार, कैंसर सामान्यतः कोशिकाओं के डीएनए में होने वाले म्यूटेशन के कारण होता है। डीएनए में मौजूद जीन कोशिकाओं को यह निर्देश देते हैं कि उन्हें कैसे बढ़ना है, कितनी बार विभाजित होना है और किस प्रकार कार्य करना है। जब डीएनए में कोई गड़बड़ी उत्पन्न हो जाती है, तो कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं, जो आगे चलकर कैंसर का कारण बनती हैं।

## लक्षणों पर दें ध्यान

जिस अंग में कैंसर होता है, उससे संबंधित लक्षण प्रकट होते हैं। उदाहरण के लिए, फेफड़ों के कैंसर में सांस लेने में तकलीफ होती है, जबकि यकृत (लिवर) कैंसर में भूख न लगना और पाचन संबंधी समस्याएं होती हैं। हालांकि कुछ सामान्य लक्षण भी हो सकते हैं-

किसी घाव या जख्म का लंबे समय तक न भरना। बिना कारण वजन घटना (6 महीनों में 10% से अधिक)। त्वचा के भीतर गांठ महसूस होना, जो तेजी से बढ़ रही हो (ध्यान रखें, हर गांठ कैंसर नहीं होती है)। शरीर के किसी हिस्से में लगातार सूजन होना। खून की कमी (एनीमिया)। बार-बार बुखार आना। मल या मूत्र में रक्त आना। लंबे समय तक थकान या अस्वस्थता महसूस होना। मस्सों या तिलों के रंग, आकार या बनावट में बदलाव। भूख में लगातार कमी होना। इन लक्षणों के दिखने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें।

## कैंसर के कारण

लगभग 10% कैंसर आनुवंशिक होते हैं, जबकि शेष 90% कैंसर अस्वास्थ्यकर जीवनशैली के कारण उत्पन्न होते हैं, जो जीन में म्यूटेशन का कारण बनती है। रिस्क फैक्टर्स में शामिल हैं- जंक फूड का सेवन अधिक करना। लंबे समय तक जंक और पैकेज्ड फूड का सेवन पेट व बड़ी आंत (कोलन) के कैंसर का खतरा बढ़ाता है, क्योंकि इनमें पोषक तत्व कम और वसा, नमक व तेल अधिक होते हैं। धूम्रपान से फेफड़ों में हानिकारक रसायन पहुंचते हैं, जो जीन में विकृति पैदा करते हैं। फेफड़ों के कैंसर का यह प्रमुख कारण है। किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन मुंह, जीभ, गाल और गले के कैंसर का खतरा बढ़ाता है। नियमित व्यायाम न करने से मोटापा बढ़ता है, जो स्तन, गर्भाशय और बड़ी आंत के कैंसर का कारण बन सकता है। बढ़ता वायु प्रदूषण, खासकर वाहनों से निकलने वाला धुआं, फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ाता है। अधिक और नियमित शराब सेवन कोशिकाओं की जेनेटिक संरचना को नुकसान पहुंचाता है और कैंसर के जोखिम को बढ़ाता है। ऐसे में स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर और नशे की आदतें छोड़कर कैंसर से काफी हद तक बचाव संभव है।

## उपचार के तरीके

पिछले कुछ वर्षों में कैंसर उपचार में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पहले जहां चौथे चरण के कैंसर में औसत जीवन अवधि लगभग 6 महीने थी, वहीं अब यह 4–5 वर्ष या उससे अधिक हो सकती है। यदि कैंसर का पता पहले या दूसरे चरण में चल जाए, तो अधिकांश मामलों में पूर्ण उपचार संभव है। कई उपचार पद्धतियां कारगर हो सकती हैं। पहले की तुलना में कीमोथेरेपी में साइड इफेक्ट्स कम होते हैं। ह्यूमन जीनोम प्रोफाइलिंग और टारगेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को सक्रिय करता है, भी कारगर हैं।



## महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसर

भारत में महिलाओं में सबसे अधिक पाए जाने वाले कैंसरों में स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर, अंडाशय (ओवेरियन) कैंसर तथा गर्भाशय का कैंसर प्रमुख हैं। समय पर जांच और जागरूकता से इन कैंसरों की पहचान शुरुआती अवस्था में संभव है।

**स्तन कैंसर:** स्तन कैंसर के संभावित कारणों में देर से रजोनिवृत्ति (मेनोपॉज) होना, लंबे समय तक हार्मोनल गर्भनिरोधक गोलियों का सेवन कुछ मामलों में जोखिम बढ़ा सकता है, हार्मोनल असंतुलन, शारीरिक गतिविधि की कमी, मोटापा तथा कम अवधि तक स्तनपान कराना, बीआरसीए-1, बीआरसीए-2 तथा पी-53 जैसे जीन में उत्परिवर्तन (म्यूटेशन), शामिल हैं।

**प्रमुख लक्षण:** स्तन या बगल के पास कठोर गांठ, जो प्रायः दर्द रहित होती है। स्तन की त्वचा में लालिमा, मोटापन या सिकुड़न। निप्पल से तरल का स्राव, जिसमें कभी-कभी खून भी हो सकता है। निप्पल का अंदर की ओर धंसना या उसमें जलन। स्तन के आकार या बनावट में बदलाव

**रोकथाम:** चिकित्सक से परामर्श लेकर नियमित रूप से स्तन की स्व-परीक्षा करना, आवश्यकतानुसार मैमोग्राफी कराना, स्वस्थ जीवनशैली अपनाना और वजन नियंत्रित रखना, नियमित व्यायाम एवं प्राणायाम करना, अधिक समय तक स्तनपान कराने से स्तन कैंसर का जोखिम कम होता है।

**उपचार:** जांचों के बाद रोग की अवस्था के अनुसार कैंसर विशेषज्ञ सर्जरी, रेडिएशन थेरेपी, कीमोथेरेपी, हार्मोनल थेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी अथवा इम्यूनोथेरेपी में से उपयुक्त उपचार का चयन करते हैं।

**सर्वाइकल कैंसर:** गर्भाशय के निचले हिस्से को गर्भाशय ग्रीवा कहा जाता है। इसी भाग से उत्पन्न होने वाले कैंसर को सर्वाइकल कैंसर कहा जाता है।

**कारण:** सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) का लंबे समय तक शरीर में बना रहना है, जो यौन संपर्क के माध्यम से फैलता है।

**लक्षण:** माहवारी के बीच या बाद में असामान्य रक्तस्राव, शारीरिक संबंध के बाद रक्तस्राव या दर्द, रजोनिवृत्ति के बाद रक्तस्राव, पेशाब करते समय दर्द या जलन।

**उपचार:** प्रारंभिक अवस्था में सर्जरी या रेडिएशन थेरेपी की जाती है। उन्नत अवस्था में कीमोथेरेपी के साथ रेडिएशन थेरेपी दी जाती है।

**रोकथाम:** एचपीवी संक्रमण से बचाव के लिए टीके उपलब्ध हैं। कैंसर-पूर्व परिवर्तनों की पहचान हेतु पैप स्मीयर एवं एचपीवी टेस्ट किए जाते हैं। नियमित जांच से सर्वाइकल कैंसर का समय रहते पता लगाया जा सकता है।



**ओवेरियन कैंसर:** ओवेरियन कैंसर अंडाशय में होता है, जिसमें असामान्य गांठ या ट्यूमर विकसित हो सकता है, जो कई बार सिस्ट के रूप में दिखाई देता है।

**लक्षण:** पेट में सूजन या लगातार दर्द। भूख न लगना या जल्दी पेट भर जाना। पेट के निचले हिस्से में भारीपन। बार-बार पेशाब की इच्छा। कब्ज या पाचन संबंधी परेशानी।

**संभावित कारण:** कम उम्र में माहवारी का शुरू होना। देर से रजोनिवृत्ति होना, मोटापा, लगभग 10% मामलों में आनुवंशिक कारण, बीआरसीए-1 और बीआरसीए-2 जीन में उत्परिवर्तन होने पर जीवनकाल में ओवेरियन कैंसर का खतरा 40–50% तक बढ़ सकता है।

**बचाव:** जिन महिलाओं के परिवार में स्तन, ओवेरियन, कोलोन या पैंक्रियाज कैंसर का इतिहास हो, उन्हें विशेषज्ञ से परामर्श लेकर नियमित जांच करानी चाहिए। नियमित व्यायाम एवं वजन नियंत्रण से जोखिम कुछ हद तक कम किया जा सकता है।

**उपचार:** रोग की अवस्था के अनुसार सर्जरी, कीमोथेरेपी, हार्मोन थेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी, इम्यूनोथेरेपी तथा कुछ मामलों में रेडियोथेरेपी का उपयोग किया जाता है।

**फेफड़ों का कैंसर:** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, विभिन्न प्रकार के कैंसर से होने वाली कुल मौतों में फेफड़ों का कैंसर सबसे प्रमुख कारण है।

**कारण:** फेफड़ों के कैंसर का सबसे मुख्य कारण धूम्रपान और तंबाकू का सेवन है। इसके अतिरिक्त, जो लोग धूम्रपान करने वालों के संपर्क में रहते हैं, उन्हें भी कैंसर होने का खतरा रहता है। ऐसे व्यक्तियों को पैसिव स्मोकर कहा जाता है। इसके अलावा, लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण, धुआं, धूल और वायु प्रदूषण के संपर्क में रहना भी फेफड़ों के कैंसर का कारण बन सकता है।

**लक्षण:** सांस लेने में तकलीफ, बार-बार खांसी आना, सीने में घरघराहट, सीने में दर्द, खांसी या थूक में खून आना।

**जांच:** छाती का एक्स-रे, सीटी स्कैन/ पैट-सीटी स्कैन, एमआरआई, रक्त एवं मूत्र परीक्षण, बायोप्सी, ब्रोंकोस्कोपी।

**उपचार:** फेफड़ों के कैंसर के उपचार के प्रमुख तरीके निम्नलिखित हैं। प्रारंभिक अवस्था में कैंसर का इलाज सर्जरी द्वारा संभव है। रेडिएशन थेरेपी में फोटॉन थेरेपी एवं प्रोटॉन थेरेपी शामिल हैं। उच्च ऊर्जा विकिरण द्वारा कैंसर कोशिकाओं को नष्ट किया जाता है। एक्सटर्नल बीम रेडिएशन थेरेपी से अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। जब कैंसर फेफड़ों से अन्य अंगों में फैल चुका हो, तब कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी एवं टार्गेटेड थेरेपी की आवश्यकता होती है।

**बचाव के उपाय:** प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने वाला संतुलित आहार लें। हरी सब्जियाँ, मौसमी फल और साबुत अनाज का सेवन करें। जंक फूड से बचें। धूम्रपान न करें। प्रदूषित वातावरण में मास्क का उपयोग करें।

**मुंह-गले का कैंसर:** मुंह और गले का कैंसर विश्व में होने वाले कैंसरों में छठे स्थान पर आता है। यह कैंसर मुंह से लेकर गले तक के किसी भी हिस्से में हो सकता है।

**लक्षण:** मुंह में घाव जो लंबे समय तक ठीक न हो, भोजन या पानी निगलने में कठिनाई, खाने में दर्द, दांतों का जीभ में लगना, आवाज में बदलाव, मुंह कम खुलना, जीभ बाहर निकालने में परेशानी, गले में दर्द या गांठ महसूस होना।

**कारण:** तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट और अत्यधिक शराब का सेवन इस कैंसर के मुख्य कारण हैं। पान, गुटखा और सुपारी के सेवन से मुंह में बार-बार छाले होना कैंसर के खतरे को बढ़ा देता है।

**उपचार:** यदि मुंह एवं गले के कैंसर का प्रारंभिक अवस्था में निदान हो जाए, तो बायोप्सी के बाद सर्जरी द्वारा इलाज संभव है। दूसरी या तीसरी अवस्था में कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी दी जाती है। आधुनिक तकनीकों जैसे रोबोटिक सर्जरी, इम्यूनोथेरेपी और टार्गेटेड थेरेपी ने उपचार को अधिक सटीक और सफल बनाया है। *

**(डॉ. राजेश मिस्त्री, सीनियर डायरेक्टर (ग्रुप)-ऑन्कोलॉजी, कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई और डॉ. सभ्यता गुप्ता, चेयरपर्सन-डिपार्टमेंट ऑफ गायनेकोलॉजी, गायनी ऑन्कोलॉजी एंड रोबोटिक सर्जरी, मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम से बातचीत पर आधारित)**

---

सजेशन

डॉ. माजिद अलीम

# इन दिनों अगर बढ़ जाए गैस-एसिडिटी की समस्या

सर्दी के दिनों में ठंड लगने से, खाने के न पचने से पेट में गैस की समस्या बढ़ जाती है। इससे पेट में मरोड़ उठती है, कई बार दर्द असहनीय हो जाता है। वैसे कई लोगों के लिए तो यह हर मौसम की समस्या होती है। लेकिन सर्दी के दिनों में यह कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती है, जिसकी वजह है बार-बार चाय-कॉफी पीना, पकौड़े खाना, टमाटर सूप में बटर डालकर पीना आदि। इन तमाम वजहों के अलावा लाइफस्टाइल से जुड़ी आदतों के कारण भी एसिडिटी और गैस की समस्या होती है। इससे बचने के लिए ये उपाय आजमा सकते हैं।

**लिक्विड:** सर्दी हो या गर्मी पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए क्योंकि पानी ही हमारी पाचनक्रिया को दुरुस्त रखता है। पानी हमें कब्ज से बचाता है और भोजन को वेस्ट में बदलता है। लेकिन भोजन के साथ पानी न पिएं। भोजन से 10 मिनट पहले और आधे घंटे बाद पानी पीना चाहिए। जिससे पेट में गैस नहीं बनती। पानी के अलावा प्रतिदिन ताजा जूस पिएं। पेट में गैस बनने की स्थिति में नीबू पानी पीना भी फायदेमंद होता है। कैफीनयुक्त ड्रिंक्स जैसे कोल्ड ड्रिंक, चाय, कॉफी ये सभी हमारी पाचनक्रिया पर बुरा असर डालते हैं और इनकी वजह से अपच की समस्या में इजाफा होता है। इन ड्रिंक्स की बजाय हर्बल टी, दूध या सादा पानी अपच की समस्या से काफी राहत दिलाता है।



**फाइबर्स:** रेशेदार भोज्य पदार्थ हमारी पाचनक्रिया को दुरुस्त करते हैं। मैदे की बजाय गेहूं की ब्रेड, ब्राउन राइस, ज्वार, बाजारा, मक्का, जौ, बींस, फल और सब्जियों को अपने नियमित आहार में शामिल करें।

**प्रो-बायोटिक्स:** प्रो-बायोटिक्स ऐसे प्राकृतिक बैक्टीरिया हैं जो हमारे शरीर में मौजूद होते हैं। आजकल बाजार में प्रो-बायोटिक्स दूध, ड्रिंक्स, दही और आइसक्रीम मिलती है, जिनके सेवन से अपच की समस्या को दूर किया जा सकता है।

**वसा:** पिज्जा, बर्गर के बजाय लो फैट फूड्स खाने से अपच से होने वाले दर्द से तो बच सकते हैं, साथ ही वजन बढ़ने की समस्या से भी निजात पा सकते हैं।

**मसाले:** ज्यादा मसालेयुक्त खाने से भी सीने में जलन और पेट में गैस होती है। अपच की समस्या होने पर इन्हें खाने से परहेज रखें।

**जीवनशैली:** इन दिनों वही भोजन करें, जो आसानी से पच जाए। अपने मेटाबॉलिज्म, आयु, वजन और काम की शैली के अनुरूप भोजन करना चाहिए ताकि आप फिट रह सकें। नियमित व्यायाम करें। *

---



डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब सुबह के समय जोड़ों में हो दर्द

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। सुबह सोकर उठने और देर तक बैठने के बाद उठने पर घुटनों और शरीर के अन्य जोड़ों में जकड़न महसूस होती है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अंकुर, रायपुर**

इस तरह की समस्या आपको सर्दियों में होती है या गर्मियों में भी, क्योंकि सर्दी के मौसम में हड्डियों संबंधी समस्या काफी देखी जाती है। आपको नियमित रूप में सुबह-शाम एक्सरसाइज शुरू कर देनी चाहिए। साथ ही एक बार आप कैल्शियम और विटामिन डी की जांच करवा लें और अगर कमी हो तो डॉक्टर से संपर्क कर इसकी दवा शुरू कर सकते हैं। पर आपको एक्सरसाइज जरूर करनी चाहिए।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। कुछ समय से मुझे जबड़े में अकड़न लगती है और यह पूरी तरह खुलता भी नहीं है। मैं कई वर्षों से स्मोकिंग करता हूं। कृपया बताएं, ये लक्षण किसी गंभीर बीमारी के संकेत तो नहीं हैं?**

**-कल्पेश, बिलासपुर**

आप स्वयं बता रहे हैं कि लंबे समय से स्मोकिंग कर रहे हैं, लेकिन आपने यह नहीं बताया क्या आप गुटखा भी खातें हैं? क्योंकि समान्य तौर पर स्मोकिंग का सीधा असर जबड़े पर नहीं पड़ता। लेकिन इसके लिए आपको एक बार डॉक्टर से जरूर संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि जबड़ा ना खुलने का कारण पता लगने पर उसका ट्रीटमेंट शुरू हो सकेगा।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। मुझे भूख बहुत कम लगती है। कुछ भी खाने के बाद खट्टी डकारें आने लगती हैं। कभी-कभी पेट में दर्द भी होने लगता है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए, कृपया समाधान बताएं।**

**-अमरेंद्र, महेंद्रगढ़**



आपकी समस्या सुनकर ऐसा लगता है कि आपका डाइजेस्टिव सिस्टम गड़बड़ है। यानी, खाना ठीक से पच नहीं रहा है। इस वजह से खट्टी डकार आती है, आप अपनी लाइफस्टाइल और खान-पान, पहले चेंज करिए। खाने में फाइबर जरूर शामिल करें। दोपहर में दही सलाद लें। और एक फल नियमित रूप से खाएं। रात में ज्यादा भारी खाना नहीं खाएं, हल्का खाना खाए और कोशिश करें कि सोने से 3 घंटे पहले डिनर कर ले। इस तरह चेंज करने से आपको आराम मिलेगा। साथ ही बाजार का तला भुना, ऑयली खाना फिलहाल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। मुझे सर्वाइकल की समस्या है। अकसर चक्कर आता है, कभी-कभी सिर दर्द भी होता है। कृपया बताइए, मुझे क्या करना चाहिए?**

**-शुभम, महासमुंद**

सर्वाइकल की समस्या का स्थाई इलाज नियमित एक्सरसाइज है। इसके लिए आपको फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर सर्वाइकल की एक्सरसाइज सीख लेना चाहिए। अगर बहुत ज्यादा दर्द हो रहा है तो डॉक्टर से संपर्क कर पेनकिलर ले सकते हैं, लेकिन इससे फौरी तौर पर आराम मिलेगा। अगर आपका लंबी सिटिंग वाला काम है तो आपको काम के दौरान बीच-बीच में थोड़ी बहुत सर्वाइकल एक्सरसाइज करते रहना चाहिए।

**मेरी उम्र 41 वर्ष है। कुछ दिनों से मुझे किसी भी खाने में स्वाद महसूस नहीं हो रहा है। इसीलिए डाइट बहुत कम हो गई है। इसकी क्या वजह हो सकती है और मुझे क्या करना चाहिए?**

**-संजय, कोरबा**

आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर अपनी जांच करा लेनी चाहिए, कई बार हल्का फीवर होता है जो महसूस नहीं होता, पर उसके लक्षण दिखते हैं। जैसा आप बता रहे हैं कि खाने का स्वाद नहीं आ रहा है, इसलिए आप किसी जनरल फिजिशियन से संपर्क कर जांच कराएं और जरूरत होने पर ट्रीटमेंट शुरू कराएं। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**



## जैकेट का शेष

### मौत का वो एक मिनट...

आपदा राहत टीमें मौके पर पहुंचीं। इलाके को सील कर जांच शुरू कर दी गई, जबकि पूरे राज्य में शोक की लहर दौड़ गई। शुरुआती जांच में हादसे की वजह खराब मौसम और कम विजिबिलिटी को बताया जा रहा है। बारामती में हुए विमान हादसे में उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के बाद पूरा इलाका शोक में डूब गया। परिवार से मिलने पहुंचीं सुप्रिया सुले और सुनेत्रा पवार परिवार से मिलते ही फूट-फूट कर रोने लगीं। फिलहाल अब अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही है। गुरुवार को 11 बजे पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया जाएगा। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के बाद शोक का माहौल है। राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उनकी पत्नी और राज्यसभा सांसद सुनेत्रा पवार से मुलाकात की। पीएम नरेंद्र मोदी ने दुख जताया और कहा कि गरीबों-वंचितों को सशक्त बनाने का अजित पवार का जुनून उल्लेखनीय था। सीएम फडणवीस का कहना है कि अजित पवार को खोना बहुत बड़ा नुकसान है, जिसकी कभी भरपाई नहीं की जा सकती है। सीएम ने अपनी सभी बैठकें रद कर दी हैं।

**विमानन मंत्री राममोहन नायडू ने बताया- पायलट ने कहा था- रनवे दिख गया, फिर कैसे क्रैश हुआ प्लेन :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के विमान हादसे में निधन की घटना पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक विस्तृत रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में उस चार्टर्ड विमान के क्रैश होने से पहले की घटनाओं का मिनट-दर-मिनट ब्योरा दिया गया है। शुरुआती जांच में हादसे की वजह खराब मौसम और कम विजिबिलिटी को बताया जा रहा है। केंद्रीय विमानन मंत्री राममोहन नायडू ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि शुरुआती जानकारी के मुताबिक सुबह करीब 8:48 बजे लैंडिंग के समय विजिबिलिटी कम थी। डीजीसीए और एएआईबी की टीम जांच कर रही है। लैंडिंग से पहले एटीसी बारामती से संपर्क होने पर पायलट ने बताया कि रनवे दिखाई नहीं दे रहा। रनवे साफ न दिखने पर विमान हवा में चक्कर लगाता रहा। दूसरी बार भी लैंडिंग की कोशिश की गई, लेकिन विजिबिलिटी नहीं थी। थोड़ी देर बाद पायलट ने दोबारा लैंडिंग की कोशिश की। पहले पायलट्स की तरफ से एटीसी के सवाल का जवाब नहीं आया, लेकिन कुछ समय बाद पायलटों ने रनवे साफ दिखने की बात कही, इसके बाद एटीसी ने लैंडिंग की क्लीयरेंस दे दी। हालांकि, थोड़ी ही देर बाद विमान क्रैश की खबर आ गई। पूरे घटनाक्रम की विस्तार से जांच हो रही है।

**हादसे से पहले क्या हुआ था?- रनवे पहले नहीं दिखा, जब दिखा तो लैंडिंग सही नहीं हो पाई :** मंत्रालय के मुताबिक 28 जनवरी 2026 को वीआई-एसएसके विमान ने सुबह 8 बजकर 18 मिनट पर पहली बार बारामती से संपर्क किया। इसके बाद विमान ने तब संपर्क साधा जब वह बारामती से 30 समुद्री मील दूर था। उस समय पायलट को अपने विवेक से विजुअल मेट्रोलॉजिकल कंडीशन में नीचे उतरने की सलाह दी गई थी। इसके तुरंत बाद पायलट ने हवा की गति और विजिबिलिटी के बारे में पूछा। उन्हें बताया गया कि हवा शांत है और विजिबिलिटी लगभग 3000 मीटर है। फिर विमान ने रनवे 11 पर अंतिम लैंडिंग की तैयारी की सूचना दी, लेकिन साथ ही यह भी बताया कि रनवे नजर नहीं आ रहा है। इसके बाद पायलट ने लैंडिंग न करके विमान को वापस ऊपर उड़ा लिया। जब विमान दोबारा चक्कर लगाकर आया, तो पायलट ने फिर से रनवे 11 पर उतरने की सूचना दी। उनसे कहा गया कि जब रनवे दिखे तो बताएं। पायलट ने जवाब दिया-अभी रनवे नहीं दिख रहा है, दिखने पर बताएंगे। कुछ सेकंड बाद उन्होंने बताया कि उन्हें रनवे दिख गया है। सुबह 8 बजकर 43 मिनट पर विमान को रनवे 11 पर उतरने की मंजूरी दे दी गई। मंत्रालय ने कहा कि पायलट ने लैंडिंग की मंजूरी मिलने की कोई सूचना वापस नहीं दी। ठीक एक मिनट बाद 8 बजकर 44 मिनट पर हवाई अड्डे के कर्मचारियों ने रनवे 11 के पास आग की लपटें देखीं। विमान का मलबा रनवे के बाईं ओर पाया गया।

**ममता बेनर्जी बोलीं-सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच हो:** -सीएम ममता बेनर्जी ने इस घटना की ने जांच की मांग की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित कई विपक्षी नेताओं ने उनकी इस मांग का समर्थन किया। ममता बेनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसी घटनाएं सच साबित होती हैं, तो यह राजनीतिक नेतृत्व की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जांच एजेंसियों की स्वतंत्रता को लेकर सवाल उठ रहे हैं, इसलिए इस मामले में पारदर्शी जांच बेहद जरूरी है।

**अबतक 200 बार दुर्घटनाग्रस्त हो चुका है लियरजेट प्लेन :** 860 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भरने वाला ये विमान महज 18-20 मिनट में 41 हजार फीट की ऊंचाई तक पहुंचने में सक्षम है। इस प्लेन में 6 लोग आसानी से बैठ सकते हैं। लियरजेट प्लेन में 2 प्रैट एंड व्हिटनी टर्बोफैन इंजर लगे हैं, जिससे ईंधन की भी काफी बचत होती है। ये विमान एक बार में 4000 किलोमीटर तक की यात्रा करने में सक्षम है। लियरजेट वाई-फाई, सैटेलाइट फोन, डिजिटल फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम और एडवांस नेविगेशन की सुविधाओं से लेस है। 1960 में पॉवेल लीयर ने लियरजेट की नींव रखी थी। बाद में बॉम्बार्डियर एयरोस्पेस ने इसका अधिग्रहण कर लिया। 2021 में कंपनी ने लियरजेट प्लेन बनाना बंद कर दिया था। मगर, पुराने प्लेन का रखरखाव जारी है। अब तक दुनिया में 200 लियरजेट प्लेन दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं।

### अजित पवार ...

पहली बार 1991 के उपचुनाव में जीत हासिल की और उसके बाद 1995, 1999, 2004, 2009 और 2014 में भी जीत दर्ज की। नवंबर 2019 में उन्होंने एनसीपी के एक धड़े के साथ भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हुए और उपमुख्यमंत्री बने।

**कैप्टन सुमित कपूर (पायलट):** कैप्टन सुमित कपूर इस फ्लाइट के सीनियर और बेहद अनुभवी पायलट थे। टेक-ऑफ और लैंडिंग जैसे अहम समय पर वे पूरे फ्लाइट क्रू की जिम्मेदारी संभालते थे। उनके पास 16,000 घंटे से ज्यादा उड़ान का अनुभव था।

**विदीप जाधव (पीएसओ):**

### कैप्टन शांभवी पाठक ...

एविएशन की पढ़ाई की। अपने सपनों को पंख देने के लिए शांभवी ने न्यूजीलैंड जाकर कमर्शियल पायलट की ट्रेनिंग ली। उनके पास कमर्शियल पायलट लाइसेंस के साथ फ्लाइट इंस्ट्रक्टर रेटिंग (ए) भी थी, जो उनकी तकनीकी क्षमता को दर्शाती है। कैप्टन (फर्स्ट ऑफिसर) शांभवी एक आर्मी ऑफिसर की बेटी थीं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत मध्य प्रदेश फ्लाइंग क्लब से की। मेहनत और लगन के दम पर वह आगे बढ़ीं और बाद में वीआरएस एविएशन से जुड़ गईं। यहां वह लियरजेट जैसे अत्याधुनिक बिजनेस जेट उड़ाने लगीं। अगस्त 2022 से वह कॉर्पोरेट चार्टर ऑपरेशंस का हिस्सा थीं।

### रनवे छूते ही वापस ...

देते हुए पायलट ने मानक प्रक्रिया के तहत 'गो-अराउंड' का निर्णय लिया। इसके बाद विमान ने एयरपोर्ट के ऊपर कुछ समय तक चक्कर लगाए। हालात सामान्य होने के बाद करीब 10 मिनट बाद दूसरे प्रयास में फ्लाइट की सुरक्षित लैंडिंग करा ली गई। विमान में सवार यात्रियों ने राहत की सांस ली।

### पहले भी फेल...

स्तर पर लैंडिंग सुरक्षित नहीं लगती, तो वह विमान को दोबारा हवा में उठाने का फैसला ले सकता है। जयपुर एयरपोर्ट पर इससे पहले भी लैंडिंग फेल होने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

### यूजीसी के नए ...

सुनीं, जिन्होंने याचिका पर तुरंत सुनवाई की मांग की थी। एक वकील ने कहा कि सामान्य वर्ग के साथ भेदभाव की संभावना है। मेरा केस 'राहुल दीवान और अन्य बनाम यूनियन' है। इसपर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि हमें पता है कि क्या हो रहा है। सुनिश्चित करें कि कमियां दूर हो जाएं। हम इसे लिस्ट करेंगे।

### हनुमान, बाली व ...

गोंड, कोल और कोरकू समाज से जुड़े धर्म योद्धा थे। सिंघार ने माता शबरी का उदाहरण देते हुए कहा कि रामायण में स्वयं वर्णित है कि शबरी भी भील समाज से थीं, जिनके प्रेमपूर्वक दिए बेर भगवान राम ने स्वीकार किए थे। यह आदिवासी समाज के योगदान और सम्मान का प्रमाण है।

### भाजपा को दी ...

समुदाय के इतिहास को नकारना केवल अज्ञानता नहीं बल्कि उस समाज के अस्तित्व और सम्मान का अपमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बार-बार आदिवासी समाज की ऐतिहासिक भूमिका को कमतर दिखाने का प्रयास कर रही है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

## पेज 1 का शेष

### ये था...

रिकॉर्डिंग शादी के अलग-अलग समय पर की गई थीं। उसने मेमोरी कार्ड, मिनी डिस्क और लिखित ट्रांसक्रिप्ट पेश किए, यह दावा करते हुए कि ये बातचीत क्रूरता साबित करने के लिए जरूरी थीं। पत्नी इस कदम के बहुत खिलाफ थी और उसने कहा कि बातचीत उसकी जानकारी या सहमति के बिना रिकॉर्ड की गई थी। ऐसे में, ऐसी कंटेंट को अनुमति देना उसकी प्राइवेसी में गंभीर दखलंदाजी होगी। हालांकि, फैमिली कोर्ट ने इस आधार पर सबूत स्वीकार कर लिया कि पार्टियों के बीच बातचीत पार्टियों के बीच विवाद के लिए प्रासंगिक थी और ऐसी रिकॉर्डिंग की स्वीकार्यता पर कोई रोक नहीं है।

### एक टूटे हुए रिश्ते...

रहे हैं, तो यह अपने आप में एक टूटे हुए रिश्ते की निशानी है और उनके बीच भरोसे की कमी को दिखाता है।

### तेज बारिश-ओलावृष्टि...

दिया है। इसके अलावा यदि 50 प्रतिशत फसल को नुकसान हुआ है, तो भी किसानों को 16 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर दिए जाएंगे। जिन किसानों की 25 प्रतिशत फसल बर्बाद हुई है, उन्हें साढ़े नौ हजार रुपए का मुआवजा मिल सकेगा। उन्होंने क्षतिग्रस्त फसल के हिसाब से मुआवजा देने का निर्देश दिया है। गेहूं, चना व सरसों की फसल को नुकसान संभावित है। ग्वालियर-चंबल, आगर मालवा क्षेत्रों में गेहूं की फसल लगभग 75 फीसदी तक पूरी हो चुकी है। कुछ जगहों पर तो काफी आगे बुआई होने की वजह से फसल कटने के लिए तैयार है। इन फसलों को खासा नुकसान हुआ है। इसी तरह शाजापुर में भी फसलों को नुकसान हुआ है।

**शिवपुरी, अशोकनगर, गुना में गेहूं- चने की फसल आड़ी हुई:** बीते 24 घंटों के दौरान तेज बारिश और ओलावृष्टि से शिवपुरी, अशोकनगर, गुना और मुरैना जिलों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। कहीं गेहूं और चना खेतों में आड़ी गिर गई, तो कहीं सरसों की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। मुरैना, अशोकनगर में चने के आकार के ओले गिरे। शिवपुरी जिले में तेज बारिश और ओलावृष्टि से चना, गेहूं, सरसों, टमाटर और प्याज की फसल को भारी नुकसान हुआ है। शिवपुरी, कोलारस, करेरा और पिछोर विधानसभा क्षेत्रों में बारिश का व्यापक असर देखा गया। कई जगह चने के खेतों में पानी भर गया, जिससे फसल बिछ गई।

### ओलावृष्टि से फसल...

*दिल से आह निकलती रही' गाने के साथ खराब फसल का वीडियो लगाया। पुलिस ने मर्ग कायमी के बाद मामले को विवेचना में ले लिया है।*

### मुख्यमंत्री 1.17 लाख...

जिन्होंने 20 दिसंबर 2025 से योजना समाप्ति तक सोयाबीन का विक्रय किया है। अब तक प्रदेश के कुल 7 लाख 10 हजार किसानों को 1492 करोड़ रुपए की भावांतर राशि का भुगतान किया जा चुका है।

### कहा-बिना संगम...

समुद्र से रास्ता मांगते समय भी नहीं लिया था। तीन दिन बाद ही भगवान श्रीराम को भी कोप हो गया था। हम तो 11 दिन से यहीं पर हैं। 11 दिन में बहुत सी बैठकें हो सकती थीं। बहुत सारे विचार हो सकते थे। जब 11 दिन बाद भी निर्णय नहीं लिया गया तो हमने फैसला किया कि इसे अंतिम रूप देने के लिए निर्णायक संकल्प करेंगे। 11 दिन बैठकर हमने न्याय की प्रतीक्षा की है। मीडिया के सामने बोलते-बोलते गला भर जाने के कारण शंकराचार्य कुछ देर रुक भी गए और कहा कि हम कुछ देर चुप रहेंगे। इसके बाद आपके एक-एक सवाल का जवाब देंगे।

### युवक कांग्रेस नेता ने...

बनने के बाद दोनों के बीच बातचीत होने लगी। मार्च 2022 में ऋषभ मिश्रा ने उसे मिलने के लिए उखरी रोड स्थित एक होटल में बुलाया। वहां पहुंचने पर ऋषभ ने उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद दिसंबर 2025 में ऋषभ उसे घुमाने के लिए गोवा ले गया वहां भी होटल में उसने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि बीते दिनों जब उसने शादी के लिए ऋषभ पर दबाव बनाया तो उसने शादी से इनकार कर दिया और कहा कि वो पहले से शादीशुदा है इसलिए शादी नहीं करेगा।

### युवती को बीच...

ने जमानती धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है। मेडिकल रिपोर्ट, वायरल सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मां-बेटी रीवा रोड पर पार्लर संचालित करती हैं। मंडल अध्यक्ष उनसे यह दुकान खाली कराना चाहता है। इसी सिलसिले में मंगलवार रात वह युवती के घर पहुंचा और अभद्रता करते हुए मारपीट करने लगा। युवती बचने के लिए भागी तो टंडन ने थप्पड़ मारते हुए उसे लोहे के सरियों पर गिरा दिया। युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**भाजपा ने दिया नोटिस:** भाजपा के जिला महामंत्री रमाकांत गौतम ने एफआईआर होने के बाद पुलकित को नोटिस जारी कर सात दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। उल्लेख किया कि इस कृत्य से संगठन की छवि धूमिल हुई है। कांग्रेस की महिला विंग ने भी उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष गीता सिंह के नेतृत्व एक टीम थाने पहुंचकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने...

स्वयं उनके पास गए और चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह भी मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में कुल पांच शिक्षकों को सम्मानित किया गया। शिक्षण जगत में विशेष योगदान देने वाले शिक्षकों के सम्मान समारोह में एक प्रमुख नाम कोकिला सिंह पाल का भी शामिल है, जिन्होंने स्वयं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को शिक्षा दी है। कोकिला सिंह ने 'हरिभूमि' से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री के बचपन से जुड़े कई रोचक किस्से साझा किए। उन्होंने बताया कि वे पढ़ाई में गंभीर, अनुशासित और तेज समझ रखने वाले छात्र थे। बचपन से ही उनमें नेतृत्व क्षमता साफ दिखाई देती थी। वे कक्षा में न सिर्फ सक्रिय रहते थे, बल्कि साथियों का मार्गदर्शन करने में भी आगे रहते थे। उन्होंने कहा कि आज अपने ही शिष्य को मुख्यमंत्री के रूप में देखना और उनके हाथों सम्मान पाना गर्व और भावुक क्षण है।

### चाचा ने किया...

गंभीर चोटों के निशान मिले। रिपोर्ट में पानी में डूबने से मौत की पुष्टि हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी जगदीश डावर ने स्पेशल टीम बनाई थी। बच्ची के परिजन और गवाहों के बयान के आधार पर उसका चाचा शक के घेरे में आया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि रविवार रात करीब 8 बजे परिवार के सदस्य सो रहे थे। बच्ची के पिता सिंचाई के लिए खेत पर गए थे। इसी दौरान उसने अपने सौतेले भाई की बेटी को उठाया। आरोपी बच्ची को घर के पीछे नहर के पास ले गया। उसके साथ रेप किया। रोने-चिल्लाने पर आरोपी ने जान से मारने की नीयत से बच्ची को नहर में फेंक दिया था।

### ग्वालियर की गोकुलधाम...

बदमाशों की संख्या 5 से 6 थी। वहीं पुलिस ने मामले को चोरी का मानकर मंगलवार देर रात एफआईआर दर्ज की है। सीसीटीवी फुटेज में भी तीन बदमाश घर के अंदर आते-जाते नजर आ रहे हैं। सोमवार रात पाराशर खाना खाकर अपने कमरे में सो गए थे। आधी रात 2.45 बजे के लगभग कुछ नकाबपोश बदमाश उनके घर में दाखिल हुए। एएसपी विदिता डागर का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला चोरी का प्रतीत हो रहा है। पीड़ित रामकुमार ने बताया है कि नवंबर 2025 में उनके बेटे की शादी हुई है। शादी का पूरा जेवरात उनके पास ही रखे थे। नकाबपोश बदमाश सारे गहने लूट ले गए हैं। जिसकी कीमत लगभग 40 लाख रुपए बताई जा रही है।

### बजट सत्र की शुरुआत...

प्रतीक है। पांडुलिपियों को सहेजने के लिए उनका डिजिटलाइजेशन शुरू किया गया है। मेरी सरकार ने संविधान का संथाली भाषा में अनुवाद करा आदिवासी समाज का गौरव बढ़ाया है।

### बिजनेस एडवाइजरी...

स्पीकर ओम बिरला ने लोकसभा, राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने राज्यसभा की कार्यवाही 29 जनवरी को दिन में 11 बजे तक के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी। इससे पहले दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण की कॉपी टेबल की गई। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सदन में अजित पवार के निधन की सूचना दी।

### तेज हो जाता है...

करता है, तो नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है जिससे विकसित भारत की ओर हमारा सफर और भी तेज हो जाता है।



# ऑस्ट्रेलियन ओपन : दो सेट हारने के बाद भी सेमीफाइनल में जोकोविच, मुसेट्टी की इंजरी बनी वरदान

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी और पिछले दो बार के चैंपियन यानिक सिनर ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जबकि रिकॉर्ड 10 बार के विजेता नोवाक जोकोविच भाग्य के सहारे अंतिम चार में जगह बनाने में सफल रहे।

जोकोविच पहले दो सेट हार गए थे और वह घर वापस लौट के बारे में सोचने लग गए थे लेकिन तभी भाग्य ने पलटी खाई क्योंकि पांचवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेटी चोट के कारण टूर्नामेंट से हट गए। सिनर ने एक अन्य मैच में अमेरिका के आठवीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को दो घंटे 23 मिनट तक चले मैच




में 6-3, 6-4, 6-4 से पराजित किया। वह लगातार तीसरी बार खिताब जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होने से केवल दो जीत दूर हैं। जोकोविच दो बार यह कारनामा कर चुके हैं। सिनर को सेमीफाइनल में अधिक तरोताजा जोकोविच का सामना करना है, जिन्हें चौथे दौर में वाकओवर मिला था। पुरुष वर्ग का अन्य सेमीफाइनल विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और तीसरे वरीय अलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच खेला जाएगा।

## रयबाकिना और पेगुला का सेमीफाइनल में प्रवेश



महिला वर्ग में पांचवीं वरीयता प्राप्त एलिना रयबाकिना और छठी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका आमना सामना होगा। रयबाकिना ने विश्व में दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक को 7-5, 6-1 से जबकि छठी वरीय पेगुला ने हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी और यहां चौथी वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा को 6-1, 7-6 (6-1) से हराया।

## पहली बार सेमीफाइनल में स्वितोलिना



महिला वर्ग में अन्य सेमीफाइनल एरिना सबालेंका ओर एलिना स्वितोलिना के बीच खेला जाएगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका पिछले चार साल में अपना तीसरा ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीतने की कवायद में हैं जबकि स्वितोलिना पहली बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची है। पेगुला ने पिछले दौर में 2025 की चैंपियन मैडिसन कीज को हराया और फिर अनिसिमोवा के लगातार तीसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने की उम्मीद पर पानी फेर दिया। पेगुला को उम्मीद है कि वह पिछले साल यहां कीज के प्रदर्शन को दोहराते हुए ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतेगी।

## खबर संक्षेप



### अर्शदीप और हार्दिक होंगे सफलता की कुंजी: रोहित

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि आगामी टूर्नामेंट में हरफनमौला हार्दिक पंड्या और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भारत की सफलता की कुंजी होंगे। गत चैंपियन भारत प्रबल दावेदार के रूप में टूर्नामेंट में उतरेगा। रोहित ने कहा, 'जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह दोनों का साथ में होना हमारे लिए बहुत सकारात्मक है क्योंकि दोनों विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। अर्शदीप नई गेंद से स्विंग कराने में माहिर है और शुरुआती विकेट लेता है। वह नई गेंद से और डैथ ओवरों में गेंदबाजी करता है। शुरुआत और अंत बहुत महत्वपूर्ण है और वह दोनों में मजबूत है।' रोहित ने कहा, 'अर्शदीप नई गेंद को स्विंग कराके बाएं हाथ के बल्लेबाजों को स्लिप में कैच आउट करा सकता है और दाहिने हाथ के बल्लेबाजों के पैड को निशाना बना सकता है। उन्होंने कहा,' वह टी20 विश्व कप 2026 में भी भारत के लिए अहम साबित होगा।'

### चेन्नइयिन एफसी ने किया नोगुएरा से करार


**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने स्पेन के मिडफील्डर अल्बर्टो नोगुएरा के साथ इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सत्र के अंत तक का अनुबंध करने की घोषणा की। वह इस सत्र में टीम के साथ जुड़ने वाले दूसरे नये खिलाड़ी है।



नोगुएरा को करीब 400 पेशेवर फुटबॉल मैचों का अनुभव है। उन्होंने स्पेन, इंग्लैंड, अजरबैजान और भारत में लंबे समय तक खेलने का अनुभव है। वह इससे पहले आईएसएल में एफसी गोवा, मुंबई सिटी एफसी और बेंगलुरु एफसी का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस मिडफील्डर ने 2020 से आईएसएल के पांच सत्रों में तीन क्लबों के लिए 90 से अधिक मुकाबले खेले हैं। उन्होंने इस दौरान 14 गोल किए और 15 गोल में मददगार की भूमिका निभाई। चेन्नईयिन एफसी से जुड़ने पर नोगुएरा ने कहा, जो कुछ भी हुआ है उसके बाद नए सत्र को लेकर मैं वास्तव में खुश और उत्साहित हूं।

### मुंबई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी नहीं खेलेंगे बडोनी और आर्य

**नई दिल्ली।** आयुष बडोनी और प्रियांश आर्य गुरुवार को मुंबई के खिलाफ दिल्ली के आखिरी रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच में नहीं खेलेंगे।



यह मुकाबला बीकेसी ग्राउंड पर आयोजित होगा। टेबल-टॉपर मुंबई पहले ही नॉकआउट के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। ऐसे में छठे स्थान पर मौजूद दिल्ली अच्छे नोट पर घरेलू सीजन का अंत करना चाहती है। आयुष बडोनी और प्रियांश आर्य को मेंस टी20 वर्ल्ड कप के दो वार्म-अप मुकाबलों के लिए इंडिया ए टीम में शामिल किया गया है। बडोनी इंडिया ए के लिए चार-दिवसीय और लिस्ट-ए मैच खेल चुके हैं। वह प्रियांश आर्य के साथ इंडिया ए टीम में वापसी करेंगे।

## सैंटनर ने 3 विकेट झटके; टिम साइफर्ट ने 62 रन बनाए

# टीम इंडिया का विजयरथ रुका, न्यूजीलैंड ने सीरीज में खोला जीत का खाता, शिवम की मेहनत पर फिरा पानी

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए चौथे टी20 मैच को अपने नाम किया। बुधवार को कीवी टीम ने भारत के खिलाफ मैच 50 रन से अपने नाम करते हुए सीरीज में आखिरकार जीत का खाता खोला।

हालांकि, टीम इंडिया सीरीज पर पहले ही अपना कब्जा कर चुकी है। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी कीवी टीम ने सलामी जोड़ी के बीच शतकीय साझेदारी के दम पर 7 विकेट खोकर 215 रन बनाए। इधर भारतीय टीम 18.4 ओवरों में महज 165 रन पर सिमट गई। इसमें शिवम दुबे ने 23 गेंदों में 65 रन की विस्फोटक पारी खेली।



### स्कोर बोर्ड

| न्यूजीलैंड पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कोन्वे का रिंकू बो कुलदीप | 44 | 23 | 4 | 3 |
| सिफर्ट का रिंकू बो अर्शदीप | 62 | 36 | 7 | 3 |
| रवींद्र का एवं बो बुमराह | 02 | 4 | 0 | 0 |
| फिलिप्स का रिंकू बो कुलदीप | 24 | 16 | 3 | 1 |
| चैपमैन का राणा बो बिश्नोई | 09 | 8 | 1 | 0 |
| डेरिल मिचेल नाबाद | 39 | 18 | 2 | 3 |
| सैंटेनर रन आउट | 11 | 6 | 1 | 1 |
| फोक्स का रिंकू बो अर्शदीप | 13 | 6 | 1 | 1 |
| मैट हेनरी नाबाद | 06 | 3 | 1 | 0 |

अतिरिक्त: 06, कुल योग : 20 ओवर में 215/7 रन
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-33-2, राणा 4-0-54-0, बुमराह 4-0-38-1, बिश्नोई 4-0-49-1, कुलदीप 4-0-39-2

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा का कोन्वे बो हेनरी | 00 | 1 | 0 | 0 |
| संजू सैमसन बो सैंटेनर | 24 | 15 | 3 | 1 |
| यादव का एवं बो डफी | 08 | 8 | 2 | 0 |
| रिंकू सिंह पगबाधा फोक्स | 39 | 30 | 3 | 2 |
| पंड्या का फोक्स बो सैंटेनर | 02 | 5 | 0 | 0 |
| शिवम दुबे रन आउट | 65 | 23 | 3 | 7 |
| राणा का रवींद्र बो सोढ़ी | 09 | 13 | 1 | 0 |
| रवि बिश्नोई नाबाद | 10 | 10 | 1 | 0 |
| अर्शदीप का सैंटेनर बो सोढ़ी | 00 | 2 | 0 | 0 |
| बुमराह का सोढ़ी बो सैंटेनर | 04 | 2 | 1 | 0 |
| कुलदीप का सिफर्ट बो डफी | 01 | 3 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 3, कुल योग: 18.4 ओवर में 165/10 रन
गेंदबाजी: हेनरी 3-0-24-1, डफी 3.4-0-33-1, फोक्स 3-0-29-1, सोढ़ी 4-0-46-2, सैंटेनर 4-0-26-3, फिलिप्स 1-0-7-0

### कॉन्वे और सीफर्ट ने की शतकीय साझेदारी

डेवोन कॉन्वे ने टिम सीफर्ट के साथ 8.2 ओवरों में 100 रन की साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने महज 8.1 ओवरों में टीम को शतक तक पहुंचाया। यह भारतीय सरजमीं पर टी20 फॉर्मेट में टीम इंडिया के खिलाफ किसी टीम का सबसे तेज शतक भी रहा। कॉन्वे 23 गेंदों में 3 छक्कों और 4 चौकों के साथ 44 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद सीफर्ट ने मोर्चा संभालने की कोशिश की। उन्होंने 36 गेंदों में 62 रन जुटाए। सीफर्ट की इस पारी में 3 छक्के और 7 चौके शामिल रहे। शिवम दुबे ने महज 15 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जिसके साथ वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तीसरे सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले भारतीय बन गए।

### बुमराह चढ़े चार पायदान ऊपर, पहुंचे 13वें स्थान पर



टी20 में गेंदबाजों की रैंकिंग में अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब उर रहमान पांच पायदान ऊपर नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के जसप्रीत बुमराह (चार पायदान ऊपर 13वें स्थान पर) और रवि बिश्नोई (13 पायदान ऊपर 19वें स्थान पर) की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश आठ पायदान ऊपर चढ़कर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 32वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं।

### पंड्या ने लगाई 18 पायदान की छलांग



भारत के हार्दिक पंड्या ने तीन मैचों में चार विकेट लेकर गेंदबाजी रैंकिंग में 18 पायदान की छलांग लगाई है और वह 59वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भी वह दो पायदान ऊपर चढ़कर 53वें स्थान पर काबिज हो गए हैं। पंड्या ऑलराउंडरों की रैंकिंग में एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर आ गए हैं। वनडे रैंकिंग में इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक 17 पायदान ऊपर 11वें और जो रुट 23वें से 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## टाटा स्टील शतरंज मास्टर्स

# आर प्रज्ञानानंदा की पहली जीत एरिगैसी ने खेला ड्रा, गुकेश हारे



एजेंसी ▶▶| विज्क आन ली

विश्व चैंपियन डी. गुकेश को टाटा स्टील मास्टर्स में के नौवें दौर में जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम के खिलाफ पराजय झेलनी पड़ी, जबकि अर्जुन एरिगैसी को अमेरिका के हैंस मोक नीमैन के साथ ड्रॉ से संतोष करना पड़ा।

कैंडिडेट्स टूर्नामेंट का टिकट पक्का करने वाले इकलौते भारतीय आर प्रज्ञानानंदा ने टूर्नामेंट में पहली बार सफलता का स्वाद चखा। विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव उज्बेकिस्तान के हमवतन नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के साथ बराबरी की बाजी खेली। अब्दुसत्तोरोव छह अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं।

सिंदारोव नीदरलैंड्स के जोर्डन वान फोरेस्ट और तुर्किये के यागिज कान एरदोग्मुस के साथ 5.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। टूर्नामेंट में अब चार दौर शेष है और नीमैन पांच अंक के साथ इनके ठीक पीछे हैं। गुकेश, प्रज्ञानानंदा और अर्जुन के खाते में चार-चार अंक हैं।

### भारतीय खिलाड़ियों के लिए खिताब जीतना मुश्किल

भारतीय खिलाड़ियों के लिए अब खिताब जीतना काफी मुश्किल हो गया है। गुकेश की हार परेशान करने वाली रही क्योंकि वह सफेद मोहरों से खेल रहे थे। उन्होंने 37 चाल के बाद हार मान ली। प्रज्ञानानंदा ने हमवतन अरविंद चिदंबरम को हराकर टूर्नामेंट की पहली जीत दर्ज की। उनके लिए बड़ा सवाल यही है कि क्या यह जीत बहुत देर से आई। दिन का सबसे प्रभावशाली मुकाबला पूर्व चैंपियन फोरेस्ट ने खेला। उन्होंने जर्मनी के विंसेंट कीमर को महज 26 चालों में शिकस्त दी। तुर्किये की 14 साल के एरदोग्मुस तेजी से दुनिया के सबसे युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी की तरह उभर रहे हैं। उन्होंने चेक गणराज्य के थाई दाई वान गुयेन को हराकर एक और प्रभावशाली सफलता हासिल की। एरिगैसी ने सफेद मोहरों से खेलते हुए अच्छी शुरुआत लेकिन वह लय को बरकरार नहीं रख सके और नीमैन ने कुछ अच्छी चालों के बाद उन्हें इस बाजी को बराबरी पर खत्म करने के मजबूर किया।

## डब्ल्यूपीएल

# दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा पर लगा जुर्माना



एजेंसी ▶▶| वडोदरा

दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स पर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में गुजरात जायंट्स के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली कैपिटल्स की टीम मंगलवार को बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) स्टेडियम में खेले गए मैच में तीन रन से मैच हार गई थी, जिससे वह अंक तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गई। डब्ल्यूपीएल ने बयान में कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स पर मंगलवार को वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में गुजरात जायंट्स के खिलाफ मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है।' इसमें आगे कहा गया है, 'इस सत्र में यह पहला अवसर है जबकि उनकी टीम ने निर्धारित समय में ओवर पूरे नहीं किए, इसलिए जेमिमा पर डब्ल्यूपीएल की आचार संहिता के तहत 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।'

### यूपी वॉरियर्स की लिचफील्ड इंजर्ड, एमी जोन्स टीम में

यूपी वॉरियर्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के बाकी बचे मैचों के लिए चोटिल फीबी लिचफील्ड की जगह इंग्लैंड की विकेटकीपर बल्लेबाज एमी जोन्स को अपनी टीम में शामिल किया है। टीम की तरफ से सर्वाधिक रन



बनाने वाली लिचफील्ड चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गई है, जिससे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ गुरुवार को होने वाले महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले वॉरियर्स की प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज लिचफील्ड इस सत्र में छह मैचों में 243 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाने वाले शीर्ष तीन बल्लेबाजों में शामिल हैं। जोन्स ने 125 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और 1,666 रन बनाए हैं। डब्ल्यूपीएल ने बताया कि वह 50 लाख रुपए में वॉरियर्स की टीम में शामिल होंगी। वॉरियर्स ने अभी तक छह मैचों में दो जीत से चार अंक हासिल किए हैं। उसे प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी उम्मीद को बरकरार रखने के लिए बड़ी जीत की जरूरत है।

# टी20 सीरीज : ऑस्ट्रेलियाई टीम पहुंची पाकिस्तान

**लाहौर।** मिचेल मार्श की अगुवाई में ऑस्ट्रेलिया की टीम लाहौर पहुंच गई, जहां वह पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। यह श्रृंखला ऐसे समय में आयोजित की जाएगी जब अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।




इस श्रृंखला को पाकिस्तान के टी20 विश्व कप की तैयारी के अंतिम चरण के रूप में देखा जा रहा है, लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या राष्ट्रीय टीम को भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए सरकार की मंजूरी मिलेगी या नहीं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के साथ बैठक के बाद कहा था कि सभी विकल्प खुले हैं और फैसला शुक्रवार या अगले सोमवार तक लिया जाएगा।

# रायपुर में सजेगा अंतरराष्ट्रीय गोल्फ का मंच, 1.5 करोड़ की इनामी राशि के लिए भिड़ेंगे 126 खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर एक बार फिर भारतीय खेल मानचित्र पर अपनी चमक बिखेरने के लिए तैयार है। प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया ने 'छत्तीसगढ़ ओपन 2026' के दूसरे संस्करण की घोषणा कर दी है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत सहित विदेशों के कुल 126 पेशेवर गोल्फर हिस्सा लेंगे, जो 1.5 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड इनामी राशि के लिए अपनी चुनौती पेश करेंगे। पिछले साल की शानदार सफलता के बाद, इस दूसरे संस्करण ने छत्तीसगढ़ को वैश्विक गोल्फ पर्यटन और विश्व स्तरीय खेल आयोजनों के उभरते हुए केंद्र के रूप में स्थापित कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की मौजूदगी और बड़ी इनामी राशि इस टूर्नामेंट को और अधिक रोमांचक

पिछले साल की शानदार सफलता के बाद दूसरे संस्करण ने छत्तीसगढ़ को वैश्विक गोल्फ केंद्र के रूप में होगा स्थापित



बनाएगी, जिससे भारतीय खिलाड़ियों को विदेशी दिग्गजों के खिलाफ अपना कौशल परखने का बेहतरीन अवसर मिलेगा।

### मैदान में उतरेंगे दिग्गज खिलाड़ी

इस टूर्नामेंट में भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी जैसे वीर अहलावत, अर्जुन प्रसाद, मनु गंडास, अंगद चीमा और खालिन जोशी अपनी दावेदारी पेश करेंगे। वहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रीलंका केएन थंगराजा विदेशी चुनौती की अगुवाई करेंगे।

### चार दिनों तक दिखेगा रोमांच

छत्तीसगढ़ ओपन 2026 के दौरान चार दिनों तक उच्च स्तरीय चैंपियनशिप गोल्फ देखने को मिलेगा। इस आयोजन से न केवल खेल प्रेमियों को रोमांच मिलेगा, बल्कि डिजिटल और मीडिया कवरेज के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मध्य भारत के बढ़ते कद को भी पहचान मिलेगी।

### गोल्फ को देश के नए क्षेत्रों तक ले जाना हमारा मुख्य लक्ष्य

भारतीय क्रिकेट के दिग्गज और पीजीटीआई के अध्यक्ष कपिल देव ने इस अवसर पर कहा की प्रोफेशनल गोल्फ को देश के नए क्षेत्रों तक ले जाना हमारा मुख्य लक्ष्य है। रायपुर ने गोल्फ के प्रति जबरदस्त उत्साह दिखाया है। मेरा सपना है कि देश के हर कोने से प्रतिभाशाली युवा गोल्फर निकलें और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का मान बढ़ाएं।

## इगा ने कहा- थोड़ी निजता मिल जाए तो अच्छा होगा

# हम टेनिस खिलाड़ी, चिड़ियाघर के जानवर नहीं : स्वियातेक

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

इगा स्वियातेक ने उसी विषय को आगे बढ़ाया जिसे कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में मंगलवार को उठाया था। अमेरिका की 21 वर्षीय खिलाड़ी गॉफ का क्वार्टर फाइनल में हारने के बाद कोर्ट के बाहर निराशा में रैकेट तोड़ने का वीडियो वायरल हो गया था जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई थी। गॉफ ने कहा था कि उन असीमित पहुंच वाले कैमरों के बारे में विचार करने की जरूरत है, जो खिलाड़ियों को लॉकर रूम से लेकर कोर्ट तक और



बीच में लगभग हर जगह ट्रैक करते हैं। स्वियातेक से बुधवार को पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना से क्वार्टरफाइनल में 7-5, 6-1 से हारने के बाद पूछा गया कि खिलाड़ियों के लिए ऐसे क्षेत्रों की कमी के बारे में वह कैसा महसूस करती हैं, जहां कैमरों की नजर ना हो। स्वियातेक ने कहा, 'सवाल यह है कि हम टेनिस खिलाड़ी हैं या हम चिड़ियाघर के जानवरों की तरह हैं, जहां उनकी शौच करते समय भी निगरानी की जाती है, आप जानते हैं ना?' उन्होंने अपने आखिरी संदर्भ के लिए माफी मांगते हुए कहा, 'ठीक है, यह स्पष्ट रूप से अतिशयोक्ति थी, लेकिन थोड़ी निजता मिल जाए तो अच्छा होगा। यह भी अच्छा होगा कि आपकी अपनी प्रक्रिया हो और आपको हमेशा किसी की निगरानी में नहीं रहना पड़े।'

### स्वियातेक का हुआ वीडियो वायरल

स्वियातेक के पहचान पत्र भूल जाने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक दिया था, जिसका वीडियो वायरल हो गया था। यह सब तब हुआ जबकि वह महिला टेनिस की दिग्गज खिलाड़ी हैं और उन्होंने चार फ्रेंच ओपन के साथ-साथ विंबलडन और यूएस ओपन भी जीते हैं। लेकिन सुरक्षा तो सुरक्षा ही होती है। अन्य प्रतियोगिताओं में भी खिलाड़ियों की गतिविधियों पर कैमरे की नजर होती है और ऑस्ट्रेलियाई ओपन इस मामले में अपवाद नहीं है। स्टेडियम के गैर सार्वजनिक क्षेत्रों के कुछ दृश्य हमेशा प्रसारित नहीं होते हैं, लेकिन खिलाड़ियों को यह याद दिलाने की जरूरत नहीं है कि कैमरे में कैद होने वाले कुछ पल प्यारे, जानकारीपूर्ण या फिर बेहद नाटकीय होने के कारण वायरल हो जाते हैं।




## खेलो एमपी यूथ गेम्स की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का निरीक्षण

*मंत्री सारंग ने खिलाड़ियों से व्यवस्थाओं पर किया संवाद*

# खेलो एमपी यूथ गेम्स से युवा प्रतिभाओं को मिल रहा सशक्त मंचः मंत्री सारंग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बुधवार को खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कोलार खेल स्टेडियम, मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम एवं तात्या टोपे खेल स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों से सीधे संवाद किया और उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर खेल संचालक राकेश कुमार गुप्ता, संयुक्त संचालक बी.एस. यादव सहित विभागीय अधिकारी, कोच एवं तकनीकी स्टाफ उपस्थित रहे।

**खिलाड़ियों से संवादः** मंत्री सारंग ने खिलाड़ियों से आवास, भोजन, आवागमन, चिकित्सा सहायता, प्रशिक्षण सुविधाओं तथा प्रतियोगिता संचालन व्यवस्थाओं पर चर्चा की। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के दौरान उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में अपने अनुभव साझा किए।

**खेल स्थलों पर मुकाबलों का अवलोकन एवं उत्साहवर्धनः** मंत्री सारंग ने व खेलों के मुकाबलों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अनुशासन, समर्पण और खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेलो एमपी यूथ गेम्स युवाओं के लिए प्रतिभा प्रदर्शन का सशक्त मंच है। कोलार खेल स्टेडियम में गर्ल्स कबड्डी (रीवा बनाम जबलपुर) एवं बॉयज कबड्डी (बालाघाट बनाम नर्मदापुरम) के मुकाबले देखे गए। मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में मंडला बनाम धार तथा शाजापुर बनाम नरसिंहपुर के बीच हॉकी मुकाबलों का अवलोकन किया गया। तात्या टोपे खेल स्टेडियम में बॉक्सिंग, बास्केटबॉल एवं एथलेटिक्स स्पर्धाओं में खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखा गया।



कोलार के श्यामाप्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण के बाद मंत्री सारंग व अतिथि।

### प्रदेश के 9 संभागों में 28 खेलों की प्रतियोगिताएं जारी

खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के अंतर्गत प्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर, नर्मदापुरम, रीवा, सागर एवं शहडोल संभागों में 28 खेलों की प्रतियोगिताएँ एक साथ आयोजित की जा रही हैं। इनमें एथलेटिक्स, हॉकी, बॉक्सिंग, वॉलीबॉल, क्रिकेट, कबड्डी, कयाकिंग-कैनोइंग, शूटिंग, फेंसिंग, तैराकी, बास्केटबॉल, खो-खो, ताइक्वांडो, जूडो सहित अन्य खेल शामिल हैं।

### व्यवस्थाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश

मंत्री सारंग ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खिलाड़ियों की सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं आवागमन से संबंधित सभी व्यवस्थाएँ सर्वोच्च प्राथमिकता पर रहें तथा आयोजन के दौरान किसी भी स्तर पर असुविधा उत्पन्न न हो।



टीटी नगर स्टेडियम में एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

### कयाकिंग एवं कैनोइंग केः विजेता

■भोपाल के लोअर लेक में आयोजित कयाकिंग एवं कैनोइंग प्रतियोगिता की फाइनल स्पर्धाएं संपन्न हुईं।
■के1 बॉयज 1000 मीटर फाइनल
■स्वर्ण पदकः के. संतोष सिंह (भोपाल)
■रजत पदकः कोंजेंगबाम सिंह वांगथोई (उज्जैन)
■कांस्य पदकः प्रिंस भाटी (टीकमगढ़)

### सी1 बॉयज 1000 मीटर फाइनल

■स्वर्ण पदकः प्रिंस गोस्वामी (भोपाल)
■रजत पदकः नितेश (भिंड)
■कांस्य पदकः अभय तलियान (टीकमगढ़)

### कुश्ती प्रतियोगिताः इंदौर के पहलवानों का प्रभावी प्रदर्शन

■ प्रतियोगिता के पहले दिन इंदौर के पहलवानों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
■अनुष्का बौरासी (65 किग्रा)- स्वर्ण पदक
■लक्ष्मी जरिया (50 किग्रा)- स्वर्ण पदक
■पृथ्वी जोशी (77 किग्रा, ग्रीको-रोमन)- कांस्य पदक
■तुषांत जाधव (55 किग्रा, ग्रीको-रोमन) – कांस्य पदक
इंदौर जिले ने कुल 2 स्वर्ण एवं 2 कांस्य पदक अर्जित किए।

## भगवान बिरसा मुंडा को समर्पित सीपीएल सीजन-6 का भव्य आगाज़

# पहले दिन खेले गए 6 रोमांचक मुकाबले, खिलाड़ियों ने दिखाया अपना भरपूर दम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट केमिस्ट प्रीमियर लीग (सीपीएल) सीजन-6 का शुभारंभ उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ ने बताया कि पहले दिन ट्रॉफी अनकवरिंग सेरेमनी, राष्ट्रगान एवं वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी भोपाल जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति विशेष रूप से उपस्थित रहे। सीपीएल सीजन-6 के पहले दिन खिलाड़ियों का जोश, खेल भावना और प्रतिस्पर्धा दर्शकों के लिए रोमांचक रही। आने वाले दिनों में और भी रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद है।



### इस प्रकार हुए मुकाबले

***पहला मुकाबलाः फार्मा टाइगर्स ने लाइफ सेवर 11 को हराया***

*पहले बल्लेबाजी करते हुए फार्मा टाइगर्स ने 6 ओवर में 83 रन 4 विकेट के नुकसान पर बनाए। जवाब में लाइफ सेवर 11 की टीम 6 ओवर में 70 रन ही बना सकी और यह मुकाबला फार्मा टाइगर्स ने 13 रन से लाइफ सेवर को हरा दिया। मैन ऑफ द मैच 19 गेंदों पर 40 रन बनाने वाले धर्मेंद्र सिंह चौहान रहे।*

**दूसरा मुकाबलाःकेमिस्ट चैंपियन भोपाल ने टाइगर केमिस्ट क्रिकेट क्लब को हराया**

टाइगर केमिस्ट क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 6 ओवर में 65 रन 4 विकेट पर बनाए। जवाब में केमिस्ट चैंपियन भोपाल ने लक्ष्य को मात्र 3 ओवर में बिना विकेट खोए हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच 13 गेंदों पर 30 रन बनाने वाले दीनू पाल रहे।

**तीसरा मुकाबला :नीलबड़ केमिस्ट टाइगर्स ने फार्मा टाइगर्स बनाम को हराया**

फार्मा टाइगर्स की टीम 6 ओवर में 56 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में नीलबड़ केमिस्ट टाइगर्स ने 5.1 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। मैन ऑफ द मैच 2 ओवर में 14 रन देकर 4 विकेट लेने वाले जितेंद्र गौर रहे।

**चौथा मुकाबलाःलाइफ सेवर 11 ने सीएम सुपर किंग्स को हराया**

लाइफ सेवर 11 ने 6 ओवर में 77 रन 3 विकेट पर बनाए। जवाब में सीएम सुपर किंग्स की टीम 5 विकेट खोकर 66 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच 2 ओवर में 2 विकेट एवं 12 गेंदों पर 34 रन बनाने वाले जितेंद्र मीना रहे।

**7वां मैचः केमिस्ट चैंपियन ने विदिशा 11 को हराया**-केमिस्ट चैंपियन भोपाल ने 6 ओवर में 129 रन बिना विकेट खोए बनाए। जवाब में विदिशा बाउंसर्स 11 ने 4 विकेट खोकर 36 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच दीनू पाल रहे।

**छठवां मुकाबलाः नीलबड़ केमिस्ट टाइगर्स ने सीएम सुपर किंग्स को हराया**

सीएम सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 6 ओवर में 48 रन 6 विकेट के नुकसान पर बनाए। नीलबड़ केमिस्ट टाइगर्स ने 3.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच अक्षत रहे। उन्होंने 7 रन देकर 3 विकेट झटके।

### नर्मदापुरम की माही ठाकुर मध्यप्रदेश की सीनियर टीम में



**भोपाल।** आगामी 6 फरवरी से राजकोट में होने वाले बीसीसीआई टूर्नामेंट के लिए नर्मदापुरम डिवीजन की खिलाड़ी माही ठाकुर का मप्र की सीनियर टीम में चयन हो गया है। माही अटल बिहारी वाजपेई क्रिकेट अकादमी में राम पटोदिया से प्रशिक्षण लेती हैं। टीम की अन्य खिलाड़ियों में अनुष्का शर्मा, जिंसी जार्ज, तमन्न चौधरी, आयुषी शुक्ला, अनन्या दुबे, सौम्या तिवारी, संस्कृति गुप्ता, राहिला फिरदौस (कप्तान/ विकेटकीपर), सुहानी शर्मा, अनादि टगाडे, मुस्कान बिस्वास, प्रियंका कौशल, सुची उपाध्याय, धानी बुकाडे और इशाना स्वामी शामिल हैं।

### भोपाल लेपड्र्स के चयन ट्रायल 30 व 31 को डीपीएस मैदान पर

**भोपाल।** भोपाल लेपड्र्स आगामी सत्र 2025 - 26 के लिए अपना चयन ट्रायल एवं प्लेयर डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू करने जा रहा है। लेपड्र्स (पुरुष वर्ग) का यह क्रिकेट ट्रायल 30 और 31 जनवरी को एचएमजी मैदान डीपीएस स्कूल पर सुबह 9.30 बजे से होगा। भोपाल लेपड्र्स,मप्र प्रीमियर लीग (सिंधिया कप) की चैंपियन है, इस सत्र में भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने की राह पर चलेगा। इसी उद्देश्य से यह चयन ट्रायल आयोजित किया जा रहा है। खिलाड़ी की आयु 1 दिसंबर 2025 तक न्यूनतम 19 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए।

## बीएचईएल ऐबू कप नॉन स्टार टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता



### गोपाल एके बीएचईएल बॉयज टीम बनी विजेता और केसीसी-11

**भोपाल** । बीएचईएल ऐबू कप नॉन स्टार टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का बीते दिनों भव्य समापन कस्तूरबा चिकित्सालय ग्राउंड पर उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गोपाल एके बीएचईएल बॉयज एवं केसीसी-11 टीम के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोपाल एके बीएचईएल बॉयज टीम ने जीत दर्ज कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। विजेता टीम को 51,000 की प्रथम पुरस्कार राशि प्रदान की गई। वहीं केसीसी-11 टीम उपविजेता रही, जिसे 21,000 की द्वितीय पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आशु वर्मा को 'मैन ऑफ द सीरीज' घोषित किया गया, जिन्हें पुरस्कार स्वरूप एलईडी टीवी प्रदान की गई।

## थाईलैंड में 4 फरवरी तक एशिया लीजेंड्स कप

### भारतीय लीजेंड्स क्रिकेट टीम की कमान संभालेंगे भोपाल के जतिन

**भोपाल।** भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय-1, भोपाल में सहायक के रूप में कार्यरत जतिन सहाय सक्सेना का चयन भारतीय लीजेंड्स क्रिकेट टीम में हुआ है। जतिन न केवल टीम का हिस्सा होंगे, बल्कि वे थाईलैंड में आयोजित होने वाले आगामी 'एशिया लीजेंड्स कप' में भारतीय टीम का नेतृत्व (कप्तान) भी करेंगे। शानदार फॉर्म और पिछला प्रदर्शन जतिन का चयन उनके हालिया उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। हरिद्वार में बोर्ड ऑफ वेटेरन क्रिकेट इन इंडिया (बीवीसीआई) द्वारा आयोजित इंटर जोनल प्रतियोगिता में जतिन ने ईस्ट जोन का प्रतिनिधित्व किया था।



## हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी अंडर - 18 बॉयज इंटर डिवीज़न टूर्नामेंट



### भोपाल ने नर्मदापुरम डिवीजन को पारी और 69 रन से हराया

**भोपाल।** हीरालाल गायकवाड़ ट्रॉफी अंडर -18 बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट भोपाल के ओल्ड फ्रेंड्स क्रिकेट मैदान पर (चार दिवसीय) नर्मदापुरम और भोपाल डिवीजन के मध्य खेले जा रहे मैच में भोपाल ने स्कोर 1/53 रन से आगे खेलते हुए 96 ओवर में 377 रन बनाए, जिसमें नैतिक जैन नें 112 रन की पारी खेली। नर्मदापुरम से देव तोमर ने 5 और युवराज नें 3 विकेट लिए। इस तरह भोपाल डिवीज़न नें पहली पारी में 299 रनो की बढ़त ली। नर्मदापुरम ने दूसरी पारी में 93.4 ओवर में 230 रन पर ही ढेर हो गई। इस तरह भोपाल डिवीजन ने नर्मदा पुरम डिवीजन को पारी और 69 रन से हराकर 7 पॉइंट अर्जित किए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार नैतिक जैन को दिया गया।

## आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी हॉकी टूर्नामेंट

# आरएनटीयू और पंजाबी यूनिवर्सिटी का पहला लीग मुकाबला 1-1 से हुआ ड्रॉ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपइंडिया इंटर यूनिवर्सिटी हॉकी (महिला वर्ग) टूर्नामेंट 2025–26 में सहभागिता के लिए रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू), की महिला हॉकी टीम केआईआईटी यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर पहुंच चुकी है। बुधवार को पहले लीग मुकाबले में आरएनटीयू की टीम ने पंजाबी यूनिवर्सिटी, पंजाब के विरुद्ध रोमांचक मुकाबले में दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच को 1–1 की बराबरी पर समाप्त किया। आरएनटीयू की दीक्षा भार्गव ने शानदार गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। मुकाबला ड्रॉ रहने के कारण दोनों टीमों को 1–1 अंक प्रदान किया गया। आरएनटीयू का अगला लीग मुकाबला गुरुवार दोपहर 1 बजे भरथियार यूनिवर्सिटी, कोयम्बटूर के विरुद्ध खेला जाएगा।



### आरएनटीयू की टीम इस प्रकार है

महिला टीम में कप्तान योगिता वर्मा, उपकप्तान अश्रिता ठाकुर, गोलकीपर अंकिता कुशवाहा, गोलकीपर प्रतिमा सरोज, निशी यादव, दीक्षा भार्गव, खुशी कटारिया, पलक गुप्ता, लवदीप कौर गिल, भूमिक्षा साहू, सोनिया कुमरे, साक्षी जैन, करमनप्रीत कौर, हुडा खान, उषा कुमारी, आयुषी पटेल, सोनम राणा , मुनमुनि दास और स्टैंडबाई में शिखा, रूपाली सोलंकी, नेहा, दिशा बघेल अपनी मजबूत दावेदारी पेश करने को तैयार हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930